www.epaper.azadsipahi.in

06 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 287

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड से की बात, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई विस्तृत चर्चा

भारत सरकार | आज़ादी का अमृत महोत्सव | भारतीय रेल INDIAN RAILWAYS

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## झारखंड के 20 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास










## ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
## झारखंड के 20 स्टेशन ₹886.7 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

### झारखंड के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बरकाकाना जं. | डालटनगंज | घाटशिला | कतरासगढ़ | लातेहार | नगर उंटारी | राजखरसवां |
| बोकारो स्टील सिटी | गढ़वा रोड जं. | हटिया | कोडरमा जं. | मनोहरपुर | पारसनाथ | साहिबगंज |
| चन्द्रपुरा जं. | गढ़वा टाउन | हजारीबाग रोड | कुमार धुबी | नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमोह | पिस्का | |

परियोजना का शिलान्यास

# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

PR-476

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in

# दिन गुजरने के साथ अपना इमेज भी बदल रहे हैं हेमंत सोरेन

## झारखंडी हितों के साथ आदिवासी पहचान और आवाज के वाहक

**झारखंड की पांचवीं विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को समाप्त हुआ। सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जो कुछ कहा, उससे साफ हो गया कि वह एक अंतर्मुखी और गंभीर युवा राजनीतिज्ञ ही नहीं, संवेदनशील और आक्रामक प्रशासक भी हैं। इतना ही नहीं, हेमंत सोरेन ने अपने भाषण से साफ कर दिया कि वह झारखंडी हितों के हितैषी और झारखंड की दमदार आवाज भी हैं। पिछले साढ़े तीन साल में मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने जो फैसले लिये और जिन योजनाओं की शुरुआत की, उनसे भी यह बात साबित हो जाती है कि झारखंड के अलावा वह किसी दूसरे के बारे में ध्यान नहीं देते है। वैसे भी आजाद भारत के राजनीतिक इतिहास में ऐसा कम ही देखने को मिला है कि चुनाव में किये गये वादों को सत्ता मिलने के बाद पार्टियां धरातल पर उतारने के प्रति गंभीर दिखती हैं। इसलिए चुनाव में किये गये वादों को अक्सर हवा-हवाई या राजनीतिक पैंतरेबाजी कहा जाता है और लोग भी इस पर कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं देते। लेकिन हेमंत सोरेन ने कई बार साबित किया है कि वह इस राजनीतिक पैंतरेबाजी में भरोसा नहीं करते। वह चुनाव के दौरान किये गये वादों को जमीन पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। विधानसभा के हर सत्र में उनके भाषण में जो नयी आक्रामकता होती है, उसने झारखंड की सियासत में उनका कद ऊंचा उठा दिया है। इसलिए आज झारखंड की राजनीति उनके इर्द-गिर्द ही घूमती नजर आ रही है, यहां तक कि विपक्षी दलों की सियासत भी उनके खिलाफ बयानबाजी से आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। हेमंत सोरेन के इस नये आक्रामक रूप ने झामुमो की राजनीतिक लाइन को भी नयी दिशा दी है और पार्टी अब बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार दिखती है। हेमंत सोरेन में आये इस बदलाव का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**

आजाद सिपाही विशेष



अजय शर्मा

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार 4 अगस्त को समाप्त हो गया। इस दौरान विधायी कामकाज तो हुए, लेकिन सबसे अधिक चर्चा सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाषण की हो रही है, जिसने हर झारखंडी का ध्यान अपनी ओर खींचा। हेमंत सोरेन ने अपने भाषण के दौरान जहां झारखंडी हितों के लिए काम करने के अपने संकल्प को दोहराया, वहीं उन्होंने विपक्ष पर भी जम कर निशाना साधा। हेमंत सोरेन ने झारखंडी हितों के बारे में अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि यहां केवल झारखंडी को ही रोजगार और स्वरोजगार मिलेगा। राज्य सरकार विस्थापन आयोग, एससी और एसटी आयोग का भी गठन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजभवन द्वारा संदेश के साथ विधेयक विधानसभा नहीं भेजना षड्यंत्र का हिस्सा है। आदिवासियों को उनके जंगल से बेदखल करने का केंद्र सरकार का मंसूबा सफल नहीं होने देंगे। इसके बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कुछ नहीं है और वह मुद्दे को इंपोर्ट करते हैं। हेमंत को इस बात का इल्म है कि विपक्ष की भूमिका सदन में बड़ी होती है। अगर विपक्ष नहीं है, तो सरकार के कामकाज का आकलन नहीं होता है। इसलिए उन्होंने कहा कि विपक्ष उनके लिए भी अहम है, लेकिन वह मनमानी करता है। विपक्षियों ने विधि-व्यवस्था को लेकर सदन की विधि-व्यवस्था खराब कर दी। लेकिन बेवजह के हंगामे के बाद भी काम होता रहा। विपक्ष के पास विषय क्या है, जनता को क्या कहना है, राज्य को क्या संदेश देना है, इनके सवाल और जवाब क्या हैं, मैं कभी समझ नहीं पाया। इनके पास मुद्दा नहीं है। ये मुद्दा इंपोर्ट करते हैं। उसे कहीं से लेते हैं और फिर यहां लाते हैं। कभी नियोजन की बात करेंगे, कभी विधि-व्यवस्था की बात करेंगे, तो कभी भ्रष्टाचार की बात करेंगे। इनका कुछ समझ में नहीं आता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी राजनीतिक समूह से जुड़े हैं। हमारे समूह से कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी को राहत मिली है। इनके कुचक्रों से वह बचे हैं। गलत की हार हुई और सच की जीत हुई।

हेमंत सोरेन का यह आक्रामक रुख राजनीति के जानकारों को भी अचरज में डाल रहा है। तीन 'बी' (बैडमिंटन, बुक और बाइसाइकिल) को बेहद पसंद करनेवाले हेमंत के लिए अब राजनीति सबसे पहले है, लेकिन



बात जब झारखंड और आदिवासी की होती है, तो ये सभी चीजें भुला दी जाती हैं। उस समय वह सामान्य तौर पर अपने अंतर्मुखी व्यक्तित्व को एक सीधे-सपाट व्यक्ति में बदल देते हैं, जिससे साबित होता है कि राजनीति केवल उनका पारिवारिक मामला नहीं है, बल्कि उनके दिलो-दिमाग में सबसे ऊपर झारखंड और आदिवासी हैं।

कभी राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में चर्चित झारखंड में यह अब तक की सबसे लंबी चलनेवाली गैर भाजपा सरकार है। 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य बनने से लेकर अब तक राज्य में पांच बार सत्ता की कमान झामुमो यानी सोरेन परिवार के पास आयी। वर्ष 2005, 2008 और 2009 में शिबू सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने थे, जबकि 2013-14 में हेमंत सोरेन पहली बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। झामुमो की अगुवाई वाली ये चारों सरकारें अल्पजीवी रहीं। कोई सरकार महज कुछ रोज की मेहमान रही, कोई छह महीने तो कोई 14 महीने तक चली। 2019 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद झामुमो की अगुवाई में पांचवीं बार सरकार बनी और हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। उनके इस शासनकाल की सबसे बड़ी सफलता यह है कि महागठबंधन के भीतर उन्हें कभी चुनौती नहीं मिली। एक तरफ जहां पूरे देश में गैर भाजपा दलों की चल रही सरकारों में यह देखने-सुनने में आता रहता है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में है। वह चाहे राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार हो, या बिहार की नीतीश कुमार की सरकार, छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार हो या अभी-अभी कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार, सभी को अपने बीच से ही चुनौती मिलती रही है। राजस्थान में जहां अशोक गहलोत को सचिन पायलट से खतरा है, वहीं बिहार में नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव से, छत्तीसगढ़ में बघेल को अपनी ही पार्टी के नेता से खतरा है, तो कर्नाटक में सिद्धारमैया को डीके शिवकुमार से। इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाये, तो हेमंत सोरेन सबसे सफल नेता हैं, जिन्हें अपनों के बीच में कहीं से दूर-दूर भी खतरा नजर नहीं आता। वह निष्कंटक सरकार चला रहे हैं और उनके हर फैसले में महागठबंधन का पूरा-पूरा साथ मिल रहा है। यह सफल नेतृत्व का ही परिणाम है।

साढ़े तीन साल पहले राज्य की कमान संभालने वाले हेमंत सोरेन तमाम मुश्किलों और चुनौतियों के बीच भी सियासी पिच पर आक्रामक बैटिंग कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को अपने राजनीतिक जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। आदिवासियों-मूलवासियों के हक और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष के मूल से उपजी इस पार्टी को पहली बार कायदे से सत्ता का खाद-पानी हासिल हुआ। 2024 में होनेवाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों की दृष्टि से यह साल हेमंत के लिए बेहद अहम है। पार्टी की मौजूदा स्थिति के आधार पर भविष्य के लिए अच्छे प्रदर्शन की संभावनाएं जरूर दिख रही हैं, लेकिन यह भी सच है कि नेतृत्व की एक भी सियासी चूक उन्हें पीछे भी धकेल सकती है। हेमंत इस चुनौती से वाकिफ भी हैं और सतर्क भी। इसलिए पिछले साढ़े तीन साल के दौरान उन्होंने जो भी फैसले लिये हैं, वे सभी किसी न किसी तरह झारखंडी हितों को साधने में ही काम आये हैं। इस लिहाज से हेमंत सोरेन झारखंड की राजनीति का ताना-बाना अपने इर्द-गिर्द बुनने में पूरी तरह सफल रहे हैं।

हेमंत की सबसे बड़ी प्रशासनिक कामयाबी यही है कि उन्होंने तमाम अवरोधों और रुकावटों के बावजूद झारखंड के हितों के साथ कभी समझौता नहीं किया। सरना धर्मकोड से लेकर 1932 का खतियान, नियोजन नीति, आरक्षण और जल-जंगल-जमीन जैसे झारखंडी भावना से जुड़े मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा कर हेमंत ने खुद को आदिवासी हितों का सबसे बड़ा हितैषी साबित कर दिया है। इसके साथ ही अपने पिता और राजनीतिक गुरु शिबू सोरेन के मार्ग-निर्देशन में हेमंत का हर सियासी फैसला भी उन्हें नयी ऊंचाइयां देने में मददगार बन रहा है।

यही कारण है कि आज झारखंड की राजनीति में विपक्ष की भूमिका बयानों से आगे नहीं बढ़ पा रही है। विपक्षी दल चाह तो बहुत रहे हैं, लेकिन हेमंत की झारखंडी जमीन को हिलाने में वह अब तक सफल नहीं हो पाये हैं। शायद यही कारण है कि विधानसभा में हेमंत विपक्ष को मुद्दाविहीन करार देते हैं। अब अगले डेढ़ साल में यह देखना दिलचस्प होगा कि हेमंत अपने नये आक्रामक चेहरे से अपनी पार्टी को और खुद को भी कितनी दूर तक ले जाते हैं।

---

### मधुबन में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू

# बूथ से जीवंत संबंध विकसित करें कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि: बाबूलाल






आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मधुबन में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू हो गया। शनिवार को शुरू हुए प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन के उद्घाटन सत्र को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने 2024 के दोनों चुनावों के लिए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, राज्य की कमजोर सीटों पर कार्यकर्ताओं को और सक्रिय होने, मोदी के नौ सालों के समावेशी विकास पर ग्राम स्तर पर चौपाल के जरिये लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का आह्वान किया। सत्र की औपचारिक शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर

**17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक बाबूलाल मरांडी करेंगे संकल्प यात्रा**

**सिदो-कान्हू की जन्मस्थली से प्रारंभ होगी यात्रा, हर दिन दो विधानसभा में होगी जनसभा**

माल्यार्पण कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बूथ ही हमारी गतिविधियों का सक्रिय केंद्र बने। कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यवहार और परिश्रम से जनता का दिल जीतेंगे, और भाजपा को जीत दिला पायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार जनता को समाधान नहीं दे रही, बल्कि जनता को परेशान करनेवाले विधेयक लाकर परेशान करने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता को जगाने का आह्वान किया। बैठक में यह जानकारी दी गयी कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक 81 विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता को संबोधित करेंगे। बताया गया कि यह संकल्प यात्रा 17 अगस्त से सिदो कान्हू की जन्मभूमि से प्रारंभ होगी।

बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने विगत दिनों संपन्न कार्यक्रम, महा जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा की। उन्होंने आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश, विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को जन भागीदारी के साथ मनाने का आह्वान किया।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने कहा कि हेमंत सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, और महिला विरोधी सरकार है। यह सरकार राज्य को लूटने और लुटवाने में जुटी है। आकंठ भ्रष्टाचार से राज्य की जनता परेशान हो चुकी है। ऐसे में भाजपा लगातार जन मुद्दों पर सरकार को सदन से सड़क तक घेर रही है।

इस अवसर पर कोडरमा की सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, सुनील सिंह, अपर्णा सेन गुप्ता, जेपी पटेल, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, विधायक सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, किशुन दास, अनंत ओझा, अमित मंडल, नारायण दास, रणधीर सिंह, नीरा यादव, मनीष जायसवाल, राज सिन्हा, बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो, अमर बाउरी, समरी लाल सहित कई अन्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने किया।

---

# शिक्षकों के 26001 पदों पर बहाली के लिए 8 अगस्त से शुरू होगा आवेदन

**संस्कृत, उर्दू, उड़िया तथा बांग्ला भाषा में भी परीक्षा का मौका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का विज्ञापन निकाला है। इस विज्ञापन में तीन बदलाव किये गये हैं। पहला बदलाव भाषा पेपर को लेकर है। दूसरा बदलाव इसके नाम को लेकर है। वहीं तीसरा बदलाव आरक्षण को लेकर है। नाम में बदलाव के तहत इसे अब झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 कहा जायेगा।

### भाषा पेपर में हुआ बदलाव

इस विज्ञापन के लिए 8 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन लिया जायेगा। इस नियुक्ति प्रक्रिया में थोड़ा बदलाव किया गया है। यह बदलाव भाषा विषय के छात्रों के लिए किया गया है। जिसमें बताया गया है कि इस नियुक्ति प्रक्रिया में संस्कृत, उर्दू, उड़िया तथा बांग्ला भाषा के उम्मीदवारों को भी मौका मिलेगा। यह नियुक्ति 26,001 पदों के लिए हो रही है। अभ्यर्थी इस परीक्षा के पहले प्रश्नपत्र में मातृभाषा के रूप में पूर्व निर्धारित 11 भाषाओं के अतिरिक्त संस्कृत, उर्दू, उड़िया तथा बांग्ला भाषा में से एक का चयन कर सकते हैं।

### अब तक इन विषयों का था विकल्प

अब तक हिंदी, अंग्रेजी, संताली, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़ुख (उरांव), कुरमाली, खोरठा, नागपुरी तथा पंचपरगनिया में से किसी एक विषय को चुनने का विकल्प था। इस बदलाव के बाद संस्कृत, उर्दू, उड़िया तथा बांग्ला भाषा को भी मौका मिलेगा। यह बदलाव झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के कहने पर किया है। यह पेपर क्वालिफाइंग होगा, जिसमें 100 में 30 अंक लाना अनिवार्य होगा। इस पेपर के अंक मेरिट लिस्ट में नहीं जुटेंगे।

### नियुक्ति में खिलाड़ियों के मानक में बदलाव

इस नियुक्ति प्रक्रिया में खिलाड़ियों की योग्यता के मानक में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि खिलाड़ियों के आरक्षण में अब भारतीय ओलिंपिक संघ अथवा उससे संबद्ध फेडरेशनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल की जगह द्वितीय/तृतीय स्थान लाना अनिवार्य होगा। इसी तरह, झारखंड ओलिंपिक संघ अथवा उससे संबद्ध संघों द्वारा आयोजित आधिकारिक राज्य चैंपियनशिप में प्रथम स्थान लाने तथा राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करनेवाले खिलाड़ियों को भी आरक्षण का लाभ मिलेगा।

### महत्वपूर्ण तिथियां

- अधिसूचना जारी- 19 जुलाई 2023
- आवेदन प्रक्रिया शुरू- 8 अगस्त 2023
- आवेदन प्रक्रिया समाप्त- 7 सितंबर 2023
- आवेदन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि- 9 सितंबर 2023
- फोटो और हस्ताक्षर और प्रिंटआउट अपलोड करने की अंतिम तिथि- 11 सितंबर 2023
- आवेदन में सुधार - 13-15 सितंबर 2023

### रिक्तियों की संख्या

क्लास एक से पांच के लिए इंटर प्रशिक्षित पारा शिक्षकों के लिए 5469, गैर पारा के लिए 5531 पद हैं। कुल पदों की संख्या 11000 है। क्लास छह से आठ स्नातक प्रशिक्षित पारा शिक्षकों के लिए 2470 पद हैं। गैर पारा के लिए 2538 पद हैं। कुल पदों की संख्या 5008 है। क्लास छह से आठ, भाषा के स्नातक प्रशिक्षित पारा शिक्षकों के लिए 2463 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 2528 पद हैं। इस श्रेणी में कुल पद 4991 है। सामाजिक अध्ययन के स्नातक प्रशिक्षित क्लास छह से आठ के पारा शिक्षकों के 2467, गैर पारा के लिए 2535 पद हैं। कुल पदों की संख्या 5002 है। इस तरह इस विज्ञापन के जरिए पारा शिक्षकों के लिए 12869, गैर पारा शिक्षकों के लिए 13132 पद हैं। कुल पदों की संख्या 26001 है।

*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
06 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 287

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

22 दिन बाद चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचा चंद्रयान-3



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

- आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां
- पैनल चर्चा
- परिधान फैशन शो
- आदिवासी व्यंजन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कला, शिल्प एवं प्रदर्शनी
- राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर
- आदिवासी फिल्म महोत्सव
- ड्रोन तथा लेजर शो का भव्य आयोजन

समृद्ध **आदिवासी जीवन दर्शन** की झलकियां

9 एवं 10 अगस्त 2023

**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 304129 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.21 बजे |



## विरोध : दलादली चौक के पास शनिवार को लगनेवाली हटिया नहीं लगी

# सुभाष मुंडा के हत्यारों को सजा देने की मांग को लेकर दलादली चौक पर माकपा ने किया प्रदर्शन

**हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग, मुख्य साजिशकर्ता को पकड़े पुलिस**

स्वरूप भट्टाचार्य

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के खुलासे के बाद भी दलादली क्षेत्र में आम लोगों का आक्रोश जारी है। हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग पर शनिवार को माकपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सुभाष मुंडा चौक दलादली में प्रदर्शन किया। इस क्रम में जम कर नारेबाजी की। इससे पूर्व दिवंगत सुभाष मुंडा के गांव दलादली से एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो रिंग रोड होते हुए पूरे दलादली बाजार का भ्रमण कर दलादली चौक में आकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में सुभाष मुंडा के हत्यारों को फांसी दो, सुभाष मुंडा को लाल सलाम, सुभाष मुंडा अमर रहे, जो लाल झंडा से टकरायेगा- चूर चूर हो जायेगा आदि आक्रोशपूर्ण नारे लगाये जा रहे थे।

सर्वप्रथम सुभाष मुंडा की प्रतीमा के समक्ष स्थायी रूप से हसुआ हथौड़ा युक्त लाल झंडा को माकपा की राज्य कमिटी सदस्य सुरेश मुंडा ने फहराया और सुभाष मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुभाष मुंडा को लाल सलाम के गगनभेदी नारों से चौक गूंज उठा। इस अवसर पर





जुलूस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे माकपा नगड़ी लोकल कमिटी के सचिव मधुआ कच्छप की अध्यक्षता में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा ने कहा कि सुभाष मुंडा के हत्यारों का खुलासा किया गया है, लेकिन हमारी पार्टी इससे संतुष्ट नहीं है, क्योंकि अभी भी हत्या के मुख्य साजिशकर्ता का पर्दाफाश नहीं हुआ है। सुभाष मुंडा की हत्या, कारोबार के साथ-साथ राजनीतिक भी है। इसलिए मुख्य साजिशकर्ता का नाम सामने आने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे और इसके लिए सीपीआइएम का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दलादली चौक अपराधियों का अड्डा बन गया है। इसलिए हम लोगों ने यहां शनिवार को लगनेवाली हटिया को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। इसे हर हाल में लागू करेंगे। अपराधियों पर नियंत्रण के लिए दलादली में जल्द से जल्द पुलिस चौकी का निर्माण होना चाहिए। कार्यक्रम में सीपीआइएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान, अमित मुंडा, बुधराम उरांव, आशिष रंजन, समेउल्ला अंसारी, महेश मुंडा, बिरसू मुंडा, ललित मुंडा, छोटन देवी, लीली देवी, राजू भगत, महादेव उरांव, मंगरू मुंडा, महादेव मुंडा, उमेश मुंडा, सुरेश गोप, मनीष मुंडा, भीखन मुंडा, संजना मुंडा, समेश्वर तिर्की, कविता, किरण सहित बड़ी संख्या में कंधे पर लाल झंडा लिये महिलाएं और नौजवान मौजूद थे।

# भाजपा बच्चों का भविष्य अंधकारमय बनाना चाहती है : सुप्रियो भट्टाचार्य

**हम ऐसा कानून बनायेंगे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी पेपर लीक ही ना हो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हमारी सरकार ने कहा है कि हम ऐसा कानून बनायेंगे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी पेपर लीक ना हो, और उसी के मद्देनजर सरकार ने यह विधेयक लाया है। वहीं, भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच है कि बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाये, उनकी काली कमाई जारी रहे। श्री भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर हेमंत सरकार कानून लाना चाह रही है तो आपको तकलीफ क्यों हो रही है। वहीं, भाजपा के विधायक दल के नेता के चयन को लेकर भट्टाचार्य ने कहा कि दो-दो पंडित मिल कर भी भाजपा के लिए विधायक दल का नेता नहीं चुन सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा का शिष्टाचार है। उन्होंने कहा कि महामहिम से झामुमो की मांग है कि वे जितनी जल्दी हो, इसे कानून को रूप देने में आगे आयें।

### बाबूलाल ने गुजरात सरकार का किया विरोध

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सवाल पूछते हुए श्री भट्टाचार्य ने कहा कि गुजरात में भी इसी तरीके का कानून है। इस कानून को लेकर बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के साथ-साथ गुजरात सरकार का भी विरोध किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि उत्तराखंड में भी ऐसा ही कानून है और राजस्थान में यह विधेयक पास भी हो चुका है। बाबूलाल मरांडी से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात, उत्तराखंड और राजस्थान के कानून को आप क्या कहेंगे।

## पीएम का चेहरा गठबंधन तय करेगा

# बिहार और झारखंड की 54 सीटों पर होगी आइएनडीआइए की जीत : अशोक चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने शनिवार को रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में प्रेस कांफ्रेंस कर बिहार-झारखंड की 54 सीटों पर (आइएनडीआइए) महागठबंधन की जीत का दावा किया है। अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार की 40 और झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। आइएनडीआइए की दावेदारी 54 सीटों पर जीत की है। वहीं राहुल गांधी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गठबंधन तय करेगा कि कौन पीएम का उम्मीदवार होगा। वहीं राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कराने और पुनः सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सदस्यता बहाल किये जाने के विषय पर अशोक ने कहा कि भाजपा के लोग लोकतंत्र को अपने हिसाब से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। अपने हित को साधने के लिए 48 घंटे में बीजेपी के लोगों ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवायी थी।



### स्थानीय नीति को लेकर जदयू का प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से मिलेगा

1932 आधारित स्थानीय नीति-नियोजन नीति के विषय पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से मिल कर अपनी बातों को रखेगा। वहीं चुनाव के वक्त स्थानीय नीति को लेकर संगठन की जो राय बनेगी, उसको चुनावी घोषणा पत्र में भी रखेंगे।

प्रेस वार्ता में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह और मनोज यादव भी उपस्थित थे। श्री चौधरी ने कहा कि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने राज्यभर का दौरा किया है और इस दौरे के क्रम में जिलाध्यक्ष और अन्य नेताओं को चिह्नित किया गया है, जिसकी घोषणा रविवार को की जायेगी। वहीं दुर्गा पूजा के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन झारखंड के पांचों प्रमंडल का दौरा करेंगे। नवंबर महीने में बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार का रांची में कार्यक्रम रखा जायेगा।

### धर्म के नाम पर की जा रही हिंसा

वहीं बीते दो महीने से मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि जब तक राज्य सरकार की इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मणिपुर की घटना में हस्तक्षेप करते हुए राष्ट्रपति शासन लगा कर हिंसा को रोकना चाहिए। हरियाणा के नूंह की घटना पर कहा कि धर्म के नाम पर देश को विभाजित कर हिंसा की जा रही है। इस मौके पर आफताब जमील, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, आशा शर्मा, निर्मल सिंह, रत्ना शर्मा, जेपी सिंह, बैद्यनाथ पासवान, डॉ विनय भरत, दीप नारायण सिंह, राजीव रंजन सिंह, चंद्रमोहन पटेल, पार्वती किसकू, कौशलेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, अजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# जनजातीय युवतियों से विवाह कर मुस्लिमों का आरक्षण लाभ लेना असंवैधानिक: विहिप

**बजरंग दल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में बोले मिलिंद परांडे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की युवा शाखा बजरंग दल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक रांची के हरमू दिगंबर जैन भवन में शनिवार को शुरू हुई। बैठक का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव सहित देश के सभी प्रदेशों से आये हुए बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने गो-पूजन कर किया।

मिलिंद परांडे ने कहा कि जनजातीय युवतियों से मुस्लिम विवाह कर उन्हें जनजातीय कोटे में राजनीतिक क्षेत्र में बैठा रहे हैं। उनके नाम पर भूमि खरीद रहे हैं। आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, जो असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि




हरियाणा की मेवात में हिंदू धर्मयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर आधुनिक हथियार से गोली चलाना, पेट्रोल बम फेंकना, महिलाओं के साथ क्रूरतम अत्याचार करना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय के अनुकूल वातावरण बनना ही जिहादियों के मन में उबाल का कारण है। आज उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और बांग्लादेश के सीमा क्षेत्र घुसपैठ का बड़ा केंद्र बन गया है। घुसपैठ वाले क्षेत्रों में हमेशा जिहादी हिंसा बढ़ती जा रही है। आज हिंदू समाज को सचेत रहने की आवश्यकता है। समाज में आज साम्यवादी विचारधारा के लोगों की ओर से युवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, जैन, बौद्ध समाज को लक्षित करते हुए अनेक प्रकार की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अवधारणाओं पर नकारात्मक विमर्श खड़ा कर वैचारिक संघर्ष चला रहे हैं। इससे समाज भ्रमित हो रहा है, हमें इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बजरंग दल के गठन का 40 वर्ष पूरा हो रहा है। बजरंग दल ने स्थापना के काल से अब तक समाज रक्षक के रूप में कार्य किया है। हिंदू कन्या रक्षा, गोरक्षा, परावर्तन, मठ मंदिर रक्षा सहित कई कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण, गौ-तस्करी, घुसपैठ, धार्मिक यात्रा पर हमला इत्यादि हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें संगठन विस्तार करना होगा।

बैठक में केंद्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडेय, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संयोजक जन्मेजय कुमार, रांची के समाजसेवी प्रिंस अजमानी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निलंबित आइएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को इडी के कोर्ट में सुनवाई हुई।

विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि छवि रंजन मामले में निर्दोष हैं। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बनता है। इसका सरकारी वकील शिव कुमार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि छवि रंजन फर्जीवाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े केस में इडी कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसमें रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जेवाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के नाम शामिल हैं।

# नवजात के माता-पिता को कॉल कर ठगने वाले सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर करते थे ठगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर सात साइबर अपराधियों को दबोचा है। वहीं सात मोबाइल फोन के साथ दस सिम कार्ड और कई अन्य सामान भी बरामद किये गये हैं। पुलिस को मिली सफलता के बाद शनिवार को प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी इतने शातिर तरीके से अपराध किया करते थे कि इनके खिलाफ सबूत जुटाने में पुलिस को काफी प्रयास करना




पड़ा। क्योंकि सारे अपराधी आंगनबाड़ी की सेविका को काल कर नवजात शिशुओं के डीटेल उनके माता-पिता के नंबर मांग लेते थे और उसके बाद सारे अपराधी नवजात के माता-पिता को कॉल कर सरकार से योजना के जरिए पैसे मिलने का प्रलोभन देकर लिंक भेजा करते थे। इसी लिंक से उनके बैंक खाते को खाली कर दिया करते थे।

एसपी ने बताया कि इसके लिए सारे अपराधी एक खास ऐप का इस्तेमाल करते थे और घटना को अंजाम देते थे। जिन सात अपराधियों को दबोचा गया है, उसमें मुफस्सिल थाना इलाके के महेशपुर गांव निवासी श्रवण राय, संतोष राय, टिंकू राय और बेंगाबाद थाना इलाके के अलग-अलग गांव के अपराधी शामिल हैं।

# साहिबगंज में सातवीं की छात्रा के साथ गैंगरेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहेबगंज।** साहेबगंज में मानवता को शर्मसार करनेवाली घटना सामने आयी है। यहां एक नाबालिग के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। घटना के एक सप्ताह के बाद मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने बोरियो थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस कार्रवाई में जुट गयी है। पूरा मामला बोरियो थाना क्षेत्र के एक गांव है। यहां 7वीं कक्षा की छात्रा हैवानियत की शिकार हुई है। लड़की की मां ने दूसरी शादी की है। बच्ची पिता के साथ रहती है। पिता बेटी को पड़ोस में एक परिचित के घर पहुंचा कर खेत में पंपिंग सेट चलाने गये थे। दूसरे दिन शाम में लौटे, तो बेटी को लेकर घर आये, लेकिन बेटी का

**नाबालिग बेटी की सुरक्षा के लिए पिता रिश्तेदार के घर छोड़ा, वहीं हो गया मासूम के साथ गैंगरेप**

स्वभाव बदला-बदला सा था।

पिता ने पूछताछ की, तो बच्ची संकोच से बता नहीं पा रही थी। लेकिन उसके शरीर पर कई जख्म थे। इसके बाद पिता ने अपनी बहन को घर पर बुलाया और बच्ची से पूरी बात पूछने को कहा। बच्ची ने अपनी बुआ को पूरी बात बतायी। बच्ची ने बताया कि जब वह रिश्तेदार के घर पर थी, रात में सोने के दौरान बाइक से तीन लोग घर आये थे। तीनों ने उसके कमरे में दाखिल होकर उसके मुंह पर कपड़ा बांधकर दुष्कर्म किया। लड़की ने विरोध किया, तो उसका मुंह और हाथ-पैर दबा दिया गया था। लड़की अभी भी सदमे में है।

www.epaper.azadsipahi.in

06 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 287

इमरान को तोशाखाना केस में 3 साल जेल, लाहौर से गिरफ्तार






# मदन दास देवी, जिनका उद्देश्य ही भारत के विकास के लिए काम करना था



**नरेंद्र मोदी**

**देश** ने हाल ही में मदन दास देवी जी जैसी महान विभूति को खोया है। उनके जाने से मेरे साथ ही लाखों कार्यकर्ताओं को जो गहरा दुख हुआ, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। आज मन को समझाना मुश्किल है कि मदन दास जी हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन मदन दास जी जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्व के विचार और मूल्य सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे, हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे मदन दास जी के साथ वर्षों तक करीब से काम करने का अवसर मिला। मैंने उनकी सादगी और मृदुभाषी स्वभाव को भी बहुत नजदीक से जाना। उनका जीवन बहुत सहज था। न तो उन पर सादगी का बोझ था और ना दिखावे का नामोनिशान। वे पूरी तरह से संगठन को समर्पित व्यक्ति थे और मेरे पास भी लंबे समय तक संगठन के कार्यों का दायित्व रहा है। इसलिए अधिकतर समय हमारे बीच की बातचीत संगठन का विस्तार, व्यक्ति निर्माण जैसे पहलुओं पर केंद्रित रहती थी। एक बार मैंने उनसे पूछा कि वे मूल रूप से कहां के रहने वाले हैं। उन्होंने मुझे बताया कि वे तो महाराष्ट्र के सोलापुर के पास के एक गांव से आते हैं, लेकिन उनके पूर्वज गुजरात के थे। वैसे ये उन्हें पता नहीं था कि गुजरात में कहां से थे। मैंने उन्हें बताया कि देवी उपनाम से मेरे एक शिक्षक थे, जो विसनगर के रहने वाले थे, इसलिए हो सकता है कि आप भी उधर के ही हों। बाद में मदन दास जी विसनगर गये और मेरे गांव वडनगर भी गये। वो मुझसे अधिकतर समय गुजराती में ही बातचीत करते थे।

मदन दास जी धैर्यपूर्वक कार्यकर्ताओं की बातों को सुना करते थे और घंटों तक चली चर्चा को वो बहुत कम वाक्यों में संक्षेप में समेट लेते थे। उनकी एक विशेषता थी कि वे शब्दों से परे जाकर कार्यकर्ता की भावनाओं को बहुत जल्दी समझ लेते थे।



मदन दास जी की जीवन यात्रा दर्शाती है कि कैसे स्वयं को पीछे रख कर और सामान्य कार्यकर्ताओं को जोड़ कर बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उनके पास चार्टर्ड एकाउंटेंट की ट्रेनिंग थी, इसलिए वे चाहते तो आरामदायक जीवन जी सकते थे, लेकिन उनके जीवन का उद्देश्य कुछ और ही था। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण को ही अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

भारत के युवाओं पर मदन दास जी को अटूट भरोसा था। वे देशभर के युवाओं को आपस में जोड़ने की क्षमता रखते थे। उन्होंने अपने जीवन का लंबा कार्यकाल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया। मदन दास जी अपनी इस यात्रा में यशवंत राव केलकर जी से प्रभावित रहे, जिनके बारे में वे अक्सर बातें किया करते थे। यशवंत राव जी के कामों को उन्होंने न केवल आगे बढ़ाया, बल्कि उसे और समृद्ध किया।

मदन दास जी का हमेशा जोर रहता था कि एबीवीपी के कामों में अधिक से अधिक छात्राओं की भागीदारी हो, और न सिर्फ ये भागीदारी तक सीमित रहे, बल्कि छात्राएं गतिविधियों का नेतृत्व करें। वे अक्सर कहते थे कि जब छात्राएं किसी सामूहिक गतिविधि में शामिल होती हैं, तो वह प्रयास और ज्यादा संवेदनशील बन जाता है। विद्यार्थियों से मदन दास जी का गहरा लगाव था और वो अक्सर छात्रावासों में विद्यार्थियों के बीच घुलमिल जाते थे। आयु में फर्क होने के बावजूद वो नयी पीढ़ी के साथ बहुत सहजता से तालमेल बिठा लेते थे। वे विद्यार्थियों के बीच हमेशा ऐसे काम करते रहे, जैसे पानी के बीच कमल। विद्यार्थियों के बीच रह कर भी वे कभी यूनिवर्सिटी पॉलिटिक्स का हिस्सा नहीं बने।

सामाजिक और राजनीतिक जीवन में कई ऐसे लोग हैं, जिनके जीवन को गढ़ने में मदन दास जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। लेकिन मदन दास जी ने कभी इस बात को प्रकट नहीं किया, क्योंकि यह उनके स्वभाव में ही नहीं था।

आजकल पीपुल मैनेजमेंट, टैलेंट मैनेजमेंट और स्किल मैनेजमेंट के कंसेप्ट बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। मदन दास जी यह बखूबी समझ लेते थे कि किस व्यक्ति में किस तरह की स्किल है और उसका टैलेंट संगठन के हित में कैसे काम आ सकता है। उनमें यह खासियत थी कि वे लोगों को उनकी क्षमताओं और टैलेंट के अनुरूप ही दायित्व सौंपते थे। जिस प्रकार एक माला में मोतियों को पिरोते हैं, उसी प्रकार वे कार्यकर्ताओं को भी संगठन में उचित दायित्व के साथ जोड़ देते थे। जब भी किसी कार्यकर्ता के पास कोई नया आइडिया होता था, तो उसकी हमेशा ये इच्छा रहती थी कि वो मदन दास जी के साथ शेयर करे। और इसकी एक वजह ये थी कि मदन दास जी नये आइडियाज को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके साथ काम करने वाले लोग सेल्फ मोटिवेटेड होते थे, इस कारण से उनके नेतृत्व में न सिर्फ संगठनों का बहुत तेजी से विकास और विस्तार हुआ, बल्कि संगठन कहीं अधिक प्रभावी और सशक्त बने।

(शेष पेज 5 पर)

## न्यूज रील्स

### इमरान को तोशाखाना केस में तीन साल जेल

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में गिरफ्तार कर लिया गया है। लाहौर पुलिस ने पीटीआइ चेयरमैन को उनके जमान पार्क स्थित घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद लाया गया। इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें तीन साल की सजा सुनायी है। साथ ही अगले पांच साल तक वह चुनाव नहीं लड़ पायेंगे।

### मणिपुर में तीन की मौत के बाद इंफाल में तनाव

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों और मैतेई समुदाय के बीच पिछले 24 घंटे से झड़प जारी है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गयी। ये हिंसक झड़प टेराखोंगसांगबी कांगवे और थोरबुंग में हुई है। यह इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर है, जो बफर जोन कहलाता है। हमलावर बफर जोन क्रॉस करने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने जब रोका, तो इनके बीच झड़प हो गयी। इस दौरान फायरिंग भी की गयी।

### पबजी एडिक्ट ने मां बाप को मार डाला

झांसी। झांसी में पबजी एडिक्ट 26 साल के बेटे ने तवा मार कर मां-बाप की हत्या कर दी। इसके बाद वह नहाया। कपड़े बदले और कमरे में जाकर आराम से बैठ गया। हत्या की सूचना पर जब पुलिस पहुंची, तो आरोपी बेटा चारपाई पर बैठा मिला। आरोपी का नाम अंकित है। बहन नीलम ने बताया कि भाई पबजी का एडिक्ट था। पिता उसको गेम नहीं खेलने देते थे। इसको लेकर अक्सर लड़ता था। शक है कि इसी विवाद में उसने हत्या कर दी।

### भाजपा सांसद रामशंकर को दो साल की सजा

आगरा। इटावा से भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को एमपीएमएलए कोर्ट ने शनिवार को दो साल के कारावास और 50 हजार जुर्माने की सजा सुनायी। उन्हें बिजली सप्लाई करनेवाली कंपनी के टोरंट अधिकारी से मारपीट और बलवा करने का दोषी करार दिया गया। कठेरिया केंद्रीय राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। घटना के समय वह आगरा के सांसद थे। दो साल की सजा होने के बाद रामशंकर कठेरिया की संसद की सदस्यता जा सकती है। मामला 16 नवंबर, 2011 का है।

### आइएनडीआइए की बैठक 31 को मुंबई में

नयी दिल्ली। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस नाम से बने नये विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक 31 अगस्त-1 सितंबर के बीच मुंबई में होगी। इस बैठक की मेजबानी शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) मिल कर कर सकते हैं। नया गठबंधन बनने के बाद यह पहला मौका है, जब सभी 26 विपक्षी दल किसी ऐसे राज्य में बैठक करेंगे, जहां उनका कोई सदस्य सत्ता में नहीं है।

## ज्ञानवापी सर्वे : हिंदू पक्ष ने किया दावा

# तहखाने से मिले मूर्तियों के अवशेष

- एएसआइ ने दूसरे दिन सर्वे रखा जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने शनिवार को ज्ञानवापी के दूसरे दिन सर्वे जारी रखा। शनिवार को हुए सर्वे में मुस्लिम पक्ष ने पूरी तरह से सहयोग किया। इसमें उनके पक्ष के लोग भी शामिल हुए। एएसआइ गहराई से अध्ययन करते हुए बारीकी से सर्वेक्षण कर रही है। सर्वे की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की गयी। इस बीच हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि तहखाने से मूर्तियों के अवशेष मिले हैं।



ज्ञानवापी परिसर से बाहर निकलते एएसआइ टीम के सदस्य।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने शनिवार को सुबह 8 बजे से सर्वे शुरू किया। यह सर्वे शाम पांच बजे तक चला। इस दौरान मुस्लिम पक्ष भी कार्रवाई में शामिल रहा। विश्वनाश मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। वादिनी चार महिलाओं के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि नंदी के सामने जो व्यास जी का तहखाना है, वहां से मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। हिंदू पक्ष की पैरोकार सीता साहू ने कहा है कि एक मूर्ति मिली है। माप लिया गया है। घास साफ करके मूर्ति निकाली गयी है। एएसआइ की टीम अपना काम कर रही है।

हिंदू पक्ष की वादिनी राखी सिंह के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि मुस्लिम पक्ष पूरा सहयोग कर रहा है। मस्जिद का ताला खुलने के बाद पूरे परिसर का एएसआइ की टीम बारीकी से निरीक्षण कर रही है।

# 22 दिन बाद चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचा चंद्रयान-3

**आजाद सपाही संवाददाता**

बेंगलुरु । चंद्रयान-3 ने 22 दिन के सफर के बाद शनिवार शाम करीब 7:15 बजे चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। 14 जुलाई को ये पृथ्वी से लॉन्च हुआ था। यान चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके इसके लिए यान की स्पीड कम की गयी। स्पीड कम करने के लिए इसरो वैज्ञानिकों ने यान के थ्रस्टर कुछ देर के लिए फायर किये। इसरो ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। इसरो ने एक्स पोस्ट में लिखा क मैं चंद्र गुरुत्वाकर्षण महसूस कर रहा हूं।




चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है। अब 6 अगस्त 2023 को रात करीब 11 बजे चंद्रयान की ऑर्बिट को कम किया जायेगा। लैंडिंग से पहले चंद्रयान अब 4 बार अपनी ऑर्बिट बदलेगा। गौरतलब है कि 1 अगस्त को रात करीब 12 बजे चंद्रयान-3 को पृथ्वी की ऑर्बिट से चांद की तरफ भेजा गया था। ये 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंड करेगा।

# नूंह हिंसा में आया पाकिस्तानी कनेक्शन

- इस्लामाबाद-लाहौर में बैठ कर भड़काऊ पोस्ट कर रहा था यूजर, खुद को राजस्थान का बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नूंह।** हरियाणा की नूंह हिंसा में अब पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। हरियाणा पुलिस की जांच में पाकिस्तानी यू-ट्यूबर जीशान मुश्ताक के बारे में पता चला है। उसने भड़काऊ वीडियो पोस्ट किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यू-ट्यूबर ने अहसान मेवाती पाकिस्तानी के नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बना रखा था। यूजर ने अपनी लोकेशन राजस्थान के अलवर बतायी थी, हालांकि हकीकत में वह पाकिस्तान के इस्लामाबाद और लाहौर से वीडियो पोस्ट कर रहा था। जीशान ने पाकिस्तान एजुकेशन एंड रिसर्च नेटवर्क (पीइआरएन) के जरिये वीडियो अपलोड किये। इस सेंट्रलाइज्ड नेटवर्क से पाकिस्तान के एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को इंटरनेट दिया जाता है। यह पाकिस्तान सरकार का ही हिस्सा है।

जानकारी के मुताबिक जीशान ने मोनू मानेसर को मारने और नूंह में हिंसा के लिए उकसाया था। जिस दिन हिंसा जारी थी, उसी दिन आगजनी-तोड़फोड़ के फुटेज भी जारी कर रहा था। पुलिस को शक है कि जीशान का नूंह में मजबूत नेटवर्क है। पुलिस ने अब तक की जांच के आधार पर केस दर्ज करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस कई ऐसे सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच कर रही है, जो हाल ही में बनाये गये हैं। इनसे लगातार भड़काऊ पोस्ट और वीडियो अपलोड किये गये हैं। इनमें से एक अहसान मेवाती का प्रोफाइल वायरल है। अब तक की जांच में पता चला है कि यह जीशान का प्रोफाइल है। वह खुद को अलवर का बताता है।

# धनबाद में एडीजे नवीन सिंह की मां से दिनदहाड़े चेन छिनतई

- पूजा करने गयीं थी मंदिर, घर लौटते समय हुई घटना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित नीलांचल कॉलोनी में बाइक सवार अपराधियों ने एडीजी नवीन सिंह की मां से दिनदहाड़े चेन छिनतई की। घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गये। जानकारी के अनुसार, एडीजी नवीन सिंह की मां विमला देवी शनिवार सुबह करीब 10 बजे निलांचल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पूजा करने गयी थीं। वापस लौटने के क्रम में पहले से घात लगाये बाइक सवार अपराधियों ने उनके घर से ठीक पहले पीछे से आकर गले की चेन छीनी और वहां से भाग गये।

विमला देवी के अनुसार, दो बाइक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई की। इधर घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला थाना प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ एडीजी के घर पहुंचे। उन्होंने एडीजी नवीन सिंह की मां विमला देवी से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ में जुटी है। गौरतलब है कि नवीन सिंह वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वह एनटीआरओ में सीनियर एनालिस्ट के पद पर पदस्थापित हैं।



# बस नदी में पलटी, 3 की मौत और 25 जख्मी

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर बस हादसे पर दुख जताया**

**बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह और अन्नपूर्णा देवी ने जताया दुःख**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में शनिवार को बड़ा हादसा हुआ है। यात्रियों से भरी बाबा सम्राट बस नदी में गिर गयी है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। इसमें 25 यात्री घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग पर स्थित बराकर नदी में यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गयी है। सूचना मिलते ही एसपी दीपक शर्मा, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गये।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा है कि उन्हें बस हादसे का दुखद समाचार मिला। जिला प्रशासन, झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं। उधर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस दुर्घटना को लेकर ट्वीट कर बताया है कि राहत-बचाव कार्य जारी है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया है कि इस रेस्क्यू में कोई कोताही न बरती जाये और उन्होंने सुरक्षित होने की कामना की है।

**बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे :** घटना की सूचना मिलने ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह से बात की एवं घायलों के समुचित इलाज सुनिश्चित कराने को कहा। घटना के बाद पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता घायलों की सेवा में तत्पर हो गये। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। उधर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा कई अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। यात्री बस के बराकर नदी में पलट जाने के बाद अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के पीछे की वजह गाड़ी की तेज रफ्तार थी।

**बोलबम से लौट रहे श्रद्धालुओं और स्थानीय राहगीरों ने की मदद :** शनिवार रात हुई दुर्घटना के बाद बाबा धाम से लौट रहे लोगों एवं बराकर व आसपास के लोगों की मदद से कई लोगों की जान बचायी गयी। जैसे दुर्घटना घटी बोलबम से लौट रहे दर्जनों श्रद्धालु नदी पहुंच कर घायलों को निकाल कर अस्पताल भिजवाया।

# झारखंड के सभी विश्वविद्यालय हर महीने राजभवन को देंगे खर्च का हिसाब

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन बनाने के लिए अब राजभवन ने प्रत्येक माह के खर्च का हिसाब मांगा है। संभवतः यह पहली बार हो रहा है, जब विश्वविद्यालय के वित्तीय मामले को लेकर राजभवन ने रिपोर्ट मांगी है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के निर्देश पर उनके प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेज दिया है।

इस पत्र में उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय में किये जा रहे खर्च का मासिक प्रतिवेदन राजभवन को प्रत्येक माह की पांच तारीख तक अवश्य उपलब्ध करायें। इसके अलावा सभी विश्वविद्यालय से शिक्षकों की प्रोन्नति वर्षों से लंबित रहने का कारण पूछा गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव ने सभी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से पूछा है कि विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों से एसोसिएट प्रोफेसर, रीडर तथा प्रोफेसर के पदों पर प्रोन्नति के कई मामले वर्षों से लंबित हैं। इसको लेकर सवाल किया गया है कि प्रोन्नति लंबित रहने के स्पष्ट कारण बताये जायें।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी के अनुसार उन्हें पिछले दिनों विश्वविद्यालय में कुछ चीजों में अत्यधिक व्यय किये जाने के संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। इसके बाद उसकी समीक्षा की गयी, जिसमें इसकी पुष्टि भी हुई है। इसलिए अब विश्वविद्यालय ने हर माह क्या खर्च किया है, इसकी विस्तृत जानकारी देनी पड़ेगी।

प्रधान सचिव ने इसके लिए प्रत्येक माह की पांच तारीख निश्चित की है। अब हर महीने का जो भी खर्च रहा है, उसकी पूरी जानकारी अगले महीने की पांच तारीख को देनी पड़ेगी।

# झारखंड आदिवासी महोत्सव में मिलेंगे पारंपरिक आभूषण, पलाश ब्रांड के उत्पाद की भी होगी बिक्री

- पलाश ब्रांड के उत्पाद का भी लगाया जायेगा स्टॉल
- दीदी कैफे में उठा सकते हैं आदिवासी व्यंजनों का लुत्फ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों और पलाश ब्रांड के उत्पादों के भी स्टॉल लगाये जायेंगे। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सखी मंडल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों (पलाश ब्रांड एवं आदिवा ब्रांड) की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। पलाश ब्रांड के तहत राज्य भर की ग्रामीण महिलाएं खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अपनी आजीविका सुनिश्चित करती हैं।

आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों का मूल्यवर्धन कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि आदिवासी पारंपरिक कला एवं संस्कृति लोगों तक पहुंच सके। आदिवासी महोत्सव में लोक पारंपरिक आदिवासी आभूषणों को देख और खरीद पायेंगे।

पलाश के स्टॉल में 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जैसे-शुद्ध शहद, कोल्ड-प्रेस्ड सरसों का तेल, काला गेहूं का आटा, हल्दी, मिर्च पाउडर, रागी का आटा, रसायन-मुक्त साबुन, कुकीज, आदि।

महोत्सव में 'आजीविका दीदी कैफे' का भी स्टॉल लगया जायेगा। जिसमें लोग झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों जैसे राइस डंबु, मडुवा डंबू, धुस्का घुघनी, मडुआ पकौड़ा, माढ़ जोर, दाल पीठा आदि का लुत्फ उठा सकेंगे।

## महोत्सव स्थल का डीसी और एसएसपी ने लिया जायजा

**रांची।** नौ अगस्त को आयोजित होनेवाले झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों का शनिवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने जायजा लिया। उन्होंने जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान संग्रहालय में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सेमिनार, पेंटिंग, एग्जिबिशन, लेजर शो की चल रही तैयारियों को बारीकी से देखा और पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान वीवीआइपी और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसे लेकर उपायुक्त ने इवेंट मैनेजमेंट टीम और संबंधित अधिकारियों को समय पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम स्थल में वीआइपी पार्किंग और आसपास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसे लेकर उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने जिला परिवहन पदाधिकारी और यातायात पुलिस अधीक्षक को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एसपी सिटी एस जैन, अपर समाहर्ता राजेश बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी और अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रांची में शुरू हुआ शैल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

## अब झारखंड के लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं : डॉ भरत शाह

## हम झारखंड के लोगों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे : डॉ देवनीस खेस

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और दूसरी बीमारियों के इलाज में सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की सूची में शामिल शैल्बी ग्रुप की सेवाएं अब रांची में भी मिलेंगी। रांची के सिरोमटोली में स्थित शैल्वी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शनिवार को औपचारिक उद्घाटन हुआ। इसके साथ ही विश्वप्रसिद्ध शैल्बी ग्रुप ने पूर्वी भारत में अपना कदम रखा है। अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शैल्वी ग्रुप के सीएमडी और प्रख्यात ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ विक्रम शाह ने कहा कि अब झारखंड और पूर्वी भारत के लोगों को इलाज के लिए अहमदाबाद जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने रांची के लोगों को आश्वस्त किया कि शैल्बी ग्रुप की सेवाएं अब रांची में ही उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में शैल्बी हॉस्पिटल्स के ग्लोबल ओपीडी डायरेक्टर डॉ भरत गज्जर ने कहा कि इस अस्पताल में आकर मरीजों को महसूस नहीं होगा कि वे रांची में हैं। शैल्बी ग्रुप के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ श्रीरंग देवधर ने कहा कि वह महीने में दो बार रांची आकर मरीजों का इलाज करेंगे।

शैल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ देवनीस खेस ने कहा कि यह अस्पताल झारखंड के लोगों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायेगा। उद्घाटन समारोह में शैल्बी ग्रुप के चीफ बिजनेस ऑफिसर पराग अग्रवाल, शैल्बी डिवाइन हॉस्पिटल से संबद्ध सभी डॉक्टर, पारा मेडिकल कर्मी, सीइओ पीयूष कुमार और रांची के अनेक जाने-माने चिकित्सक उपस्थित थे।

# ओशोधारा केंद्र रांची में तीन दिवसीय सत्संग और आनंद प्रज्ञा शिविर का आयोजन करेगा

**11 अगस्त से कन्वेंशन सेंटर, दरभंगा हाउस में समर्थ गुरु सिद्धार्थ ओलिया आनंदित जीवन के रहस्य बतायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ओशोधारा केंद्र, रांची तथा सेंट्रल कोलफील्ड्स रांची द्वारा तीन दिवसीय सत्संग और आनंद प्रज्ञा शिविर का आयोजन किया गया है। 11 अगस्त को रांची के कन्वेंशन सेंटर, दरभंगा हाउस (राजभवन के सामने) में समर्थ गुरु सिद्धार्थ ओलिया द्वारा आनंदित जीवन कैसे जीयें विषय पर सत्संग सह व्याख्यान होगा। इस संबंध में शनिवार को आचार्य अमरेश झा और आचार्य अजय कुमार सिंह ने रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अध्यात्म और सांसारिकता के समन्वय से समस्याओं को सहज बनाकर आज के तनाव भरे माहौल में भी कैसे आनंदमय जीवन बिताया जा सकता है, इस विषय पर सहज शब्दों में उपदेश और विचार सुनने का यह सुनहरा अवसर होगा। यह सत्संग कार्यक्रम सर्व साधारण के लिए होगा और प्रवेश निःशुल्क होगा। 12 और 13 अगस्त को प्रातः 7 बजे से पूरे दो दिनों के लिए आनंद प्रज्ञा का शिविर रखा गया है। स्थान है कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ का रवींद्र भवन। प्रतिभागी जीवन को देखने की सही दृष्टि पायेंगे, घटनाओं को स्वीकार करने की क्षमता विकसित कर पायेंगे, संबंधों में मधुरता लाने, संकल्पों को पूरा करने के रास्ते जान पायेंगे। सत्र में स्वयं समर्थगुरु उपस्थित होंगे तथा आचार्य ज्ञानामृत जी, आचार्य दर्शन जी, आचार्य अजय जी और आचार्य अमरेश जी सहयोगी आचार्य के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसमें कबीर, दादू, नानक, ओशो तथा पतंजलि के अष्टांगिक योग पर आधारित ध्यान की पद्धतियां विकसित की गयी हैं। प्रथम चरण है ध्यान योग, जिसके प्रथम भाग में आनंद प्रज्ञा का सत्र होता है। इसमें सांसारिकता का निर्वाह करते हुए जीवन को आनंद में कैसे बदला जा सकता है, इसकी तैयारी करायी जाती है, जिसका आधार है गौतम बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग। इस मौके पर श्री प्रकाश जी, यूपी सिंह, भूषण जी और सुमित जी सहित कई अन्य मौजूद थे।

# अटल स्मृति वेंडर मार्केट में गौरी कलेक्शन शॉप का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अटल स्मृति वेंडर मार्केट कचहरी रोड में शनिवार को गौरी कलेक्शन शॉप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने रिबन काट कर शॉप का उद्घाटन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और सीपीआइ के अजय सिंह शामिल हुए। ऑनर ने बताया कि इस वेंडर मार्केट में साड़ियों की दुकान कहीं नहीं है। इसी को देखते हुए इस मार्केट में साड़ियों की विशाल रेंज को लेकर आये हैं। इस शॉप में साड़ी, सूट, सलवार महिलाओं के विभिन्न तरह के पोशाक उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। यहां पर कपड़ों की विशाल रेंज मौजूद है। वेंडर मार्केट में एकमात्र गौरी कलेक्शन ही ऐसी दुकान है, जहां साड़ियों की विशाल रेंज मौजूद है। इस मौके पर राकेश सिंह, राजेश कुमार, रवि ठाकुर, गौरी देवी, सुनील सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# शिवमहापुराण कथा सुनने से शिवलोक की प्राप्ति होती है : स्वामी परिपूर्णानंद

**महाशिवपुराण यज्ञ का 5वां दिन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सुसज्जित प्रांगण में श्री श्याम मंडल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण यज्ञ के पंचम दिवस शिव भक्तों का उत्साह एवं उमंग चरम पर था। अपराह्न 4 बजे स्वामी परिपूर्णानंद के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात परम्परागत पूजन - वंदन होने के पश्चात स्वामी जी के श्रीमुख से शिवमहापुराण का व्याख्यान का पांचवा सोपान प्रारंभ किया। स्वामी जी ने कहा कि शिव अविनाशी हैं - पूर्ण साकार एवं निराकार - संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं। शिव की अनुग्रह लीला का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि वर्षा की बूंद कमल के फूल पर गिरते ही अनुपम छ्टा बिखेरती है, सिप के मुख में गिरते ही मोती बन जाती है और सर्प के सिर पर गिरते ही विष बन जाती है, इसी प्रकार शिवमहापुराण कथा अत्यंत पावन है जिसको प्रेमपूर्वक सुनने वाले हर प्राणी का लोक - परलोक सुधर जाता है और वो शिवलोक को प्राप्त करता है - स्वामी जी आगे व्यख्तान में कहा शिव सगुण अगुण और आदि हैं शिव पूजन से रोग, दुख, दरिद्रता, पाप, इत्यादि सभी तरह के भौतिक कष्टों का निवारण होता है और चित आनंद, उत्साह एवं प्रसन्नता से खिल उठता है। शिव महिमन श्रोत सभी श्रोतों में अति उत्तम श्रोत है - हर प्राणी को सैदेव इसका गायन करना चाहिए साथ ही घर परिवार में इसके गायन से बच्चों में शुभ संस्कारों का उदय होता है, प्रभु सर्वत्र व्याप्त हैं - हर मनुष्य के ह्रदय में विराजमान हैं - आवश्यकता है उन्हें महसूस और उनके दर्शन करने की ।

स्वामी जी आगे कहते हैं कि गणेश, शिव, विष्णु, दुर्गा एवं सूर्य ये पांच देवों का सैदेव पूजन वंदन करना चाहिए। भगवती आराधना से प्रसन्न होने पर भवानी द्वारा हिम को वरदान मांगने की कहने पर हिम कहते हैं - हे अंबे मेरे घर में पुत्री के रूप में जन्म लो और शिव को पति रूप में वरण करो - भगवती कहती हैं तथास्तु साथ ही व्याख्यान में कहते हैं भक्ति दो प्रकार की होती है - सगुण एवं निर्गुण। प्रभु नाम का श्रवण, मनन, कीर्तन, स्मरण, चिंतन, अनुकूलन, अर्पण, अर्चन एवं वंदन मानव मात्र ले लिए सदैव कल्याणकारी है। व्याख्यान समाप्ति के पश्चात अरुण छवछरिया एवं उनके परिवार के द्वारा महाआरती कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल ढांढनीयां, अरुण धनुका , लल्लू सारस्वत, विनोद शर्मा, अशोक लाठ, गौरव शर्मा, धीरज बंका, सुनील मोदी, अनुराग पोद्दार, विक्रम परसुरामपुरिया का सहयोग रहा।

## इडी ने एक और मामला दर्ज किया

रांची (आजाद सिपाही)। रांची प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन घोटाले से संबंधित एक मामले में सदर थाना में दर्ज केस को टेकओवर करते हुए एक नया मामला दर्ज किया है। इस मामले में राजस्व कर्मचारी भानु सिंह आरोपी है। 1 जून 2023 को सदर थाना में एक मामला दर्ज किया गया था, जो बड़गाईं अंचल में जमीन की गड़बड़ी से संबंधित था। इस मामले की जांच के अलावा राजस्व कर्मचारी के घर से मिले 22 से अधिक डीड की जांच भी होगी कि वह डीड उसके घर में क्यों थी और जमीन के मालिक कौन हैं। फिलहाल भानु जेल में है।

## संगठित आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर एटीएस की छापेमारी, 17 गिरफ्तार, 130 का सत्यापन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। पिछले 15 दिनों (16 जुलाई से 3 अगस्त) के दौरान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एटीएस की टीम ने झारखंड के छह प्रमुख आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग गिरोह से जुड़े 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के 130 लोगों का सत्यापन किया गया है। वहीं 90 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी, जबकि 91 लोगों को बांड भरवाया गया है। बता दें कि आपराधिक गिरोह से जुड़े 338 लोगों की निगरानी के लिए झारखंड के सभी जिलों को प्रस्ताव भेजा गया है। डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर रही है। साथ ही जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देनेवाले व्यक्तियों को बक्शा नहीं जायेगा।

## आई फ्लू को लेकर ग्रामीण इलाकों में ट्रस्ट चलायेगा जागरूकता अभियान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कल्याणपुर स्थित डीएवी के प्रांगण में ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राहुल राम और संचालन सोनु गुप्ता ने किया। बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए बेरोजगारों को रोजगार देने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के निदान और बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जिसके लिए सभी जिलों के प्रखंड और पंचायतों में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रस्ट से जोड़ा जा रहा है। बैठक में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते आई फ्लू के प्रकोप के रोकथाम को लेकर ट्रस्ट ने ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बैठक में जाहिद अली, दिनेश राम, अमित राम, सोनू साहू, मोहम्मद आसिक, आकाश उरांव, मोहम्मद इम्तियाज, देवेंद्र कुमार, अजीत कुमार आदि थे।

### खूंटी आदर्श बालिका उच्च विद्यालय में विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन

# स्तनपान नवजातों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** आदर्श बालिका उच्च विद्यालय सभागार में शनिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीसी लोकेश मिश्र, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने किया। डीसी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव में स्तनपान के फायदे, सुरक्षित तरीके से स्तनपान कराना आदि से संबंधित जानकारियां सहज रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम को लेकर डीसी ने कहा कि स्तनपान नवजात के स्वास्थ्य के लिए जीवन अमृत है। जन्म के तुरंत बाद से कराया जाने वाला स्तनपान न सिर्फ उन्हें कई गंभीर रोगों से बचाता है, बल्कि उनके संपूर्ण विकास की सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है। इसलिए स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए एक से सात अगस्त को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि नवजात के स्वास्थ्य में स्तनपान की भूमिका के प्रति जागरूकता प्रदान कर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि खूंटी जिले में स्थानीय खिलाड़ियों में प्रतिभा है। हमें खिलाड़ियों को उचित पोषण उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य करना है। उन्होंने सहायिकाओं एवं किशोरियों द्वारा लगाए गए स्टॉल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रभावशाली माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास करना आवश्यक है। इसमें सेविकाओं और सहायिकाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि शिशु का स्वास्थ्य एक गंभीर विषय है। हम सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि किस प्रकार हम शिशु के उचित स्वास्थ्य को सुनिश्चित करें, इसके लिए सबसे अहम है स्तनपान। वहीं, जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शिशु के लिए स्तनपान संरक्षण और संवर्धन का काम करता है। रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति नवजात बच्चे में नहीं होती है। यह शक्ति मां के दूध से शिशु को हासिल होती है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह को लेकर जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाये गए है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अपने बच्चे को स्तनपान कराने से पहले, अपने हाथों को कम से कम 20 सेकेंड तक साबुन और पानी से धोना न भूलें। अगर आप खुद कोविड पॉजिटिव है, तो बच्चे को दूध पिलाने के लिए ब्रेस्ट पंप का उपयोग करें। ब्रेस्ट पंप को किसी के साथ शेयर न करें और सुनिश्चित करें कि आप हर उपयोग के बाद पंप को अच्छी तरह से साफ करें। बच्चे को स्तनपान कराते समय मास्क का उपयोग अवश्य करें। कार्यशाला के दौरान सभी प्रखंड की सीडीपीओ, तेजस्विनी की कोऑर्डिनेटर द्वारा विभिन्न जानकारियां साझा की गई। इस दौरान बताया गया कि मां के दूध में लेक्टोफोर्मिन नामक तत्त्व होता है, जो बच्चे की आंत में लौह तत्व को बांध लेता है। मां के दूध से आए साधारण जीवाणु बच्चे की आंत में पनपते हैं और रोगाणुओं से प्रतिस्पर्धा कर उन्हें पनपने नहीं देते। मां के दूध में रोगाणु नाशक तत्व होते हैं। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें पोस्टर प्रतियोगिता, पोषक आर्ट प्रतियोगिता, निबंध लेखन व उत्कृष्ट स्टॉल के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

## अपराधियों की गोली से घायल व्यक्ति का हुआ सफल ऑपरेशन, पैर से निकली गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अड़की।** अड़की थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अपराधियों द्वारा डोरेया बाजार से लौटते समय लाह व्यापारी बादल साहू से हथियार का भय दिखाकर कारूडीह पुल पर लाखों रुपये की लूट कर भागने के क्रम में पुरनानगर गांव के पास बंधक बने ग्रामीणों पर गोली जला दी थी। जिसमें एक गोली कमलेश प्रमाणिक नामक व्यक्ति की जांघ में जा लगी थी। रांची के सेवा सदन में शनिवार को कमलेश का सफल ऑपरेशन कर गोली निकाल दिया गया है। पुलिस इस दिन भी उनकी तलाश में कई जगहों पर छापामारी की। कुछ लोगों से पूछताछ भी कर रही है। गौरतलब हो कि शुक्रवार को व्यापारी से लूटपाट और ग्रामीण को गोली मारने के बाद बाइक सवार तीनों अपराधी बारूडीह जंगल में भाग गए। उन लोगों ने अपनी बाइक भी जंगल में ही छोड़ दी थी। जंगल से अपराधी के जूते भी बरामद हुआ था। पुलिस और ग्रामीणों ने रात भर सर्च अभियान चला, लेकिन अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला। इस संबंध में बादल साहू ने अड़की थाना में मामला दर्ज कराया है।



## ग्रामीण की बाइक में अपराधियों ने लगायी आग



अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की थाना क्षेत्र के पुरानानगर गांव से तीन किलोमीटर दूर जेनाडीह गांव निवासी कलेबर मुंडा की बाइक को अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दिया। बाइक जलकर राख हो गई। बाइक मालिक ने पुलिस को इसकी सूचना दी है। घटना शुक्रवार की आधी रात की बतायी जा रही है।

## पेज एक का शेष

### मदन दास देवी, जिनका उद्देश्य ही...

आम तौर पर सार्वजनिक जीवन में लोगों को लगता है कि बहुत सारे लोगों से मिलना चाहिए, उनसे संपर्क करना चाहिए। मदन दास जी संपर्क को लेकर बहुत सेलेक्टिव थे। किससे मिलना, कब मिलना और जब मिलूंगा तो उससे क्या बात करना और इसमें कितना समय जाएगा। इन सबकी वो प्लानिंग करते थे। मदन दास जी के जो प्रवास और कार्यक्रम होते थे, उनमें वो कभी भी कार्यकर्ताओं पर बोझ नहीं बनते थे। उनका आना एक बहुत बड़े लीडर के साथ जो सुनामी आती है, उस तरह नहीं रहता था। वे एक ठंडी-मीठी लहर की तरह आकर चले जाते थे। और सारे कार्यकर्ताओं को, पूरी स्थानीय इकाई को प्रेरणा से भर देते थे।

मैं अंतिम समय तक सतत उनके संपर्क में रहा। मैं हाल में जब भी उनको फोन करता था तो वे चार बार पूछने के बाद ही अपनी बीमारी के बारे में बात करते थे। अन्यथा वे हंसकर टाल जाते थे। उनकी इच्छा रहती थी कि मैं किसी पर बोझ नहीं बनूं। शारीरिक कष्ट के बावजूद भी वे प्रसन्नचित्त नजर आते थे। बीमारी में भी उनके मन में हमेशा ये भाव रहता था कि मैं समाज के लिए, देश के लिए क्या करूं।

मदन दास जी का एकेडेमिक रिकॉर्ड काफी शानदार था और इसने उनके काम करने के तरीकों को एक खास आयाम दिया। वे बहुत अच्छे पाठक भी थे। जब भी कुछ अच्छा पढ़ते थे, तो उसे उस विषय से संबंधित लोगों को भेज देते थे। मुझे अक्सर ऐसी चीजें उनसे प्राप्त होती थीं, जिन्हें मैं अपने लिए बहुत उपयोगी पाता था। अर्थशास्त्र और नीतिगत मामलों की वे बहुत गहरी समझ रखते थे। वे एक ऐसा भारत देखना चाहते थे, जो किसी पर भी निर्भर नहीं हो। मदन दास जी ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जिसके प्रत्येक नागरिक के लिए आत्मनिर्भरता जीवन की वास्तविकता हो। एक ऐसे समाज का निर्माण हो जहां सम्मान, सशक्तिकरण और सामूहिक समृद्धि की भावना हो। आज भारत एक के बाद एक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है, इसे देखकर उनसे ज्यादा खुश कोई नहीं होता।

आज जब हमारा लोकतंत्र जीवंत है, युवा आत्मविश्वास से भरे हैं और देश उम्मीदों, आशाओं और आकांक्षाओं से भरा है, तब मदन दास देवी जी जैसी विभूतियों को याद करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उनका पूरा जीवन समाज की सेवा और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

(लेखक : भारत के प्रधानमंत्री हैं।)

# मिशन इंद्रधनुष के तहत सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं का होगा टीकाकरण : सिविल सर्जन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाकर छूटे हुए जिले के सभी योग्य बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। यह जानकारी जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता के दौरान कही। सीएस ने कहा कि यह अभियान तीन चरणों में सात अगस्त से 12 अगस्त, 11 सितंबर से 16 सितंबर, और नौ अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान टीकाकरण से छूटे हुए 416 गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष तक के 1686 बच्चे तथा दो से पांच वर्ष तक के कुल 748 बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए 237 एएनएम और 869 सहिया अभियान में शामिल होंगे। इसके लिए एमओ, एएनएम, सहिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मौके पर आरसीएच पदाधिकारी डॉ प्रभावती टोपनो डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि अशोक कुमार, अमित कुमार, शफीकुर आलम, डीपीएम कानन बाला तिर्की, डीपीसी डॉ उदयन शर्मा, डीडीएम श्वेता सिंह, डीएएम विकास कुमार सिंह और सुनीता दास मौजूद थे।



## हुटाप स्कूल से संपूर्ण टीकाकरण के लिए निकला जागरूकता अभियान

खलारी (आजाद सिपाही)। संपूर्ण टीकाकरण के लिए मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के लिए खलारी प्रखंड मे जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों जिनमें हुटाप, नवाडीह, कोनका, लपरा, खलारी बजार आदि जगहों पर निकाली गईं। बताया गया कि वैसे बच्चे जो 0 से 5 वर्ष के है और टीकाकरण छूट गया है। उनके लिए विशेष कैंप लगा कर 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितम्बर और 9 से 14 अक्टूबर तक टीकाकरण किया जायगा।

# समय पर जल कर का भुगतान नहीं करने पर अब प्रतिमाह देना होगा 10 रुपये विलंब शुल्क

**बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के सफल संचालन को ले योजना संचालन समिति की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** बुकबुका पंचायत स्थित फिल्टर प्लांट में शनिवार को बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के सफल संचालन को लेकर योजना संचालन समिति के अध्यक्ष पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जलापूर्ति योजना के संचालन में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन विवाद और इसके सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि योजना से अच्छादित जो भी ग्रामीण समय पर अपना जल कर का भुगतान नही करेंगे उसका कनेक्शन काट दिया जायेगा। साथ ही कहा कि मासिक जल कर का भुगतान प्रतिमाह 10 रुपए विलंब शुल्क के साथ देना होगा। कहा कि समय पर ग्रामीणों द्वारा जलकर का भुगतान नहीं होने के कारण ही मजदूरों का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। जलकर वसूली के लिये इस माह में विषेष अभियान चलाया जायेगा। सभी लोगों ने एक स्वर से कहा कि किसी भी हालत में प्लांट का संचालन हमारी प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से संचालन समिति के अध्यक्ष पारसनाथ उरांव, सचिव तेजी किस्पोट्टा, कोषाध्यक्ष मंजू उरांव, मुखिया सुनिता देवी, शिवरत मुण्डा, मलका मुण्डा, सीता देवी, सविता देवी, अनिता लकड़ा उपस्थित थे।

### पिपरवार के चिरैयाटांड़ में हुई विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

# भाड़ा वृद्धि भुगतान नहीं होने पर होगा आंदोलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड बजारटांड में विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक हुई। जिसकी अध्यक्षता आशिक अली और संचालन जितेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में डीजल, पार्टस, टायर की मूल्यों में वृद्धि के कारण भाड़ा वृद्धि को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2020-21 में तय किए गए भाड़ा का भुगतान करने पर सहमति बनी। इसके अलावा विस्थापित ट्रक ऑनर एसोसिएशन का गठन करने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण ट्रक मालिकों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में पुराना भाड़ा को लागू करने का निर्णय लिया गया है। भाड़ा वृद्धि का भुगतान नहीं होने पर पिपरवार क्षेत्र में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में क्षेत्र के सभी ट्रक मालिकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया गया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा ने भाड़ा बढोतरी का समर्थन किया है। कम भाडा भुगतान होने पर ट्रक ऑनरो ने ट्रक को स्वेच्छा से खडा करने का निर्णय लिया। बैठक में विजय महतो, सुनील गंझू, रामबालक गंझू, रचित गंझू, विकास दूबे, इदरीस अंसारी, लियाकत अंसारी, सलीम जावेद, श्रवण महतो, अमर महतो, मोहम्मद अब्दुल्लाह, इरफान आलम, नईम अंसारी, विकाश कुमार, वसीम रजा, लक्षमन राम, बदरूद्दीन अंसारी, सलकू गंझू, वसीम अकरम, बासुदेव महतो, हेमराज महतो, मोहम्मद गुफरान, नईम अंसारी, सुरेश महतो, मंगल सिंह, उस्मान अंसारी, मोहम्मद इफ्तेखार, मोहम्मद असगर, तबरेज आलम, मोहम्मद सैफ, संजय राम, अर्जुन महतो, शेखर महतो, महेश महतो, मोहम्मद गड्डे, बसारत अंसारी, फुलेश्वर महतो आदि मौजूद थे।



बैठक में मौजूद क्षेत्र के ट्रक मालिक।

## पीएनबी में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पीएनबी की बचरा शाखा में शनिवार को रांची के कटहल मोड़ स्थित दृष्टि आंख अस्पताल की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर मनोज कुमार ने कई लोगों के आंखों की जांच की। उपलब्ध कराए गए आधुनिक मशीनों से लोगों की आंखों की जांच की गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन 9-15 अगस्त तक

खूंटी (आजाद सिपाही)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संदर्भ में बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि हम अपनी आजादी का श्रेय उन लोगों को देते हैं, जिन्होंने अपने आज को हमारे बेहतर कल के लिए त्याग दिया। उन लोगों ने राष्ट्र के उच्चतम लाभ के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। साथ ही मातृभूमि की मिट्टी हम सबको एक साथ बांधती है। डीसी ने कहा कि यह अभियान नौ से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी पंचायतों से मिट्टी एकत्रित कर उस मिट्टी के कलश को जिला भेजना सुनिश्चित करें। इसे नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधियों द्वारा दिल्ली भेजा जाएगा। 15 अगस्त को जिले के सभी अमृत सरोवरों के पास ध्वजारोहण करना सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिलाफलकम स्थापित किया जाना है। इसपर आजादी के अमृत वर्ष के उद्देश्य प्रदर्शित होंगे। वसुंधा वंदना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य भी किया जाना है। बैठक में लोगों को इस संबंध में जानकारी देने की बात कही गई। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता है। सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर खलारी बीडीओ की बैठक, प्रत्येक पंचायत में आयोजित होंगे कार्यक्रम



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से संबंधित बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की। बैठक में उपस्थित मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को बीडीओ ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में छह प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिनमें शहीद स्मारक का निर्माण, पंच प्राण शपथ एवं सेल्फी, वसुधा वंदन, अमृत वाटिका का निर्माण, वीरों का वंदन, झंडोतोलन एवं राष्ट्रगान का गायन, अमृत कलश यात्रा जिसके अंतर्गत गांवों की मिट्टी पंचायत में, पंचायत से प्रखंड में, प्रखंड से जिला में एवं जिला से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भेजी जाएगी। बैठक में मुखिया मलका मुंडा, शिवरत मुंडा, शिवनाथ मुंडा, संतोष कुमार महली, सुनीता देवी, ललिता देवी, शीला देवी, पुष्पा खलखो, पुतुल देवी, पारसनाथ उरांव के अलावा बीपीओ विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक पंद्रहवें वित्त से आसित कुमार, वार्ड सदस्य, जनसेवक, पंचायत सचिव, मनरेगा एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### सोनाहातू में नवयुवक का शव कुआं से बरामद

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातु थाना क्षेत्र के बिरदीडीह गांव के 20 वर्षीय युवक परमेश्वर महतो का शव कुआं से बरामद हुआ। वह गुरूवार से लापता था। उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर तैयारियों जोरों पर

बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संस्थानों पर तैयारी शुरू कर दी है। पांच परगना के बुंडू किसान कॉलेज में एनसीसी इकाई गिरधर महतो सीनियर के डेट, सुनील भोक्ता सीनियर अंडर ऑफिसर, अरुण प्रमाणिक अंडर अफसर पंकज प्रमाणिक सीएसएम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक परेड का अभ्यास शुरू कर दिया है। इंटर इकाई के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ राधा रमन साहू ने तैयारी का जायजा लिया। इधर, बुंडू संत जेवियर उच्च विद्यालय, साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल, बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी के अलावा सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में तैयारी शुरू की गयी हैं। एसडीएम बुंडू अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड आंचल कार्यालय और नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कार्य किया जा रहा है।

### डीएवी खलारी में सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। डीएवी स्कूल में सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से 12वीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कक्षा एलकेजी से दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें बच्चे महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, बाल गंगाधर तिलक, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, सावित्रीबाई फुले आदि की वेशभूषा में नजर आए। वहीं तीसरी से पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, माध्यमिक कक्षाओं के लिए ड्राइंग, पेंटिंग एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हाउस के अनुसार करवाया गया। सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्राचार्य डॉ कमलेष कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि हमें हार जीत की परवाह किए बिना विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। ये प्रतियोगिताएं हमें मानसिक रूप से समर्थ बनाती हैं। सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में विद्यालय के सीसीए क्लब की विशेष भूमिका रही।

### राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हुए पटना रवाना

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ी चतरा जिला वुशु संघ के बैनर तले पटना में होने वाले राष्ट्रीय जुनियर वुशु प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक बिहार के पटना के कंकड़बाग पाटलिपुत्र स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में छह अगस्त से 11 अगस्त तक छह दिवसीय 22वां प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कुल 9 खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के बैनर तले झारखण्ड जुनियर वुशू दल में शामिल होकर पटना के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों में शिवम उरांव, विक्रम गंझु, रोशनी कुमारी, तनु कुमारी, शीतल कुमारी, ईभा कुमारी, शुमो कुमारी, राज कुमार और अमन अंसारी का नाम शामिल है। कोच रजी अहमद ने खिलाड़ियों को विदा किया।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
धनबाद मंडल – भंडार विभाग
बैच संख्या 08/23 दिनांक: 03.08.2023
आईआरईपीएस - www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है। निविदा सं.–39235409
सामग्री का संक्षिप्त विवरण: Supply & Installation of Equipment in LC Gate using Wired & Wireless Data Communication as per RDSO Spec. no. RDSO/SPN/TC-49/2020 Ver 1.0 (Part-A). Quantity: 05 Nos.
Supply & Installation of Equipment in ASM Room using Wired & Wireless Data Communication as per RDSO Spec. no. RDSO/SPN/TC- 49/2020 Ver 1.0 (Part-A). Quantity: 02 Nos.
निविदा जारी करने की तिथि एवं समय: 03 अगस्त 2023, 11:53 बजे, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 04 सितम्बर 2023 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस के www.ireps.gov.in वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है। कृते व. मंडल सामग्री प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल / धनबाद
पीआर/00902/डीएचएन/एसटीओआरई/टी/23–24/36

# प्राइवेसी का सवाल

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल गुरुवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। सरकार ने साफ किया कि इसे भले ही फाइनेंस बिल के रूप में पेश किया गया हो, लेकिन यह मनी बिल नहीं है। इसका मतलब यह है कि राज्यसभा भी बराबरी के अधिकार के साथ इस पर विचार कर सकेगी। यह इस लिहाज से जरूर अच्छी बात मानी जा सकती है कि इससे विधेयक के अहम पहलुओं पर दोनों सदनों में विस्तार से चर्चा का मौका मिल सकता है, लेकिन यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि इस विधेयक के कानून का रूप लेने में पहले ही काफी देर हो चुकी है। विधेयक का पहला प्रारूप 2019 में ही पेश किया गया था। इसके कम से कम तीन रूप संसद में आ चुके हैं। वैसे इन कवायदों से गुजरने के बाद बिल के मौजूदा स्वरूप को कई दृष्टियों से बेहतर माना जा रहा है। इसके मुताबिक डेटा इकट्ठा करने वाली कंपनियों को न केवल यह बताना होगा कि वे कौन से डेटा ले रही हैं और उनका क्या इस्तेमाल किया जाना है बल्कि उन्हें डेटा प्रोटेक्शन ऑफिसरों की नियुक्ति करके उनके कॉन्टैक्ट डीटेल्स भी यूजर्स को मुहैया कराने होंगे। यूजर्स को अपने पर्सनल डेटा को बदलने या उन्हें डिलीट कराने का भी अधिकार होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्था परपस लिमिटेशन की है। लोग अक्सर अनजाने ही ऐसे भी डेटा उपलब्ध करा देते हैं, जिनकी डेटा कलेक्शन के घोषित मकसदों के लिहाज से कोई सार्थकता नहीं होती। उदाहरण के लिए, फूड डिलिवरी ऐप ग्राहकों के फोन नंबर भी कलेक्ट कर सकता है। मगर परपस लिमिटेशन का यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि फोन कॉन्टैक्ट लिस्ट ऐप की पहुंच से बाहर रहेगी।

**विधेयक का पहला प्रारूप 2019 में ही पेश किया गया था। इसके कम से कम तीन रूप संसद में आ चुके हैं। वैसे इन कवायदों से गुजरने के बाद बिल के मौजूदा स्वरूप को कई दृष्टियों से बेहतर माना जा रहा है।**

ये प्रावधान दुनिया के अन्य देशों में लागू डेटा प्रोटेक्शन कानूनों से मेल खाते हैं, लेकिन फिर भी इस बिल से जुड़े दो पहलू खास तौर पर गौर करने लायक हैं। पहला तो यह कि बिल को अभी पूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसका मुख्य ऑपरेटिव पार्ट अन्य बिलों या कानूनों के रूप में सामने आयेगा, जो सरकार बाद में ड्राफ्ट करेगी। उदाहरण के लिए, डेटा इकट्ठा करनेवाली कोई कंपनी लोगों से सहमति कैसे हासिल करेगी और विक्टिम को डेटा सुरक्षा भंग होने की जानकारी कैसे देगी। यह उन कानूनों से तय होगा जो अभी बनने वाले हैं। जाहिर है, डेटा प्रोटेक्शन बिल की उपयोगिता काफी हद तक उन कानूनों पर भी निर्भर करेगी। दूसरी बात यह कि आगे जो बिल लाये जायें या कानून बनें, उनमें डेटा प्रोटेक्शन की व्यवस्था से मिलने वाली छूटों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। आम तौर पर देश की सुरक्षा, संप्रभुता और जनहित के नाम पर सरकार को पूरी छूट दे दी जाती है, लेकिन इन छूटों के लिए आवश्यक स्थितियां बारीकी से तय की जानी चाहिए। आखिर सरकार ही सबसे बड़ी डेटा कलेक्टर है और नागरिकों की निजता के अधिकार को खतरा उधर से भी हो सकता है।

**डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक डूबने की वजह से दुनिया भर में सालाना पौने 4 लाख लोगों की जान जाती है। डब्ल्यूएचओ का यह भी मानना है कि डूबने से जुड़े अधिकांश पीड़ित हॉस्पिटल नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मृतकों की संख्या और अधिक है। देश में किसी भी प्राकृतिक व मानव जनित आपदा के मुकाबले यह भयावह शक्ल ले चुकी है। राज्यों से मिलने वाले आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। बिहार में 2021 में 1200 से अधिक मौतें डूबने की वजह से हुई हैं।**

# पानी में डूब रहीं सांसें, उठाने होंगे कदम

अरविंद मिश्रा

पिछले दिनों मध्यप्रदेश के देवास में डूब रहे एक व्यक्ति को बचाने के लिए इंस्पेक्टर राजाराम वास्कले की भी जान चली गयी। बीते हफ्ते ही उत्तर प्रदेश के उन्नाव नदी में नहाने गये 2 दोस्त तेज बहाव की चपेट में आ गये। जुलाई महीने में ही बिहार के भोजपुर स्थित सीहान गांव में नदी में डूबने से जान गंवाने वाले 2 युवकों के घर में मातम पसरा है। उत्तराखंड के देवप्रयाग में झील में नहाने गए युवक की डूबने से जीवनलीला समाप्त हो गयी।

बेंगलुरु के रामनाथपुरा झील में जरा सी लापरवाही में 4 दोस्तों को जान से हाथ धोना पड़ा। महीने भर में डूबने से होने वाली मौतों की ये चंद घटनाएं हैं। देश में ऐसा शायद ही कोई दिन हो जब डूबने से सांसों के थमने की खबरें न मिलती हों। नदी, नाले, तालाब और झील से आए दिन शव बरामद किए जाते हैं। इन हादसों में इंसानी लापरवाही सामने आती है। मरने वालों में युवा और बच्चे सबसे अधिक होते हैं।



**जल जनित हादसों से बचने के लिए नदी, तालाब, झील व अन्य वॉटर बॉडीज में पक्के घाट और बैरियर बनाये जायें। नहर और झील के किनारे फैंसिंग अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जल निकाय के पास खतरे से जुड़ी सूचनाएं सरल शब्दों में स्थानीय भाषा में लिखी हों।**

## विश्व स्वास्थ्य संगठन

**बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में डूबने से होने वाली मौत को राज्य आपदाओं की श्रेणी में रखा गया है।**

डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक डूबने की वजह से दुनिया भर में सालाना पौने 4 लाख लोगों की जान जाती है। डब्ल्यूएचओ का यह भी मानना है कि डूबने से जुड़े अधिकांश पीड़ित हॉस्पिटल नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मृतकों की संख्या और अधिक है। देश में किसी भी प्राकृतिक व मानव जनित आपदा के मुकाबले यह भयावह शक्ल ले चुकी है। राज्यों से मिलने वाले आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं।

बिहार में 2021 में 1200 से अधिक मौतें डूबने की वजह से हुई हैं। पिछले साल ओड़िशा में 1476 लोगों को जान गंवानी पड़ी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की स्थायी समिति ने बताया है कि किसी भी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले डूबने से होने वाली मौतों में इजाफा हुआ है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में डूबने से होने वाली मौत को राज्य आपदाओं की श्रेणी में रखा गया है। ग्रामीण इलाकों में नदियों, झील, कुओं, घरेलू जल भंडार में सबसे अधिक ऐसे हादसे होते हैं।

## स्टंट और लापरवाही बन रही जानलेवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डूबने से होने वाली मौतों में बच्चों की मृत्यु के 10 बड़ी वजहों में एक माना है। ऐसी घटनाओं के शिकार सबसे अधिक 5 से 14 साल के बच्चे होते हैं। इनमें अधिकांश हादसों के पीछे लापरवाही सबसे बड़ी वजह होती है। बच्चे तैराकी, मौज-मस्ती और स्टंट के चक्कर में तेज बहाव में चले जाते हैं। बरसात के दिनों में ऐसे हादसे और अधिक बढ़ जाते हैं।

चूंकि मानसून की वजह से नदी-नाले उफान पर होते हैं। ग्रामीण इलाकों में स्थित वाटर बॉडीज के पास एहतियात और सुरक्षा के अमूमन कोई उपाय नहीं होते हैं। स्थानीय पुलिस और पंचायतें जागरूकता के मोर्चे पर बिल्कुल भी गंभीर नहीं होतीं। हालांकि इसके पीछे मानव संसाधन की कमी भी बड़ी चुनौती है।

ऐसी घटनाओं में अक्सर देखने में आता है कि मदद के लिए आगे आने वाले भी हादसे का शिकार हो जाते हैं। चूंकि उनके पास राहत कार्यों से जुड़ा कौशल नहीं होता। जब तक स्थानीय पुलिस और अमला पहुंचता है तब तक काफी देर हो जाती है। नाव में जरूरत से अधिक सवारियां भरने और लापरवाहीपूर्वक चलाने से भी कई बार बड़े हादसे होते हैं। डूबने की घटनाओं में सबसे पहले स्थानीय पुलिस और राजस्व अमला मदद के लिए आगे आता है। ऐसे में सबसे पहले उन्हें प्रशिक्षित करना होगा।

## बचाव के उपाय

जल जनित हादसों से बचने के लिए नदी, तालाब, झील व अन्य वॉटर बॉडीज में पक्के घाट और बैरियर बनाये जायें। नहर और झील के किनारे फैंसिंग अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। जल निकाय के पास खतरे से जुड़ी सूचनाएं सरल शब्दों में स्थानीय भाषा में लिखी हों। कई बार हादसे के वक्त स्थानीय पुलिस और राहत दल का नंबर न होने से समय पर मदद नहीं मिल पाती। स्कूल व स्थानीय महाविद्यालयों को आपदा प्रबंधन कार्यक्रम से जोड़कर ऐसे हादसों में जनहानि कम की जा सकती है। खास तौर पर एनसीसी जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम इसमें काफी मददगार होंगे। स्थानीय पुलिस और पंचायतों को आपदा प्रबंधन के लिए पर्सनल फ्लोटेशन डिवाइस, लाइफ जैकेट तथा अन्य जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर एक वाटर सेफ्टी प्लान होना चाहिए।

बंगलादेश, थाईलैंड और वियतनाम ने ऐसे हादसों पर रोक लगाने के लिए ग्रामीण इलाकों में न्यूनतम प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। चूंकि इस तरह के हादसे सबसे अधिक निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होते हैं। ऐसे में यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ जैसी संस्थाएं डूबते बचपन को बचाने के लिए इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पहल को मजबूती दे सकती हैं।


# रांची की खबरें

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर पूछा, खरकई डैम परियोजना बंद करने का कारण



**रांची (आजाद सिपाही)।** इंटक के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार सोनी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट बंद करने का कारण पूछा है। गौरतलब है कि सरायकेला जिला अंतर्गत खरकई डैम परियोजना पर अब तक लगभग 6 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जा चुके हैं। इसके बाद भी यह परियोजना पूरी नहीं हुई। इससे क्षेत्र के किसानों और नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। सरकार द्वारा परियोजना पर इतनी भारी-भरकम राशि खर्च करने के बाद भी परियोजना बंद करने पर आपत्ति जताते हुए इंटक के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता तथा झारखंड मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गयी थी। इस पर मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई की तिथि हाइकोर्ट द्वारा 13 अक्टूबर को निर्धारित की गयी है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का क्रेडिट कैंप




**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पटना अंचल के आंचल प्रमुख धर्म पाल खुराना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैंक ऋण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री खुराना ने कहा कि किसी नये उद्यम को ऋण प्रदान करने से न केवल रोजगार का सृजन होता है, बल्कि वह राष्ट्र के विकास में भी सहायक होता है। ग्राहकों को संबोधित करते हुए रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि ग्राहक और बैंक दोनों एक दूसरे के पूरक है तथा ग्राहक सेवा ही हमारे बैंक का आधार है। उन्होंने ग्राहकों से बैंक की योजनाओं का लाभ उठाने का निवेदन किया। कार्यक्रम में ग्राहकों को 65 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शाखा के ग्राहक और शाखा प्रमुख के साथ-साथ उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रशांत देशपांडे, पीयूष मोदी, आलोक कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, प्रशांत प्रसून, सत्यजीत श्रीवास्तव, सोनल कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न पैरामीटर पे श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु रवि शंकर संगम शाखा, गौरांग कुमार अड़की शाखा, संतोष कुमार साकची, निशि कुमारी लोहरदगा, अंकित श्रीवास्तव सोनारी को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार वर्मा मुख्य प्रबंधक के द्वारा किया गया। मंच का संचालन विजय भूषण सिन्हा वरिष्ठ प्रबंधक के द्वारा किया गया।

# झारखंड मेडिकल स्टेट रैंक में टॉप 10 में गोल के सात छात्र

- मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह ने दी छात्रों को बधाई



आस्था अग्रवाल रैंक 1 (ओबीसी) | अमना तबस्सुम रैंक 3 (ओबीसी) | रितेश रंजन रैंक 5 (एस सी) | स्नेहिल आनंद रैंक 6 (जेनरल) | सौम्य सिद्धार्थ रैंक 7 (जेनरल) | श्रेया जाह्नवी रैंक 9 (जेनरल) | शुभम कुमार रैंक 10 (ओबीसी)

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड (जेसीइसीइबी) द्वारा झारखंड मेडिकल की मेधा सूची जारी कर दी गयी है। इसी के आधार पर राज्य के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में नामांकन लिया जायेगा। बोर्ड द्वारा जारी की गयी इस सूची के टॉप टेन में ज्यादातर छात्र गोल इंस्टीट्यूट से हैं। गोल संस्थान के आस्था अग्रवाल रैंक 1 (ओबीसी), अमना तबस्सुम रैंक 3 (ओबीसी), रितेश रंजन रैंक 5 (एस सी), स्नेहिल आनंद रैंक 6 (जेनरल), सौमी सिद्धार्थ रैंक 7 (जेनरल), श्रेया जान्हवी रैंक 9 (जेनरल), शुभम कुमार रैंक 10 (ओबीसी) हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया। सभी सफल छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने टॉप टेन में गोल संस्थान के ज्यादातर छात्रों के आने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि गोल के छात्रों ने टॉप टेन में स्थान सुनिश्चित कर यह सिद्ध कर दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो विपरीत परिस्थितियों में भी बड़ी जीत हासिल कर टॉपर और रैंकर बना जा सकता है। श्री सिंह ने इस बड़ी सफलता का श्रेय छात्रों की जी-तोड़ मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और गोल की पूरी टीम को दिया। उन्होंने कहा कि गोल संस्थान छात्रों को सही दिशा निर्देश के साथ आनेवाले वर्षों में भी इसी तरह प्रोत्साहित कर सफलता के शिखर पर पहुंचाने की कोशिश करता रहेगा। गोल संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि इस वर्ष गोल के छात्रों ने पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और उम्मीद करता हूं कि हमारे छात्र आनेवाले वर्षों में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि हमारी टीम लागातार छात्रों को काउंसिलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, दिशा-निर्देश और टेक्नीकल सपोर्ट प्रदान कर रही है, ताकि छात्रों को उनके प्राप्त रैंक के अनुसार सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज अलॉट हो सके। रंजय सिंह ने कहा कि गोल के द्वारा छात्रों को जो बेहतर क्लास, टेस्ट और डाउट्स मिला और लॉकडाउन के बाद ऑफलाइन में जो सुविधा मिली, उसका इस बड़ी सफलता में बड़ा रोल है। गोल इंस्टीट्यूट के संजय आनंद ने कहा कि हमारे संस्थान में नये सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए गोल इंस्टीट्यूट के ऑफिस में जाकर या संस्थान की वेबसाइट से जानकारी लेकर नामांकन करा सकते हैं।

# 20 अगस्त को रांची में जुटेंगे 15 माउंट एवरेस्ट विजेता

- एवरेस्ट समिट में अपने अनुभवों को साझा करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश में पहली बार एक साथ 15 माउंट एवरेस्ट विजेताओं का जुटान रांची में 20 अगस्त को होगा। सभी पर्वतारोही सीसीएल सभागार में सीसीएल और आइडियेट इंस्पायर इग्नाइज फाउंडेशन के साथ मॉडर्न पायथियन गेम्स द्वारा आयोजित एवरेस्ट समिट में अपने अनुभवों को साझा करेंगे। समिट में दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले चढ़ने वाले दार्जिलिंग के तेनजिंग नोर्गे के पुत्र और दो बार एवरेस्ट फतह कर चुके जैमलिंग तेनजिंग नोर्गे मुख्य वक्ता होंगे। समिट में एवरेस्ट फतह करने वाले झारखंड के तीन पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल, विनीता सोरेन और हेमंत गुप्ता, पश्चिम बंगाल के सत्यरूप सिद्धांत, रूद्र प्रसाद हलदर, यूपी की अरुणिमा सिन्हा, जम्मू-कश्मीर से कर्नल रणवीर जमवाल, मध्यप्रदेश से मेघना परमार, कनार्टक से प्रियंका मोहिते, महाराष्ट्र से मनीषा वाघमारे, कुंतल जोइसर, भगवान छवाले, गुजरात से अदिती वैद्य और अनुजा वैद्य शामिल होंगी। सीसीएल के सहयोग से आयोजित हो रहे इस समिट के आयोजक इग्नाइट फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर और टेडेक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता ने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। बताया कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि पहली बार देश में एक साथ रांची में 15 पर्वतारोही जुट रहे हैं। प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि यह आयोजन एवरेस्ट फतह के 70 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। सभी पर्वतारोही अपनी चढ़ाई के दौरान साहस, अनुभव और विजय की कहानियां साझा करेंगे। समिट का मकसद युवा पीढ़ी को यह बताना है कि कैसे असंभव सी मानी जाने वाली चोटियों को भी साहस के दम पर जीता जा सकता है। कनिष्क पोद्दार ने बताया कि दुनिया में पहली बार 1953 में दो लोगों न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और दार्जिलिंग के तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट फतह किया था। एवरेस्ट की ऊंचाई 8,848 मीटर है। इस मौके पर आयोजक मंडल के सी एम चुग, अतुल अग्रवाल, आलोक कुमार, अमित मोदी, प्रीति गुप्ता, भरत अग्रवाल मौजूद थे।

# भय करो, तो अपने दुष्कर्म से: पं. रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीराम-जानकी मंदिर हाउसिंग कॉलोनी बरियातू में कथा वाचक पं रामदेव पांडेय ने कहा किडरना है, तो अपने दुष्कर्म से डरना चाहिए। यही कर्म है, जो स्वर्ग और नरक देता है। सनातन ग्रंथों में कर्म की महत्ता है, जबकि कथित पश्चिम के पथों में कथित भगवान की प्रधानता है, उनसे डरो क्योंकि वह हिकमत वाला है। ऐसा कह कर पथों ने स्वयं के भगवान को स्वार्थी और डरावना बना दिया है। सनातन में तो भक्त भगवान को श्राप देता है। ब्राह्मण भृगु ने शिव को श्राप दिया। अब आप के लिंग की पूजा होगी। शिव लिंग धरती और ब्रह्मांड का संयुक्त प्रतीक है। नारद ने विष्णु को श्राप दिया। आप भी नारी के लिए पृथ्वी पर अवतार लें। वे ही राम हुए, भगवान भक्त के लिए अवतरित होते हैं। राम ओम नमः शिवाय जपते हैं, तो शिव राम राम जपते हैं। शिव पुराण वायवीय संहिता अध्याय ग्यारह श्लोक छप्पन कहता है कि इस छ अक्षर के मंत्र से आदमी को सब सिद्धियां मिलती हैं। हर घर में नर्मदेश्वर शिवलिंग को रखना चाहिए। नर्मदा नदी शिव की मानस पुत्री है। शिव का आशीर्वाद नर्मदा को दिया कि आपके कंकड़ कंकड़ में शंकर नर्मदेश्वर के रूप में होंगे, इनको घर में रख कर पूजा करनी चाहिए, जिस घर में नर्मदेश्वर शिव लिंग होता है, उस घर में न अकाल मृत्यु होती है न दरिद्रता आती है।

## प्रत्येक मां अपने बच्चे को कम से कम 6 माह तक स्तनपान जरूर करायें : डॉ अनुपमा सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** पारस एचईसी अस्पताल में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके स्तनपान संबंधी अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना है। साथ ही कार्यालयों में भी स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए सुविधायुक्त माहौल बनाना है। उन्होंने स्तनपान संबंधी जरूरी जानकारियां देते हुए कहा कि नवजात शिशु के लिए पीला गाढ़ा चिपचिपा युक्त मां के स्तन का दूध कोलेस्ट्रमयुक्त संपूर्ण आहार होता है, जिसे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद 1 घंटे के भीतर ही शुरू कर देना चाहिए और कम से कम 6 महीने तक बच्चे को स्तनपान जरूर करानी चाहिए। डॉ अंशु अग्रवाल ने कहा कि 6 महीने के बाद बच्चे को धीरे धीरे फूड सप्लीमेंट देना चाहिए। कम से कम दो साल तक बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। वरिष्ठ डायटीशियन मिस समाप्ति ने बताया कि बच्चे को स्तनपान करानेवाली माताओं को पोषक एवं नियमित आहार लेनी चाहिए। डॉ पूनम बांका ने स्तनपान से जुड़ी जानकारियां दी। पारस एचइसी अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका ने माताओं से स्तनपान से संबंधित कई सवाल किये ग., सही जवाब देनेवाली माताओं को सम्मानित भी किया गया।

## रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी का 6-7 अगस्त को नाम वापसी और 13 अगस्त को होगा चुनाव



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंजुमन कमेटी के 5 पदों के लिये किये जा रहे नामांकन की प्रक्रिया 5 अगस्त की शाम समाप्त हो गयी। अंजुमन कमेटी के 5 पदों के लिए कुल 12 लोगों ने नामांकन किया है। इसमें सदर पद के लिए दो लोग फुटककटोली के अताउल्लाह अंसारी व शाहिद अन्सारी सेकेट्री पद के लिए 4 लोग हुरहुरी के इमरान खान, पंडरा के मुंतजिर खान, सिमलिया के इमरान अंसारी व भोंडा के अनिसुल रहमान शामिल हैं। इसके अलावा उप सदर के लिए काठीटांड के अंजुम खान व पिर्रा के आसिफ अंसारी उप सेकेट्री के लिए फुटकलटोली के मोख्तार अंसारी व परहेपाट का महफूज आलम तथा खजांची पद के लिये फुटकलटोली के अजमुल हक व अयुप अंसारी ने नामांकन किया है। 6 व 7 अगस्त को नाम वापसी 9 अगस्त को चुनाव चिन्ह दिया जायेगा।13 अगस्त की सुबह 8 बजे से बैलेट पेपर के जरिये वोट की प्रक्रिया शुरू कर दिया जायेगा। दिन के एक बजे तक वोट का समय रखा गया है। इसके उपरांत शाम को वोट की गिनती कर प्रत्याशियों की जीत की घोषणा की जायेगी। प्रखंड के 35 मस्जिद कमेटियों के लगभग 900 लोग वोट डालेंगे। प्रत्येक कमेटी के 25 लोग शामिल होंगे। मस्जिद के इमाम भी वोट का हिस्सा बनेंगे।

## आजसू पार्टी ने पैका पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के तत्वावधान में खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से पैका पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जरगा मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में पंचायत की चार टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला पैका टुंगरी टोला एवं जरगा टीम के बीच खेला गया। जिसमें पैका टुंगरी टोला की टीम पेनाल्टी शुटआउट में जरगा की टीम को 2-1 से पराजित कर पंचायत की विजेता टीम बनी। बाद में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में पारसनाथ उरांव ने विजेता, उपविजेता सहित प्रतिभागी सभी टीमों को नकद राशि एवं जर्सी एवं फुटबॉल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ उरांव, जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, संजय महतो, गोपाल महतो, विष्णु महतो, मादी उरांव, जीतराम महतो, जयमसीह तिर्की, फुलेंद्र महतो, राजेश उरांव, अजीत कच्छप, महदेव उरांव, वरदान लिंडा, रोहित मुंडा, मनोज उरांव, दशरथ उरांव, जगदीश मुण्डा आदि मौजूद थे।

## आमया संगठन प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सुदेश महतो से की औपचारिक मुलाकात



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आमया के अध्यक्ष सह छात्र नेता एस अली एवं उनकी टीम ने आज आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक सुदेश कुमार महतो के साथ औपचारिक मुलाकात की। एस अली ने छात्र हित एवं झारखंड के हित में विधानसभा में बात रखने के लिए केंद्रीय अध्यक्ष को बधाई दी। अली ने कहा कि झारखंड विधानसभा में जिस तरह सुदेश महतो ने हर ज्वलंत विषय पर अपनी राय दी एवं महागठबंधन की सरकार से जो प्रश्न किए हैं वो इनकी दूरगामी सोच को दर्शाता है। झारखंड की जनता को एक बार इन्हें झारखंड को सजाने संवारने का मौका देना चाहिए।

## रंगला पंजाब रिजॉर्ट में झारखंड ताइक्वांडो संघ एडहॉक कमेटी की बैठक आयोजित



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी गोला पथ पर इंटेक मोड़, स्थित रंगला पंजाब रिजॉर्ट में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गठित झारखंड ताइक्वांडो संघ एडहॉक कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न 18 जिलों से आए ताइक्वांडो प्रशिक्षकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। झारखंड ताइक्वांडो संघ एडहॉक कमेटी की बैठक एडहॉक कमेटी के चेयरमैन एवं ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष एल सुकून सिंह की अध्यक्षता में हुई। चेयरमैन एल सुकून सिंह के समक्ष विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षकों एवं झारखंड के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। चेयरमैन ने विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षकों एवं प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया को अवगत कराकर यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रूप से नीरज कुमार, फारूख नदीम, संतोष कुमार शर्मा, बमबम देव, संतोष कुमार, मंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

**बैठक :** आजसू पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक में नामकुम छात्र संघ का किया गया विस्तार

# छात्र संगठन ही झारखंड की राजनीतिक दिशा तय कर सकता है : पारसनाथ उरांव

**नामकुम प्रखंड छात्र संघ अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, सचिव आशीष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अमन साहू एवं मीडिया प्रभारी अमित महली चुने गये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आजसू पार्टी की खिजरी विधानसभा स्तरीय बैठक शनिवार को लाली रेसिडेंसी टाटीसिलवे में खिजरी विस प्रभारी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आजसू छात्र संगठन को मजबूती देने तथा पंचायत स्तर पर इसका गठन करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नामकुम प्रखंड छात्र संघ का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, सचिव आशीष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अमन साहू एवं मीडिया प्रभारी अमित महली चुने गए।

मौके पर खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि आने वाला समय छात्रों का है। छात्र ही राज्य की राजनीतिक दशा एवं दिशा को तय कर सकते हैं। उन्होंने 2024 में झारखंड की राजनीतिक परिवर्तन के लिए छात्रों को तैयार रहने को कहा।

इस अवसर पर प्रभारी जितेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जलनाथ चौधरी, अजीत महतो, आजसू नेत्री फूलकुमारी देवी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

मौके पर विशाल कुमार राणा, अमन सिंह, रवि कुमार, राज मोहन, कमलेश कुमार, अजय कुमार, हर्ष कुमार, संदीप कुमार, संदीप सिंह, मोहित कुमार आदि मौजूद थे।

## स्वर्णरेखा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 13 को कांवर यात्रा

**सुबह 7 बजे से शुरू होगी यात्रा, चार जगहों पर होगा विश्रामस्थल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** झारखंड की लाइफलाइन कही जाने वाली स्वर्णरेखा नदी में बढ़ते प्रदूषण और चुटिया स्थित प्राचीन धरोहर इक्कीसो महादेव को बचाने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा 13 अगस्त को स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानी चुआं से लेकर इक्कीसो महादेव (21 किलोमीटर) की पैदल कांवर यात्रा का निकाली जायेगी। गौरतलब है कि रांची के नगड़ी से निकलकर सीधे बंगाल की खाड़ी में मिलने वाली 474 किलोमीटर स्वर्णरेखा आज रांची की नालियों में तब्दील और शहरीकरण के कारण सर्वाधिक प्रदूषित है। रांची के चुटिया स्थित हरमू नदी का गन्दा पानी स्वर्णरेखा में मिलने से स्वर्णरेखा भी काली पड़ती जा रही है। स्वर्णरेखा के तटों पर आज कचरों और जल्कुम्भियों की भरमार है। इन्हीं दोनों नदियों के संगम पर स्थित नागवंशी कालीन 21 शिवलिंग (इक्कीसो महादेव) भी आज प्रदूषण के कारण विस्मृत होने की कगार पर हैं। स्वर्णरेखा उत्थान समिति विगत सात वर्षों से नदी की सफाई अभियान में जुटी है। लोग स्वर्णरेखा नदी और अपने विस्मृत होते धरोहर के प्रति संवेदनशील बनें। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर इस कांवर यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में कांवरिये लोगों और सरकार से स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव को बचाने की अपील करेंगे।

**कांवर यात्रा का चार स्थानों में होगा पड़ाव :** 21 किलोमीटर की उक्त कांवर यात्रा में चार स्थानों पर विश्रामस्थल बनाये गये हैं। जिसमें कांवर रखने का स्टैंड, पीने का पानी, शरबत, मेडिकल की व्यवस्था और आराम करने के किये टेंट की व्यवस्था रहेगी। पहला पड़ाव नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, दूसरा कटहल मोड़ पर, तीसरा अरगोड़ा चौक स्थित मंडा मंदिर और अंतिम पड़ाव क्लब रोड स्थित सिटी सेंटर रहेगा। वहीं, इस यात्रा के साथ साथ बस और एम्बुलेंस भी साथ में चलेगी। बैठक में विकास जयसवाल, दीपेश पाठक, रवि राय, विष्णु वर्मा, पिया बर्मन, गौतम देब, मनोज महतो, नंदकिशोर, वीणा सिंह, ममता देवी, नीलू सिंह, रंजीता पाण्डेय, रुना देवी, कलावती देवी, मीरा सिंह के साथ अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सीआरसी नामकुम में अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास व सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र नामकुम रांची का अवलोकन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता भारत सरकार के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा के द्वारा सीआरसी नामकुम में अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसवीनिरतार कटक उड़ीसा के निदेशक डॉ पीपी मोहंती उपस्थित रहे। इस अवलोकन के उपरांत संयुक्त सचिव ने दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया। साथ ही साथ सेवाओं को और उन्नत व प्रभावी बनाने के लिए केंद्र के कर्मियों को निर्देशित किया। केंद्र में शुरू होने वाले क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन केंद्र के शीघ्र संचालन हेतु भी निर्दे स्थापना का निर्देश दिया। झारखंड के दिव्यांगजनों को समुचित व प्रभावी पुनर्वास सेवा उपलब्ध कराने हेतु केंद्र के कर्मियों को निर्देशित करते हुए भारत सरकार द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया और केंद्र परिसर में स्थापित एलिम्को कानपुर के क्षेत्रीय पुनर्वास केंद्र का भी अवलोकन किया। इस केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री व सहायक उपकरणों का अवलोकन किया। साथ ही साथ उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं की व्यापक जानकारी लेते हुए केंद्र के सेवाओं को और व्यापक बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ भी अधिकारी द्वय ने वातार्लाप किया तथा उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए भविष्य में केंद्र के माध्यम से उनकी समस्त समस्याओं के समाधान के प्रयास का आश्वासन दिया। अंत में राजीव शर्मा संयुक्त सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 10 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किया। इस दौरान समिति सह नामकुम केन्द्र के निदेशक जितेंद्र यादव ने अपने अधिकारियों का स्वागत करते हुये उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ प्रीति तिवारी, विजय कुमार, मूवी चंद्रकांत बिसवाल, सुमित कुमार सिन्हा, आरती कुमारी, राजेश माली, संजय कच्छप, सद्दाम हुसैन, सुभाष नायक, संदीप कुमार, प्रेम कुमार, राजेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## विद्यार्थियों को वृक्षों की तरह फलदायी व छायादार होना चाहिए : रामकुमार पाहन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में आज ओरमांझी एसएस हाई स्कूल परिसर में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के द्वारा पौधरोपण किया गया। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने विद्याथियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को वृक्षों की तरह फलदायी व छायादार होना चाहिए। पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी को लेने की आवश्यकता है। मौरे पर विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला, भाजपा के बालक पाहन, मुखिया दीपक बड़ाईक, उपमुखिया संतोष गुप्ता, शशि मेहता, प्रभारी पुष्पा कुमारी सहित कई शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## मांडर के नगड़ा पंचायत में हर घर जल नल योजना का शिलान्यास

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित नगड़ा पंचायत में शनिवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने योजना के बारे में विस्तार से बतलाया। इस योजना में प्रत्येक गांव के 40 घरों मे एक बोरिंग कर गांव के 200 घरों में 5 बोरिंग द्वारा पम्प के मदद से पानी दिया जाना है। गर्मी के मौसम में पानी को लेकर ग्रामीण परेशान रहते थे। उसे दूर करने का काम किया जाना है। विधायक ने बैठक में अपने एक साल के कार्यकाल में कितनी योजनाओं को अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र में कराया है उसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। विधायक ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और उसका निदान कराने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, तबारक खान, अर्जुन महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लापुंग के चापाटोली में सड़क नहीं बनने से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ककरिया पंचायत क्षेत्र के चंपाडीह चापाटोली गांव के रास्ते में पानी व कीचड़ भर जाने से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसे लेकर शनिवार को महिलाओं ने विरोध-प्रदर्शन कर पंचायत प्रशासन व सरकार से पक्की सड़क बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ककरिया- कर्रा मुख्य मार्ग से होकर चापाटोली बस्ती घुसने के लिए लगभग पांच से छह सौ मीटर सड़क की जरूरत है। इसे लेकर कई बार मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन सभी ने अनसुना कर दिया। कच्ची सड़क होने व बरसात का पानी भर जाने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। जिससे आवाजाही में परेशानी हो रही है। छोटे बच्चों को पानी के बीच से होकर आना पड़ता है। महिलाओं ने कहा कि नेता लोग चुनाव के समय वोट मांगने के लिए बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव की तरफ पीछे मुड़कर नहीं देखते हैं। मौके पर सरोज देवी, सुमित्रा उरांव, मंगरी उरांव, लखीया धान, शीलनती कुमारी, सुकरो उरांव, जतरी उरांव, टीना उरांव, सुनीता केरकेट्टा समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि मनायी गयी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** देश के आजाद हिंद फौज के इंटेलिजेंट ग्रुप-2 के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर बानेश्वर राय का 18वीं पुण्यतिथि शनिवार को रामपुर बाजार स्थित उनके आवास पर मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र समीर राय ने की। इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान बिरसा मुंडा जिन्हें विश्व स्तरीय पहचान मिली है। वैसे ही देश के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी सम्मान और प्रतिष्ठा मिले। खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने उनके व्यक्तित्व और देश के प्रति किये गये कार्यों का उल्लेख किया। मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कहा कि अमर सेनानी बानेश्वर राय का परिवार किस हालात में जीवन यापन कर रहा है इसको देखने वाला कोई नहीं है। मौके पर गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, दिलीप साहू, रंजन राय, विक्रम राय, आरती राय, किरण मुंडा, फुलो देवी, ज्योति राय, मौसमी मुखर्जी, वीरेंद्र गिरी, अनूप सिंह, निकिता मुंडा के साथ आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

**बैठक :** रातू प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में औपचारिकता पूरी

# कई विभागों के अधिकारी रहे अनुपस्थित

**23 में सिर्फ पांच पंचायत समिति सदस्यों ने लिया हिस्सा, पांच मुखिया भी रहे नदारद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड सभागार में शनिवार को विभागीय प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 23 पंचायत समिति सदस्यों में से सिर्फ 5 सदस्यों ने ही हिस्सा लिया। इसके अलावा 5 पांच मुखिया भी बैठक का हिस्सा नहीं बने। कई विभागों के अधिकारी भी बैठक से गायब रहे। हालांकि बैठक की जानकारी सभी को दे दी गयी थी। ऐसे में बैठक मात्र औपचारिकता बन कर रह गयी। अनुपस्थित अधिकारी समीक्षा बैठक को महत्व नहीं देते हैं। वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति सदस्य भी बैठक में हिस्सा लेना जरूरी नहीं समझ रहे हैं। बैठक में 23 पंचायत समिति सदस्यों में प्रमुख व उप प्रमुख समेत सिर्फ पांच सदस्यों ने ही हिस्सा लिया। इसके अलावा पांच पंचायतों के मुखिया भी समीक्षा बैठक से नदारद रहे जिसमें फुटकलटोली, सुंडिल, पाली, चटकपुर व बिजुलिया के मुखिया शामिल हैं। प्रतिनिधियों के इस रवैये से ग्रामीणों के उम्मीदों पर पानी फिर गया है। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने सदस्यों व विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुये अगली बैठक में सभी को आने का निर्देश दिया। इसके उपरांत बाल विकास, चिकित्सा, बैंक, पशुपालन, शिक्षा, खाद आपूर्ति, कल्याण, सहकारिता, अंचल व अन्य विभागों की विभागवार समीक्षा की गई। जिप अध्यक्ष ने एक-एक करके सभी विभागों की समीक्षा की और कहा कि सभी पंचायत जन प्रतिनिधियों को आपस में समन्वय बनाकर जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। जनता के बीच में विकास योजनाओं का घोर अभाव है एवं सभी योजनाओं को समय सीमा पर पूरा करने की कोशिश करें। हमारे क्षेत्र में पलायन एक बड़ी समस्या है इसे हम स्थानीय स्तर पर रोजगार देकर रोक सकते हैं। सरकार द्वारा बहुत से योजनाएं शिक्षित युवाओं एवं महिलाओं के लिए चलाई जा रही है आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि उसे जनमानस तक पहुचाए। इन्होंने प्रखंड में जन वितरण प्रणाली एवं बिजली विभाग के लचर व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधार करने को कहा। श्रीमती निर्मला भगत ने कहा कि अगली समीक्षा बैठक में रातू प्रखंड मुख्यालय के सभी पदाधिकारी अपने अपने योजनाओं के रिपोर्ट कार्ड के साथ तैयार रहेंगे। अगली समीक्षा बैठक में योजनाओं का जांच भी होगा एवं दोषी पाए जाने पर करवाई होगी।

मौके पर जिप सदस्य मनीषा देवी, जिप सदस्य मांडर एतवारी कुजूर, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव मिश्रा, रातू प्रमुख संगीता देवी, उपप्रमुख रियाजुल अंसारी, बीडीओ हरिशंकर बारीक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, सीएचसी प्रभारी आईएस होरो, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सीआई संतोष उरांव, उद्योग प्रचार प्रसार पदाधिकारी रातू, विद्युत विभाग, पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## 15 दिनों में लचर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई: निर्मला भगत

**रातू में बिजली की लचर व्यवस्था से नाराज जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि क्षेत्र में झुके हुये पोल, जर्जर तार व लचर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग के लोग 15 दिनों के अंदर जर्जर तार, झुके हुए बिजली पोल व जले हुए ट्रांसफॉर्मर को बदलें।**

## इटकी के सुल्तान नगर में चार दिनों से बिजली बाधित

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के सुल्तान नगर में गत चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार गत दो अगस्त को आकाशी बिजली चमकने व तेज गर्जन के बाद दो सौ केवीए के उक्त ट्रांसफॉर्मर से बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। उपभोक्ताओं के अनुरोध पर बिजली कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति चालू किए जाने का प्रयास किया, परंतु इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। इधर चार दिनों से बिजली ठप रहने से अधिकांश घरों में पानी की किल्लत हो गयी है। मोबाइल फोन के चार्जिंग के लिए भी लोगों को भटकना पड़ रहा है।


### झारखण्ड सरकार वन एवं पर्यावरण विभाग
### न्यायालय, समाहर्त्ता-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग

पत्रांक :- 1692 दिनांक :- 04.08.2023

नोटिस

**Notice under section-3 of the Bihar Public Land Encroachment Act. 1956**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि हजारीबाग वन्यप्राणी प्रमण्डल के अन्तर्गत वन्यप्राणी आश्रयणी गौतमबुद्धा, चौपारण, हजारीबाग में वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने संबंधी सूचना।

| क्र. | अभियुक्त का नाम एवं पता | JPLEवाद संख्या | JPLE वाद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मदन साव, पिता–स्व0 रौशन साव, ग्राम–दनुआ, थाना– चौपारण, जिला–हजारीबाग। | 39/2016 | 39/2016 |
| 2 | राजु साव, पिता–स्व0 रौशन साव, ग्राम–दनुआ, थाना– चौपारण, जिला–हजारीबाग। | 40/2016 | 40/2016 |
| 3 | 1. राजो यादव, पिता– दशरथ यादव, ग्राम– वनियावा रोड, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग।<br>2. विरेन्द्र यादव, पिता– दशरथ यादव, ग्राम– सिलोदर, थाना– चौपारण, जिला–हजारीबाग।<br>3. प्रभु यादव, पिता– दशरथ यादव, ग्राम– सिलोदर, थाना– चौपारण, जिला–हजारीबाग। | 41/2016 | 41/2016 |
| 4 | विनोद साव, पिता–स्व0 दामोदर साव, ग्राम–तोलियामंडी, थाना–मयूरहंट, जिला– हजारीबाग। | 42/2016 | 42/2016 |
| 5 | श्यामलाल तुरी, पिता–स्व0 लीवर तुरी, ग्राम– मुर्तिया, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग। | 43/2016 | 43/2016 |
| 6 | 1. सोबरन यादव, पिता–स्व0 टोडी यादव, ग्राम–सांझा, थाना–चौपारण, जिला– हजारीबाग।<br>2. हुलास यादव, पिता–स्व0 टोडी यादव, ग्राम–सांझा, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग। | 45/2016 | 45/2016 |
| 7 | भोली यादव, पिता–लक्षु यादव, ग्राम– सांझा, थाना– चौपारण, जिला– हजारीबाग। | 47/2016 | 47/2016 |
| 8 | विशुन साव, पिता–स्व0 लालधारी साव, ग्राम– सांझा, थाना–चौपारण, जिला– हजारीबाग। | 48/2016 | 48/2016 |
| 9 | सकलदेव यादव, पिता–विशुनधारी यादव, ग्राम–सिलोधर (बनियाटॉड़), थाना–चौपारण, जिला–हजारीबाग। | 49/2016 | 49/2016 |

अतः इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से उन सभी व्यक्तियों को जिनका संबंध अवैध अतिक्रमण से है। दिनांक 06.08.2023 तक वन भूमि पर अवैध ढाबा/होटल निर्माण कर किये गये अतिक्रमण एवं आपके व्यक्तिगत समानो को हटा ले। अन्यथा विभाग की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण विमुक्ति में वहन किये गये खर्च की राशि विधि–सम्मत आपसे वसुल की जाएगी।

ह0/–
न्यायालय, समाहर्त्ता
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग

PR.NO.304123 Forest,
Environment and Climate Changes(23-24):D

## 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन, कहा विगत 05 माह से नहीं मिला वेतन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा के 108 एंबुलेंस के तहत सभी इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन और चालक पद पर कार्यरत लोगो ने मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपा। मंत्री को बताया कि उन्हें विगत 05 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जिसके कारण हमारे जैसे अन्य वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने भुखमरी का संकट खड़ी हो गयी है, जबकि हम लोग 24७7 घंटे सेवा दे रहे है। हमे माह मार्च 2023 से अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि और सभी स्वास्थ्य विभाग कर्मी का वेतन भेजा जा चुका है। हमारे कंपनी जिवजा हेल्थ केयर लिमिटेड का टेंडर 17 अगस्त 2023 तक ही है। आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया हमारे वेतन भुगतान (टोटल ) एवं नौकरी हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें और हम लोगों का वेतन भुगतान समय समय पर किया जाये। इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिकजा हेल्थ केयर लिमिटेड 108 एंबुलेंस यूनिट झारखंड और थाना प्रभारी लोहरदगा को भेजा गया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक



महुआडांड़(आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड सभागार में एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों छोड़कर सभी को खिलाया जाना है दवा। एसडीओ ने कहा कि सभी अपने अपने स्तर से मस्जिदों, मंदिरों, गिरजाघर से समस्त जनसमुदाय को सुचना देने की अनुरोध कर फाइलेरिया जैसे बीमारी से मुक्ति दिलाने में सहयोग करने की बात कही। मौके पर बीडीओ अमरेग डांग, प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज सहित मुखिया प्रतिनिधि और स्वस्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगी मेरा देश मेरा माटी का कार्यक्रम: पवन कुमार महतो



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय सभागार में 05 अगस्त शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलायी जाने वाली कार्यक्रम मेरी माट्टी मेरा देश कार्यक्रम के विषय वस्तु पर प्रखड़ कर्मियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये कहा कि वीर सपूतों के सम्मान में आयोजित मेरी माट्टी मेरा देश कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों से कलश में मिट्टी लेकर अपने-अपने पंचायत में संग्रह कर 15 अगस्त को प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराना है, ताकि वीर जवानों के सम्मान में झारखण्ड से 75000 कलश दिल्ली भेजी जा सके। वही 9 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी पंचायत में अमृत वाटिका, शिलापट व सिलाफलक्म का निर्माण करना है। अमृत वाटिका में 75 फलदार और इमारती पौधे लगा कर शिलापट में पंचायत के वीर शहीद, स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखवाना है साथ ही देश का शांति, अखंडता, गौरव, वीरता का शपथ दिलाना है। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, सुमन उरांव, अरविंद, गुहा, शुहैल, राजेश, राजीव आदि उपस्थित थे।

## छिपादोहर में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर के गांधी मैदान में फुटबॉल जॉन 2 के बैनर तले फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन। मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र यूथ कांग्रेस के नेता विजय बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत। पहला मैच चंदवा बनाम छेचा के बीच खेला गया। इस दौरान विजय बहादुर सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर बिरेंद्र सिंह, निजाम अंसारी समेत काफी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## नाजिर का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रखंड नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण होने के पश्चात विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कर्मी के द्वारा किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि मेरे सीओ पद पर रहते हुए नाजिर जयराम असुर का स्थानांतरण अपर समाहर्ता कार्यालय लोहरदगा में हुआ है। और उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हुए सरकार की दायित्व का निर्वाहन करने की सलाह दी गयी। मौके पर बीपीओ निलेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, जेई संजीत कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पंचायत सचिव नागमणी उराँव, रिझवान अख्तर, अधीश खाखा सहित प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## एआरओ ने किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण



बारियातू (आजाद सिपाही)। सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने शनिवार को मतदान केंद्र संख्या 35 उच्च विद्यालय फुलसु का डोर टू डोर निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कुमारी ने बताया कि डोर टू डोर, हाउस टू रोल व रोल टु हाउस के तहत मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। एक जनवरी 2024 एक अप्रैल 2024, एक जुलाई 2024 और एक अक्टूबर 2024 को जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वैसे सभी युवक और युवतियों ने अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची जोड़वाने की अपील किया। साथ ही बताया कि मतदान केंद्र संख्या 43 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीरबीर में पर्यवेक्षक कुमार के द्वारा हाउस टु रोल व रोल टु हाउस के तहत घर घर सत्यापन किया गया। मतदान केंद्र संख्या 67 मध्य विद्यालय बारियातू में पर्यवेक्षक बिमला कुमारी द्वारा किया गया। परियोजना +2 उच्च विद्यालय बारियातू में पर्यवेक्षक मो शमीम और आलोक कुमार दुबे द्वारा भविष्य के मतदाताओं को चुनाव का महत्व बताते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया।

# निःशुल्क कोर्स के लिए आइएचएम रांची भेजे गये 24 युवक-युवतियां

**मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सूबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव, ने विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) अनाबद्ध निधि से होटल मैनेजमेंट के निःशुल्क कोर्स के लिए आईएचएम, रांची हेतु लोहरदगा जिला के कुल 24 युवक-युवतियों को नगर भवन, लोहरदगा परिसर से रवाना किया गया। इन कोर्सों में डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग और फ्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एंड पेस्ट्री शामिल है। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री, उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। मंत्री ने कहा कि आज रोजगार की कमी है लेकिन स्वरोजगार के अवसर अवश्य उपलब्ध हैं। कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता। स्वरोजगार भी जीविकोपार्जन का एक बेहतर माध्यम हो सकता है। बढ़ती हुई जनसंख्या में सभी को नौकरी दे पाना किसी भी सरकार में संभव नहीं है। आज जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से आईएचएम, रांची में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स के लिए युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। यह उनके लिए निःसंदेह बहुत बढ़िया अवसर है। बीते वर्ष भी इस योजना के तहत 36 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए आईएचएम रांची भेजा गया था जो कई बड़े शहरों के बेहतरीन होटलों में अपनी सेवा दे रहे हैं।

**युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना उद्देश्य : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इस अवसर पर कहा कि जेएसएलपीएस और एनआर एलएम प्रोजेक्ट के तहत पूर्व से स्वरोजगार के कई कार्यक्रम चल रहे हैं। यहां के युवाओं को होटल मैनेजमेंट के उद्योग से जोड़ने के लिए सर्वप्रथम आईएचएम, रांची और जिला प्रशासन, लोहरदगा के लिए बीच एक एमओयू किया गया जिसमें यहां के युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए चार कोर्स शामिल किये गये। उन्हें रांची, हैदराबाद, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बोधगया के होटलों मे नौकरी मिल गयी है। आज 24 युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईएचएम रांची के प्राचार्य भूपेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# पेपर प्लेट मशीन यूनिट से महिलाएं आर्थिक स्वावलंबी बन सकेंगी: बीके झा

**बगड़ू में हिंडालको सीएसआर मद से पेपर प्लेट मशीन यूनिट का हुआ उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगड़ू खनन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीचे बगड़ू में आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देते हुए हिंडालको सीएसआर मद से पेपर प्लेट मशीन यूनिट का उदघाटन किया गया। उदघाटन कार्यक्रम हिंडालको के अध्यक्ष श्री बिजेश कुमार झा द्वारा फीता काटकर और मुखिया रानी मिंज द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके पर श्री झा ने उपस्थित महिला समूह के सदस्यों और ग्रामीणों को कहा कि आर्थिक स्वावलंबन के क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु हरसंभव मदद और सहयोग दिए जायेंगे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र की तरक्की में मदद करते हुए आज यह पेपर प्लेट मशीन यूनिट का शुभारंभ किया जा रहा है। इस यूनिट से यहां की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण और हमारा सहयोग से क्षेत्र में आर्थिक स्वावलंबन की गति बढ़ायी जा सकेगी। भविष्य में एक मशीन और प्रदान किये जायेंगे। बगड़ू की मुखिया रानी मिंज ने हिंडाल्को प्रबंधन का आभार प्रकट किया। जिनके सहयोग से साधना महिला मंडल द्वारा पेपर प्लेट मशीन यूनिट को स्थापित कर महिलाओं को सहयोग दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से सहायक उपाध्यक्ष वासुदेव गंगोपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास सुधीर चौधरी, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, प्रबंधक बगड़ू राजकुमार सिन्हा, मनोज पांडे, भास्कर सिन्हा, सुनील चौधरी, आशीष, सीता समेत ग्रामीण और हिंडालको कर्मी मौजूद रहे।

## दुग्ध शीतक केंद्र का किया गया उद्घाटन



कैरो(लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। प्रखंड के उतका गांव में 05 अगस्त शनिवार को दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति कैरो के सौजन्य से रांची डेयरी रांची के द्वारा दुग्ध शतिक केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रभारी संग्रहण ओमप्रकाश, प्रभारी सयंत्र संजय मिश्रा, काजल कुमारी, शरत कुमार विद्यार्थी, जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी आदि अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर राकेश कुमार,सुनील कुमार यादव, अमरेंद्र समिति के अध्यक्ष ताहिर अंसारी, सचिव शम्भू कुमार, बेलाल अंसारी, जगदीश महतो, कैलाश महतो, मोबिन आलम, सुदीप कुमार, जुबैर अंसारी, जावेद अंसारी, बिपिन कुमार सिंह, मो सजाद, अख्तर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# 24.5 करोड़ की लागत से लातेहार रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास: राहुल राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास (री-डेवलपमेंट) किया जायेगा। इस योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का भी 24.5 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा। इसकी जानकारी सीनियर डीएफएम राहुल कुमार राय ने एक प्रेस वार्ता कर दी। श्री राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए, ये पुनर्विकसित स्टेशन नयी अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। इसके तहत नया अच्छी तरह से डिजाइन किया गया ट्रैफिक सकुर्लेशन और इंटर-मोडल एकीकरण, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए समान और अच्छी तरह से डिजाइन किये गये साइनेज, स्टेशन भवन, यात्री शेड, नया प्लेटफार्म, बाथरूम, आधुनिक टिकट काउंटर, वातानुकूलित और सामान्य प्रतीक्षालय, कैंटीन, डॉरमेट्री और पार्किंग व्यवस्था लोगों को मिलेगा।छह अगस्त को पीएम ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे

श्री राय ने आगे बताया कि रविवार 6 अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। लातेहार रेलवे स्टेशन में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कहा कि इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मौके पर अभय कुमार यातायात निरीक्षक, सुनील सागीत्रा एडीईएल लातेहार, स्टेशन प्रबंधक बलवंत सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# पेशरार में दशकों बाद भी नेटवर्क व्यवस्था बहाल नहीं, मोबाइल उपभोक्ता परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के घोर उग्रवाद और सुदूरवर्ती पेशरार प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत अंतर्गत 74 गांव बसती है, जहां पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का स्थापना के वर्षो बाद भी क्षेत्र में नेटवर्क सुविधा प्रशासनिक अमला और आम नागरिकों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। हालांकि क्षेत्र में संचार सुविधा शत प्रतिशत बहाल कराने को लेकर जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है। यहां पर बता दें कि पेशरार प्रखंड क्षेत्र में लगभग 13 से 14 स्थानों पर नेटवर्क स्थापित कराने को लेकर काफी तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पेशरार प्रखंड क्षेत्र को नेटवर्क सुविधा से लैश करने हेतु एयरटेल और बीएसएनएल कंपनी का टावर लगाने का कार्य तेज गति पर किया जा रहा है, परंतु प्रखंड स्थापित के वर्षो बीत जाने के बाद भी नेटवर्क समस्या से क्षेत्र के लोगों को छुटकारा नहीं मिलने से अब भी मायूसी छाया हुआ है। पेशरार प्रखंड क्षेत्र में यूं तो विकास के मायने में काफी योजनाएं धरातल पर उतारी गई है जिसका क्षेत्र के लोगों को लाभ भी मिल रहा है। लेकिन प्रखंड और अंचल का स्थापना के दशकों बाद क्षेत्र में नेटवर्क सुविधा बहाल नहीं हो पाने से लोगों को नेटवर्क की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है।

**नेटवर्क समस्या प्रशासनिक अमला के लिए बड़ी चुनौती**

लोहरदगा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेशरार प्रखंड, पेशरार थाना और बैंक ऑफ इंडिया पेशरार शाखा में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के निपटारे को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बड़ी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। यहां पर प्रति दिन दैनिक रिपोर्ट जिला मुख्यालय में ससमय पहुंचाने को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बावजूद सरकार अब तक पेशरार क्षेत्र में नेटवर्क सुविधा बहाल कराने में नाकाम साबित हुआ है।

## पांच सीएचसी के लिए अत्याधुनिक एंबुलेंस को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया रवाना



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से क्रय किये गये लाईफ सपोर्ट सिस्टम से लैस अत्याधुनिक एंबुलेंस को शनिवार को मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव ने पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) सदर प्रखंड, कुडू, किस्को, भंडरा और सेन्हा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये सभी एंबुलेंस चौबीसों घंटें आपातकालीन सेवा के लिए अपने सीएचसी में उपलब्ध रहेंगे। मौके पर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि उपायुक्त की सूझबूझ और सोच से ही यह संभव हो पाया है। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। बड़े अस्पतालों तक मरीजों को आपातकालीन स्थिति में ले जाने के लिए इस एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जायेगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सड़क दुर्घटनों और कार्डिएक अरेस्ट से संबंधित मरीजों को बड़े सुविधाजनक अस्पताल तक ले जाने के लिए इस एंबुलेंस का इस्तेमाल होगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमुंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला परिषद सदस्य पेशरार रूबी देवी, जिप सदस्य भण्डरा राजमनी उराँव, जिला योजना पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

## 25वीं बार रक्तदान कर विक्रांत बने मिशाल



लातेहार(आजाद सिपाही)। कहते हैं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्त दान किसी की जिंदगी बचा सकती है। ऐसे ही एक रक्तवीर है हमारे लातेहार में जिनका नाम विक्रांत सिंह हैं, जिन्होंने अपने जीवन में अभी तक 24 बार रक्तदान कर कईयों की जिंदगी बचा चुके हैं और शनिवार को एक बार फिर जब उन्हें जानकारी हुई की सदर अस्पताल में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकईया की रहने वाली जोंडिंस मरीज नीति देवी को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है तो वह आगे बढ़ कर अपना 25वां रक्तदान किया। विक्रांत सिंह पेशे से वकील हैं और वह कहते हैं की मनुष्य का जीवन अनमोल है, मेरा एक ही उद्देश्य है कि यदि मेरे रक्तदान से किसी भी व्यक्ति का जीवन बचता है तो मेरा उद्देश्य सफल है। इसी लिए वे हर समय किसी ना किसी रूप से लोगों की जिंदगी बचाने में लगे रहते हैं चाहे रक्तदान हो या और किसी तरीके से। मेरा लातेहार के युवाओं से आग्रह है कि आप आगे बढ़ें और लातेहार ब्लड बैंक में आकर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि जिसे भी रक्त की आवश्यकता हो उसे रक्त समय पर उपलब्ध कराया जा सके, जिससे उसकी जिंदगी बच सके।

## जीवन में महान लक्ष्य का निर्धारण जरूरी : डॉ सिस्टर ग्रेस



महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। संत जेवियर महुआडांड़ महाविद्यालय में आज स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम थी 'गोल सेटिंग'। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना से मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी के प्रोफेसर और आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ सिस्टर ग्रेस और आइक्यूएसी मेंबर मिस्टर पीयूष वर्मा उपस्थित थे। डॉ सिस्टर ग्रेस ने कॉलेज के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और सर्वांगीण विकास करने हेतु महत्वपूर्ण चरण बतलाये। इस अवसर पर प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जूलियट, डॉ समीर टोप्पो, डॉ राजीव तिर्की, डॉ प्यारी कुजुर आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर उपस्थिति थे।

## चोरों ने मोटरसाइकिल समेत अन्य सामानों की चोरी

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के मुर्गिडीह सीआरपीएफ कैंप के समीप अहिरपुरवा में दिनेश प्रजापति की घर में बीते रात्रि अज्ञात चोरों ने चाहरदीवारी फांदकर घर में रखें मोटरसाइकिल, मोबाइल नगदी की चोरी कर ली। अज्ञात चोर चाहरदीवारी फांदकर घर में प्रवेश कर बाहर रखे मोटरसाइकिल घर के बाहरी कमरे में सैमसंग की मोबाइल, नगदी समेत अन्य सामानों की चोरी कर चंपत हो गये। शनिवार सुबह जब हम लोग सोकर उठे तब घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान गायब थे। भुक्तभोगी ने दिनेश प्रजापति ने बरवाडीह थाना को लिखित सूचना देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है। वही सूचना मिलने के साथ ही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी है।

## जल जीवन मिशन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

बारियात(आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता बिषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल लातेहार जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया, स्वयं सहायता समूह, वार्ड सदस्य, समूह मे जुड़े महिलाओं को प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर नागेंद्र मिश्रा के द्वारा जल गुणवत्ता बिषय पर प्रशिक्षण दिया गया। जहाँ जल में क्लोराइड, क्षारियता, आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट, अमोनिया, क्लोरीन के जांच के बारे में प्रयोग के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड क्षेत्र के सभी जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के अलावा कई अन्य ने भी भाग लिया।

## भाजपाइयों ने प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक के विरोध में, राज्य में ना लागू हो काला कानून



मनिका (लातेहार)(आजाद सिपाही)। झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक-2023 के पारित होने के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू ने बताया कि 3 अगस्त को विधानसभा झारखंड में प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक लाया गया है। जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। राज्य में ना हो लागू काला कानून। सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं अगर आंदोलन करते हैं तो उन्हें 10 साल सजा का परिवहन किया गया है। और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे ऐसा कानून बनाया गया है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद, भाजपा मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार, युवा मोर्चा महामंत्री चंदन गुप्ता, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी बजिंदर पासवान, मंडल उपाध्यक्ष अमन कुमार, कार्यसमिति सदस्य विकास कुमार पांडे समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आम बागवानी के सफल क्रियान्वयन में कर्मी गति लायें: रमेश कुमार यादव

पेशरार/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मूखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि जो भी कर्मी कार्य के प्रति लापरवाही बरतेंगे वैसे कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर बीपीओ तौसिफ इस्लाम बीएओ सह बीडब्लयूओ महेश कुमार चौहान कनीय अभियंता सचिन कुमार, कनीय अभियंता सूरज कुमार प्रजापति, पंचायत सचिव महफूज अंसारी, महादेव असुर, रोजगार सेवक शम्स तबरेज, विनोद कुमार, छोटू, रामधनी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में युवा मंथन मॉडल जी 20 कार्यक्रम आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में 'युवा मंथन मॉडल जी-20' कार्यक्रम के अंतर्गत जी-20 सम्मेलन का एक मॉडल बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। भारत में होने वाले इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को मिली है। इसलिए प्रधानमंत्री के निर्देश पर पूरे भारतवर्ष के विभिन्न स्कूलों में, खासकर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में छात्रों में नेतृत्व की क्षमता का विकास करने के लिए 'युवा मंथन मॉडल जी-20' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 20 छात्रों ने जी-20 के 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों की भूमिका निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में अपने-अपने विचार और उनके देशों द्वारा उठाये जा रहे कदमों की चर्चा की। अध्यक्ष के रूप में छात्र समीर उरांव ने भारत के प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई। वहीं दिनेश उरांव ने अर्जेंटीना, देवनाथ लोहरा ने ऑस्ट्रेलिया, विष्णु सिंह मुंडा ने ब्राजील, आशीष उरांव ने कनाडा, आकाश महली ने चीन, दिनेश उरांव ने फ्रांस, आलोक टोप्पो ने जर्मनी, अनूप उरांव ने इंडोनेशिया, घनश्याम बड़ाईक ने इटली, विवेक बड़ाईक ने जापान, अमित उरांव ने कोरिया, अमित कुमार लोहरा ने मैक्सिको, हरि मुंडा ने रूस, अर्जुन उरांव ने सऊदी अरब, अनिल मंडा ने दक्षिण अफ्रीका, संदीप मुंडा ने तुर्की, रामराई लागुरी ने यूनाइटेड किंगडम, कानू मुंडा ने संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यशमंत बड़ाईक ने यूरोपीय संघ के राष्ट्राध्यक्षों की भूमिका निभायी। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक कंचन कुमार थे। शिक्षक अमरदीप बक्स राय, रंजन कुमार पांडेय तथा शिक्षिका प्रिया कुमारी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्रों को कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए धन्यवाद देते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बसिया पुलिस पर जब्त बालू के अवैध उठाव का लगाया आरोप, डीसी से कार्रवाई की मांग

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत निनई निवासी अजय साहू ने गुमला उपायुक्त एवं बसिया पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन देकर पुलिस द्वारा जब्त बालू को जेसीबी मशीन के सहयोग से उठाकर ले जाने के संबंध में गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। अजय साहू ने गुमला उपायुक्त को दिये आवेदन में कहा कि बसिया थाना कांड सं. 52/2020 दिनांक- 29/05/2020 धारा- 379 भादवि एवं 54 (5) झारखंड लघु खनिज (एक्शन) रूल्स 2017 के तहत वाद दायर है तथा उक्त तिथि को मौजा निनई से बसिया थाना द्वारा 6,000 घन फीट, 7,000 घन फीट, 14,000 घन फीट एवं 40,000 घन फीट बालू जब्त किया गया है। उसी प्रकार लुंगटू मुंडाटोली से 3,300 घन फीट एवं जमडांग से 3,000 घन फीट बालू भी बसिया थाना द्वारा जब्त कर रखा गया है। अजय साहू ने आवेदन में कहा है कि उपरोक्त वाद में जब्त बालू को निनई से जेसीबी गाड़ी नं. जेएच07जी- 1565 एवं हाईवा गाड़ी नं. जेएच 01ईपी- 9765 तथा जेएच 01ईपी- 4186 के द्वारा बलराम साहू, पिता देवनारायण साहू, ग्राम कुम्हारी, पो. - कुम्हारी, थाना बसिया, जिला गुमला एवं तुलसी राम, पिता सहदेव राम, ग्राम निनई, पोस्ट लुंगटू, थाना बसिया, जिला गुमला द्वारा उक्त बालू को बिना प्रशासन के अनुमति का उठाकर ले जाया जा रहा है। जबकि उक्त बालू बसिया थाना कांड सं 52/2020 के तहत जब्त है और बिना प्रशासन के अनुमति के बालू उठाव करना कानूनन गलत है। अजय साहू ने गुमला उपायुक्त से इसपर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चपका ग्राम निवासी 26 वर्षीय सुभाष उरांव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक की मां गंगी उरांव ने बताया कि सुभाष मोटिया का काम करता था। बीते शुक्रवार को वह घाघरा प्रखंड मुख्यालय में मोटिया का काम करके घर आया और खाना पीना खाकर एक कमरे में सो गया। सुबह जब मृतक की मां लकड़ी निकालने के लिए उक्त कमरे में गई तो देखा कि सुभाष फांसी के फंदे से झूल रहा था। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। थाना से थानेदार अमित कुमार चौधरी व रामजी बैठा घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा कि प्रथम द्दष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## युवती को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म युवक के खिलाफ थाना में मामला दर्ज

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत एक गांव की 27 वर्षीय युवती के साथ मुरकुंडा गांव के एक युवक ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ यौन शोषण किया। वही मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई। जिसके बाद महिला थाना में मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से समझौता भी हुआ और बॉन्ड भी भरवाया गया। जिसके बाद आरोपी युवती को अपने गांव ले गया जहां कुछ दिनों तक साथ में रखा और उसके साथ मारपीट भी की। जिसके बाद युवक ने शादी से इंकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने मामले को लेकर रायडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। वही रायडीह थाना की पुलिस सदर अस्पताल में युवती की मेडिकल जांच कराई। जिसके बाद आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## विक्षिप्त व्यक्ति ने दो लोगों को टांगी से वार कर किया घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्म पुर बकरा कोना निवासी 30 वर्षीय दीपक लकड़ा पिता अनिल लकड़ा और 40 वर्षीय जयामन मिंज पिता स्वर्गीय स्टेफन मिंज को गांव के ही मानसिक रूप से विक्षिप्त जेम्स तिर्की ने टांगी से सिर व गर्दन में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद तत्काल दोनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक लकड़ा अपने होटल में समोसा बना रहा था, तभी अचानक आरोपी वहां पहुंचा और टांगी से उसके सिर में वार कर दिया। वही घटनास्थल पर गांव का ही जयमन उससे पूछने लगा कि तुम बिना गलती का उसको क्यों मार रहे हो, तभी वह जयमन पर भी टांगी से हमला कर दिया और उसके गर्दन में टांगी से वार कर दिया। जिसके बाद वह वहां से भाग गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी पूर्व में कांके स्थित पागलखाना से इलाज करा कर लौटा है, लेकिन वह सामान्य रहता था। अचानक वह इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं चैनपुर थाना की पुलिस गांव पहुंचकर मामले की छानबीन कर आरोपी को पकड़ कर थाना लाई है।

**प्रेस कांफ्रेंस :** रायडीह पुलिस ने ट्रक में ले जा रहे 36 गोवंशीय पशुओं को किया जब्त

# 10 पशुओं की मौत, तीन तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सभी पशुओं को बूचड़खाना में वध करने व तस्करी के लिए छतीसगढ़ से लोहरदगा ले जाया जा रहा था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शनिवार अहले सुबह रायडीह पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे एक ट्रक में लदे 36 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त किया है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में ट्रक चालक 21 वर्षीय अरमान अंसारी पिता कलाम अंसारी, ग्राम ऊरूमुरू बारीडीह, थाना कुडू, 20 वर्षीय अमन अंसारी पिता तसीर अंसारी, ग्राम खवाजा गुलजार नगर, लोहरदगा, 23 वर्षीय तबरेज खान पिता सिकन्दर खान, ग्राम बजरा नरकोपी शामिल हैं।

इस संबंध में रायडीह थाना परिसर में इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि शुक्रवार रात्रि को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि छतीसगढ़ की ओर से एक ट्रक में अवैध गोवंशीय पशुओं को लादकर तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। तभी जांच के दौरान देखा गया कि शनिवार सुबह करीब 8 बजे उक्त गाड़ी छतीसगढ़ की ओर से आ रही है। जिसे रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही चालक ने गाड़ी खड़ी कर दी और सभी भागने का प्रयास करने लगे। जिसे पुलिस जवानों के द्वारा ट्रक चालक व तस्करों को खदेड़ कर पकड़ा गया। वाहन की जांच की गयी तो वाहन में अवैध गौवंशीय पशु थे। वाहन व पशुओं को जब्त कर थाना लाया गया। जब पशुओं को वाहन से उतारा गया तो वाहन से 36 पशु निकले, जिसमे क्रूरता से लादने की वजह से 10 पशुओं की मौत हो चुकी थी। वहीं कुछ पशु घायल हो गये थे। गिरफ्तार ट्रक चालक सह तस्करों से पूछे जाने पर उसने बताया कि ट्रक मालिक सह पशु तस्कर युनूस अंसारी पिता सफरुद्दीन अंसारी, ग्राम कुरैशी मुहल्ला लोहरदगा के द्वारा सभी पशुओं को बूचड़खाना में वध करने व तस्करी के लिए छतीसगढ़ से लोहरदगा ले जाया जा रहा था। वहीं रायडीह थाना में सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए, ट्रक चालक सह पशु तस्करों को जेल भेजा जा रहा है। साथ ही पशुओं को जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर दिया गया है। वहीं मृत पशुओं का अंत्येष्टि की गयी। छापामारी में थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआई अभिनव कुमार, परवेज आलम खां, महेश पासवान, एएसआई जसमुद्दीन अंसारी, अशोक तिवारी, तपेश्वर बैठा व सैट 11 के जवान शामिल थे।



### भरनो पुलिस ने पशु तस्करी के आरोपी को जेल भेजा

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो पुलिस ने शनिवार को पशु तस्करी के एक आरोपी को जेल भेज दिया। इस बावत एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की रात को एक ट्रक में लादकर ले जा रहे 36 गौवंशीय पशु की तस्करी की जा रही थी। जिसे थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी, एसआई सुरेंद्र कुमार, एएसआई फागु राम उरांव, एसआई शिवम गुप्ता व पुलिस बल द्वारा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, पुलिस को देख ट्रक चालक व खलासी ट्रक छोड़ फरार हो गए। वहीं ट्रक की रेकी कर रहे एक आई टेन कार भी मौके से भागने लगी। पुलिस ने कार का पीछा करते हुए भरनो गढ़ा टोली के समीप से कार को पकड़ा। कार में रांची नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का नगड़ी निवासी कासीब अंसारी उर्फ रिंकु मौजूद था। पुलिस ने आई टेन कार सहित कासीब व जब्त ट्रक व ट्रक में ले जा रहे 36 मवेशियों को थाना लेकर आयी। जिसमें से 4 पशु मृत पाये गये थे। मामले में कांड अंकित कर आरोपी को शनिवार को जेल भेज दिया गया है। मौके पर भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी ,एसआई सहरु उरांव व पुलिस जवान मौजूद थे।

## टंगरा मार्केट में सब्जी विक्रेताओं के बॉक्स का ताला तोड़कर हुई चोरी

**सब्जी विक्रेताओं ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में लगातार चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। जिस पर स्थानीय पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। ताजा मामला शुक्रवार के मध्य रात्रि का है। शहर के बीचोबीच टंगरा मार्केट में सब्जी विक्रेताओं के बॉक्स को तोड़कर बटखारा तराजू वेट मशीन के अलावा 500, 700 से लेकर 3000 तक बॉक्स में रखे पैसे निकाल लिए गए। मामले को लेकर सब्जी विक्रेताओं में काफी रोष है। जिसको लेकर सब्जी विक्रेताओं ने गुमला थाना पहुंचकर थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दे कि सब्जी बेचने वाले लोग काफी गरीब हैं और किसी तरह सब्जी बेचकर अपने घर का रोजी-रोटी चलाते हैं। लोगों ने नगर परिषद को इस और ध्यान देने की बात भी कही। वहीं डेली मार्केट में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे होने से चोर बड़ी आसानी से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वही मार्केट की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा गार्ड भी है लेकिन उस रात वह भी ड्यूटी में नहीं था। इतने बड़े मार्केट को ऐसे ही छोड़ दिया जाता है जिससे आए दिन इस तरह की घटना या कोई बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। वही सब्जी विक्रेताओं में मोहन महतो का 3000 कैश व बैटरी, कृष्णा महतो का ?600 और बैटरी, पान देवी का 1000 बैटरी और 11 किलो टमाटर, राधादेवी का 10 किलो टमाटर व तराजू, उमेश्वरी देवी का 3000 बैटरी व बटखारा के अलावा 10 किलो टमाटर, लक्ष्मी देवी का 1000 व बटखारा, सुनील साहू, जितनी देवी, संगीता देवी, विजय बा ड़ा, सूरजमुखी देवी, अर्जुन साहू, पूनम देवी, तेतरी देवी, वीणा देवी, माया कुजूर, गायत्री देवी, प्रमिला देवी, इन सभी का वेट मशीन व पैसे की चोरी हुई है वही मामले को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने गुमला थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया व कार्रवाई की मांग की।




## करंज पुलिस ने सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया

**छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सदुपयोग और दुरुपयोग के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** करंज पुलिस ने शनिवार को थाना प्रभारी आशीष भारती के नेतृत्व में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कनारोवां स्थित अपग्रेड हाई स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। जहां थानेदार आशीष भारती ने स्कूल के छात्र -छात्राओं को नशा पान, डायन बिसाही, अंधविश्वास, मानव तस्करी, साईबर क्राइम, बाल विवाह, नाबालिग लड़कियों का बिना बताए घर से चले जाना, किसी के बहकावे में आकर दिल्ली चले जाना सहित अन्य सामाजिक कुरूतियो के विरुद्ध जागरूक किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को इस आधुनिक युग में सोशल मीडिया का सदुपयोग और दुरुपयोग के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी और छात्राओं को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया।

वहीं छात्र- छात्राओं को ट्रैफिक नियमो का पालन करने के लिए भी जागरूक किया गया।

इस मौके पर स्कूल के एचएम शिवराज भगत, शिक्षक रामकिशुन प्रसाद साहू सहित अन्य शिक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## एयर गन लेकर लोगों को डराने धमकाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एयर गन लेकर सिसई रोड स्थित बड़ाइक पेट्रोल पंप के समीप लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में पुलिस ने लिटा टोली निवासी कंचन उरांव उर्फ कंचू को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में गुमला पुलिस ने बताया कि आरोपी क्षेत्र में एयर गन लेकर घूमता था। हर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका कर पैसा वसूलने का काम करता था। जानकारी पर गुमला पुलिस के एएसआई राधो पूर्ति द्वारा युवक को सिसई रोड पेट्रोल पंप के समीप से पकड़ कर थाना लाया गया। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई के बाद केस के आईओ रविशंकर द्वारा आरोपी को जेल भेजने की बात कही गई।

## कस्तूरबा विद्यालय चैनपुर की छात्राओं से सिर पर चावल की बोरी रखकर करायी मजदूरी

**विद्यालय में एक ट्रक चावल आया हुआ था, जिसे छात्राओं से चावल बोरा को सिर में रखकर विद्यालय तक ले जाने का कार्य वार्डन ने कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से आए दिन विद्यालय व अन्य जगहों में काम कराने का मामला सामने आता रहा है। ताजा मामला झारखंड कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चैनपुर का है। जहां विद्यालय की वार्डन द्वारा छात्राओं से चावल की ढुलाई कराने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में एक ट्रक चावल आया हुआ था। विद्यालय तक सड़क नहीं होने के कारण छात्राओं से चावल बोरा को सिर में रखकर विद्यालय तक ले जाने का कार्य वार्डन द्वारा कराया गया। वहीं इस संबंध में चैनपुर वीडियो से बात करने पर बताया की सड़क से विद्यालय तक सड़क नहीं होने के कारण ट्रक विद्यालय परिसर तक नहीं पहुंच पाया। जिससे विद्यालय के वार्डन द्वारा छात्राओं से मजदूरी का काम कराया गया। उन्होंने कहा यह कोई बड़ा मामला नहीं है। वही ग्रामीणों ने कहा छात्राएं वहां पढ़ने गई है ना कि मजदूरी करने। जबकि चार पांच मजदूरों को रखकर मजदूरों से यह कार्य कराया जा सकता था।




## महत्वपूर्ण न्यूज

### कन्या मध्य विद्यालय, भरनो में टीचिंग लर्निंग मेटेरियल प्रदर्शनी आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** कन्या मध्य विद्यालय,भरनो के सभागार में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक (एफएलएन) से संबंधित टीचिंग लर्निंग मेटेरियल (टीएलएम) प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन बीईईओ शांति मुन्नी तिर्की के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से बीईईओ शांति मुन्नी तिर्की, प्रखंड साधन सेवी/प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समीम एजाज ने संयुक्त रूप से सभी शिक्षकों की प्रदर्शनी को सराहा और आगे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना और प्रखंड का नाम रौशन करने पर अग्रसर रहने को कहा। प्रदर्शनी में प्रखंड के कुल 58 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में प्रथम राजकीय प्रथामिक विद्यालय, बघिया टोली, द्वितीय नवप्रथामिक विद्यालय, लेकोटोली एवं तृतीय उच्च विद्यालय तुरीअम्बा रहा। प्रशिक्षक के रूप में ज्वाला प्रसाद गुप्ता, अरविंद बाड़ा, बलदेव महतो, अर्जुन महली ने भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण में टीएलएम को और आकर्षक बनाने के टिप्स दिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड के सभी संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड कर्मी, सभी 58 विद्यालय के शिक्षक उपस्थित हुए। जिसमें सीआरपी विजय कुमार, नूर इकराम, पूनम सिंह, शाहीन परवीन, भूषण केशरी, शशि भूषण, रिसोर्स शिक्षक रंजीत कुमार महतो, विरेंद्र कुमार, आदि काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### जंगली हाथी ने तीन गरीब किसानों के घरों को किया ध्वस्त, मुआवजे की मांग

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के सदान बुकमा गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथी ने शुक्रवार की आधी रात के करीब सदान बुकमा गांव के गरीब किसान दुखन नगेसिया, लौरेंशिया लकड़ा एवं कमली देवी के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। हाथी ने गांव में लगभग दो घंटे तक उत्पात मचाया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार फिलहाल हाथी जारी के सीमावर्ती भूठी जंगल में डेरा जमाए हुए है। पीड़ित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। वहीं कई किसानों ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्ष उनकी फसलों को जंगली हाथी द्वारा नुकसान पहुंचाया गया था, पर अब तक उन्हें मुआवजे की राशि नहीं मिली है। आपको बता दें कि एक जंगली हाथी आए दिन जारी प्रखंड के सीमावर्ती गांव छतरपुर, बुकमा, बरटोली, बम्हनी, श्रीनगर आदि गांव में प्रवेश कर घर एवं फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से टॉर्च एवं पटाखा की मांग करते हुए जंगली हाथी को क्षेत्र से दूर भगाने की मांग की है।

### घाघरा बीडीओ ने की सभी विभागों में चल रही योजनाओं की समीक्षा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पंचायत के जनप्रतिनिधि, प्रखंड के कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सभी विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र में काम करेंगे। सरकार के द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना ही हम सभी का उद्देश्य है। किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, प्रमुख सविता देवी, बीपीओ अजय लकड़ा, शंकर साहू, विनोदानंद पाठक, निर्मल उरांव, ज्योतिलाल महतो, अंगनी उरांव, यशमुन्नी देवी, विनीता कुमारी, चांदनी उरांव व रानी उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### सुप्रीम कोर्ट में राहुल गांधी की जीत पर डुमरी प्रखंड कांग्रेस ने मनाया जश्न



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर एक्का के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से गुजरात हाईकोर्ट के द्वारा दी गई सजा पर रोक लगाने की खुशी में नवाडीह चौक डुमरी में कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर खुशियां मनाई। मौके पर अध्यक्ष राजेश्वर एक्का ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर रोक न्याय की जीत है। आज न्याय से इंडिया गठबंधन मजबूत हुआ है। आने वाले दिनों में देश की जनता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का, अख्तर अली, चंदन केशरी, फिरासत अली ऊर्फ भोला, मकबूल आलम, प्रदीप मिंज, गोरैटी तिग्गा, नारायण रजक सहित काफी संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पालकोट प्रखंड कांग्रेस ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर जतायी खुशी



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड के कांग्रेसियों ने मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिलने पर खुशी जाहिर की। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पालकोट प्रखंड की सड़कों पर ही राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आतिशबाजी की और सच्चाई की जीत बतलाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने कहा कि आज बड़ी खुशी का दिन है। लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। यह जीत सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं है बल्कि लोकतंत्र की जीत है। मौके पर विधायक प्रतिनधि बसंत कुमार गुप्ता, सत्यनारायण केसरी, बिजय ठाकुर, संजय नगारची, राधेश्याम ग्वाला, मनोज बैठा, भुनेश्वर राम, श्याम आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## पलामू डीसी ने किया हुसैनाबाद अनुमंडल और प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# आमजन के सामान्य कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

**बूथ संख्या 114 पर निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर व बीएलओ को लगाई फटकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शनिवार को हुसैनाबाद के अनुमंडल, प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। पदस्थापना के बाद पहली बार हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय पहुंचे डीसी ने क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने क्षेत्र में सरकार की ओर से संचालित विकास योजनाओं से अवगत कराया। डीसी ने मतदाता पुनरीक्षण के चल रहे कार्यों की अधतन जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके बाद अंचल व प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ व सीओ को कई निर्देश दिया। मतदाता पुनरीक्षण सही ढंग से सर्वेक्षण की भी नसीहत दी। सख्त लहजे में कहा कि आम अवाम की सामान्य कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर, प्रखंड कार्यालय परिसर में एनसीपी व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा डीसी को बुके देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद डीसी ने सिचाई कॉलोनी परिसर स्थित बूथ संख्या 114 पर बीएलओ के साथ समीक्षा की। इस दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर व बीएलओ को जमकर फटकार लगाई। इससे जुड़े कई निर्देश भी दिया। इसके बाद डीसी ने पुरंदर बीघा जाकर घर-घर मतदाताओं से मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बातचीत की। लोगों को अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की बात कही। इस मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, सीओ नंद कुमार राम, बीडीओ रतन कुमार सिंह, एनसीपी के अनुमंडलीय अध्यक्ष विनय पासवान, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, लोटनिया मुखिया विनोद सिंह, बिमलेश पासवान और प्रिंस शर्मा आदि उपस्थित थे।


बूथ संख्या 114 पर बीएलओ को निर्देश देते डीसी, एसडीओ व अन्य पदाधिकारी।

## हवाईअड्डे की तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा मॉडल स्टेशन गढ़वा रोड : संजीव कुमार

### प्रधानमंत्री मोदी आज रखेंगे ऑनलाइन आधारशिला

- स्टेशन के दूसरे छोर पर 12 मीटर चौड़ा बनेगा फुट ओवर ब्रिज
- टू, थ्री और फोर व्हीलर गाड़ियों के लिए स्टेशन परिसर में पार्किंग के लिए अलग-अलग बनेंगे स्टैंड
- रेलवे परिसर में बनेगा 10 मीटर चौड़ी सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** केंद्र सरकार के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन गढ़वा रोड स्टेशन (रेहला) अब सभी नवीनतम आधुनिक सुविधाओं से संपन्न हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 11 बजे स्टेशन के कई नव निर्मित योजनाओं का ऑनलाइन शुभारंभ व कई प्रस्तावित योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। शनिवार को गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के वीआईपी लाउंज में आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल विद्युत परिचालन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार और एडीएमई विकास शुक्ला ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24.5 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा रोड स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 11 बजे प्रधानमंत्री शुभारंभ करेंगे। इसके पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरित किया जाएगा। नोडल पदाधिकारी ने यह भी बताया की उक्त कार्यक्रम में जिले के आलाधिकारियों के अलावे क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी सहित स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों व प्रेस मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि हवाईअड्डे की तरह गढ़वा रोड स्टेशन सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेशन परिसर में छह मीटर चौड़ा एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) अभी हाल में बना है। लेकिन पुनः दूसरे छोर पर 12 मीटर चौड़ी फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना है। ताकि यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो.वहीं सभी तरह की गाड़ियों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्टैंड बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत रेलवे परिसर में साढ़े 10 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण कराया जायेगा। उसके किनारे सुसज्जित ढंग से पौधे भी लगाकर उसे सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा। इतना ही नहीं सिटी सेंटर के अनुरूप स्टेशन को सभी संसाधनों से लैस किया जाएगा ताकि यात्रियों को स्टेशन परिसर पहुंचते ही अलग अहसास हो। इस मौके पर मुख्य लोको इंस्पेक्टर एचके सिंह व एसएस सतीश कुमार भी मौजूद थे।


संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते रेलवे के अधिकारी।

## दिव्यांगों की भलाई के लिए होगा हर संभावित प्रयास: अशोक गुप्ता





**मेघा निःशुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर आज, 400 लोगों का हुआ निबंधन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, महिला मंडल व नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों के सेवार्थ मेघा दिव्यांगता निवारण शिविर का आयोजन रविवार को आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया है। इसकी जानकारी ग्रासिम संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता व महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी। बताया कि शिविर में दुर्घटनाग्रस्त व जन्मजात दिव्यांगों को निःशुल्क दिव्यांगजन शल्य चिकित्सार्थ जांच-चयन एवं लिंब माप होगा। शिविर में राजस्थान के उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों व प्रोस्थेटिक टीम द्वारा रोगियों की जांच के साथ उनका मेजरमेंट लिया जायेगा। लगभग 45 दिन बाद फॉलोअप शिविर लगेगा जिसमें इन चयनित दिव्यांगों को अत्याधुनिक आर्टिफिशियल हाथ-पैर भेंट किया जाएगा। मंजू गुप्ता ने दिव्यांगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की। कहा कि दिव्यांग भाई-बहन अपना आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दर्शाते हुए दो फोटो अपने साथ आवश्यक रूप से लाएं। शिविर स्थल पर इन रोगियों के लिए भोजन की समूचित व्यवस्था भी हैं। कहा कि हमारा संस्थान वर्षों से मानवीय सेवा के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। बताया कि शिविर में अब तक 400 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण हो चुका है। यह शिविर उन सभी दिव्यांग भाइयों-बहनों के लिए लग रहा है, जो बिना अंगों के परेशानी में रह रहे हैं। संस्थान द्वारा प्रदान किया जा रहे नए कृत्रिम अंगों का उपहार विशेष रूप से दिव्यांगों को अपने पैरों पर खड़े होने की आशा व नई ऊर्जा देगा।

## एमएमसीएच के प्रिंसिपल और सिविल सर्जन समेत चिकित्सकों के साथ डीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शनिवार को एनआईसी सभागार में एमएमसीएच के प्रिंसिपल, सिविल सर्जन समेत स्वास्थ्य विभाग से जुड़े चिकित्सकों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ व्यवस्था प्रदान करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। यह तभी संभव होगा जब हम सब टीम वर्क की तरह काम करें। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रखंड मुख्यालय में ही आवासन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी चिकित्सक डीसी से अवकाश स्वीकृत होने के बाद ही छुट्टी पर जा सकेंगे। डीसी ने आयुष्मान कवरेज को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर को विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी अस्पतालों में विशेष साफ-सफाई रखने पर बल दिया। साथ ही अस्पतालों में इलेक्ट्रिकल कनेक्शन मैनेजमेंट को सुदृढ़ करने की बात कही, ताकि आगलगी जैसी घटना होने की संभावना शून्य रहे। उन्होंने कहा कि भविष्य में छोटे-छोटे हेल्थ कैंप लगाकर लोगों को लाभावित किया जाएगा। उन्होंने सभी योग्य दिव्यांगजनों का दिव्यांगता कार्ड बनवाए जाने पर बल दिया। इस मौके पर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ कामेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, जिला डिस्ट्रिक्ट ट्यूबरक्लोसिस ऑफिसर डॉ अनिल श्रीवास्तव, लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता, डीएस डॉ विजय सिंह, डॉ आरके रंजन, डीपीएम दीपक आदि उपस्थित थे।




## पलामू के 21 ब्लॉकों में लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे : कुशवाहा शिवपूजन

- पांच सूत्री मांग को लेकर पूर्व विधायक ने किया प्रदर्शन
- आज से शुरू होगा बेमियादी आमरण अनशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** बिजली की समस्या से पलामू के 21 ब्लॉकों की जनता त्रस्त है। उक्त बातें पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कही। वे पांच सूत्री मांगों को लेकर रविवार से होने वाले बेमियादी आमरण अनशन से पहले शनिवार को सांकेतिक रूप से आयोजित प्रदर्शन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद विस क्षेत्र के अलावा पूरे पलामू प्रमंडल में बिजली विभाग के लोग उपभोक्ताओं के साथ बिजली की आंख मिचौली का खेल बंद करें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तार पोल को बदल कर क्षेत्र में 24 घंटे बिजली बहाल करने की व्यवस्था करें। वहीं जिला प्रशासन से बचे हुए शहरी पीएम आवास के लाभुकों के खाते में शीघ्र पैसा डालने के अलावे पलामू को सुखाड़ घोषित करने की मांग की है। बिहार और झारखण्ड के हजारों हेक्टेयर किसानों की खेती की सिंचाई के लिए बटाने डैम के फाटक को दुरुस्त कर डैम में पानी संचय करने की मांग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इअस दिन हम लोगों ने सांकेतिक रूप से प्रदर्शन किया है। रविवार से पुराने बस स्टैंड पर आमरण अनशन शुरू होगा। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे। इस दौरान हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाकर बिजली की समस्या से लड़ने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसमें आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, सोनू जायसवाल,सनोज गुप्ता, जितेंद्र प्रजापति आदि शामिल थे।



## राहुल गांधी की सजा पर रोक से कांग्रेसियों में हर्ष

**सतबरवा/हुसैनाबाद/विश्रामपुर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने से सतबरवा कांग्रेस प्रखंड कमेटी ने खुशी जाहिर करते हुए बकोरिया में मिठाइयां बांटी। कांग्रेस के सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि ना झुकने, ना टूटने का नाम राहुल गांधी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जजों को भी धन्यवाद करते हुए कहा कि अभी लोकतंत्र जिंदा है। इस मौके पर मुखिया संतोष उरांव, मिनहाज अली, टिंकू आलम, इंद्रदेव उरांव, सुरेश राम, समसुद्दीन अंसारी, पिंटू आलम, प्रवीण उरांव, हसनैन अंसारी नूर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे। उधर, कांग्रेसियों ने रेहला महावीर चौक पर पटाखा फोड़कर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सच की जीत है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौबे, इरफान खान, इरसाद अंसारी, मनोज शुक्ला, अहमद अंसारी, शैलेंद्र चौबे, आलोक चौबे, मणिभूषण पांडेय, सचिव मंटू चौबे, विवेका चौबे, प्रेमनाथ राम आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, हुसैनाबाद कांग्रेस कार्यालय में भी नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया। एक-दूसरे को मिठाइ खिला कर बधाई दी। धनंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र के तहत राहुल गांधी को फंसाने की कोशिश की थी। पर कामयाब नहीं हो सके। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। नफरत के बाजार में मोहब्बत की जीत हुई। एनडीए पर आइएनडीआइए की बड़ी जीत है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, नवलकिशोर पाठक, जिला उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी शंभु सिंह, जिला महासचिव शैलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष रामसुंदर राम, रघुराई यादव, अंबिका सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार, उमेश सिंह, अब्दुल जब्बार, यासीन अंसारी, सुनील गोस्वामी, सुरेश सिंह, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि के भाई का ब्रेन हेमरेज से निधन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के चचेरे भाई संजीव पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय (35) का शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। संजीव पांडेय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। उनका पार्थिव शरीर रविवार को विश्रामपुर पहुंचेगा। इधर, निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजसेवी संजय पांडेय आदि ने शोक प्रकट किया है।

## मनरेगा बीपीओ के निधन पर शोकसभा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। मनरेगा कर्मियों ने शनिवार को नावा बाजार प्रखंड के मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित किया। हुसैनाबाद मनरेगा बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा ने गहरा क्षति बताया।**

## लेस्लीगंज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गयी कृषि की जानकारी

**नीलांबर पीताबरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पंचायत के कुंदरी व लेस्लीगंज गांधी चौक बाजार में शनिवार को कृषि विभाग (आत्मा) के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं कृषि ऋण माफी, पीएम किसान, आधार व भूमि सीडिंग, ई केवाईसी, पीएम कुसुम, केसीसी, मोटे अनाज की उपज व इससे प्राप्त लाभ संबंधित जानकारी दी गई। इसमें शामिल कलाकारों ने अपने कला व हास्य व्यंग से किसानों को हर संभव जागरुक करने का प्रयास किया। नुक्कड़ नाटक दल के कलाकार ने अपनी प्रस्तुति से खेती संबंधित कई नई तकनीकी जानकारी के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में एटीएम सुनैना कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव रंजन, वीएसडब्ल्यू राजेश पाठक, कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष अनंद सिंह, कृषि मित्र लीलावती देवी, गोकुल महतो, मदन कुमार, रामचंद्र महतो, दिलीप साहू, तनवीर आलम समेत पंचायत के कई किसान व ग्रामीणों ने भाग लिया।

## स्पोर्ट्स



17 साल की तीरंदाज अदिति ने वर्ल्ड आर्चरी चैंपिनयशिप में देश को पहला इंडिविजुअल गोल्ड दिलाया। विमेंस कंपाउंड कैटेगरी में मैक्सिकों की दो बार की वर्ल्ड चैंपियन एंड्रिया बकेरा को हरा दिया।

### आर्चरी वर्ल्ड चैंपियनशिप : एक सीजन में दो टाइटल जीतने वाली बनीं दुनिया की पहली तीरंदाज

# 17 साल की अदिति ने वर्ल्ड आर्चरी में जीता गोल्ड, बनी चैंपियन

एजेंसी

**बर्लिन।** भारत की 17 वर्षीय प्रतिभाशाली तीरंदाज अदिति स्वामी ने शनिवार को बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अदिति ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में कमाल करते हुए खिताब जीत लिया। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में चल रहे टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत का ओवरऑल दूसरा गोल्ड मेडल है। एक दिन पहले भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने गोल्ड जीता था। चैंपियनशिप में भारत के कुल मेडल की संख्या 14 पहुंच गई है। पहली बार वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप 1931 में हुई थी। हालांकि कंपाउंड इवेंट 1995 से हो रहे हैं। कंपाउंड इवेंट ओलिंपिक में शामिल नहीं है। जूनियर विश्व खिताब हासिल करने के दो महीने से भी कम समय के बाद इस युवा तीरंदाज ने सीनियर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप भी जीत लिया। अदिति ने कंपाउंड महिला एकल वर्ग में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया और फाइनल में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। सतारा की युवा तीरंदाज ने जुलाई में लिमरिक में आयोजित यूथ चैंपियनशिप में अंडर-18 खिताब जीतकर पहले ही तीरंदाजी की दुनिया में अपनी पहचान बना ली थी। अब उन्होंने सीनियर स्तर पर जीत हासिल कर अपने नाम एक और शानदार उपलब्धि जोड़ ली है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में अदिति ने धैर्य और कौशल का प्रदर्शन करते हुए संभावित 150 अंकों में से 149 का लगभग सटीक स्कोर बनाया। उन्होंने 16वीं वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा को हराया, जिन्होंने पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन सारा लोपेज को शिकस्त दी थी।




### अदिति ने शुरू से ही दबाव बनाए रखा

अदिति ने मैच में शुरूआती बढ़त हासिल की और पहले राउंड में अपने पहले तीन तीरों को केंद्र (एक्स) के करीब लगाकर एक अंक की बढ़त ले ली। उनकी सटीकता पूरी मैच के दौरान जारी रही और वह पहले चार राउंड में अपनी बढ़त को तीन अंकों तक बढ़ाने में सफल रहीं। उनकी जीत उनके युवा करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और तीरंदाजी की दुनिया में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। बतातें चलें कि इससे पहले अदिति स्वामी ने ज्योति सुरेखा और परणीत कौर के साथ मिलकर शुक्रवार को पहली बार कंपाउंड तीरंदाजी में विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया था। भारतीय तिकड़ी ने टीम इवेंट के फाइनल में मैक्सिको को 235-229 से हराया था।

## छतरपुर में किसानों को सही व सरकारी मूल्य पर खाद बीज उपलब्ध कराने की पहल शुरू : चंदन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** खेती-बारी का समय देखते हुए किसानों को सही एवं सरकारी मूल्य पर खाद बीज उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी गई है। यह जानकारी झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने दी। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार हर एक खाद बीज भंडार पर एक कृषि मित्र को बैठाया जाएगा और चार दुकान के ऊपर एक ग्राम सेवक की जिम्मेदारी होगी, ताकि किसान को सरकारी मूल्य पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जा सके। यदि इसके बाद भी किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित कृषि मित्र को तत्काल सेवा मुक्त करते हुए उस खाद बीज भंडार का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी हालत में अधिक मूल्य पर खाद एवं बीज ना खरीदें। यदि किसी तरह की कोई कठिनाई होती है तो तुरंत बीडीओ, छतरपुर प्रखंड कृषि पदाधिकारी या मुझ से भी इसकी शिकायत करें तत्काल कार्रवाही की जाएगी।

## आम में कई प्रकार के औषधीय गुण विद्यमान : बीएमएल दास

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को आम दिवस मनाया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने किया। बताया कि आम फलों का राजा है यह हम सभी जानते हैं। आम के दर्जनों प्रकार है। इसके सेवन से हम कई प्रकार के बीमारियों पर काबू पा सकते हैं, यह बहुत कम लोगों को पता है। आम में औषधीय गुण विद्यमान है, जो हमारे शरीर को न केवल तंदरुस्त बनाता है, बल्कि कई तरह की परेशानियों से भी बचाता है। इस अवसर पर सत्र 2022-23 के विभिन्न गतिविधियों में प्राप्त उपलब्धि के लिए बच्चों को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए जिसमें कक्षा एलकेजी से युग सिंह, यक्ष सिंह, सान्वी मिश्रा, पलक, शिवांश, आकृति अनु, यूकेजी से सूरज सोरेन, संध्या सोरेन, राज सिंह, शिवांजय सिंह, कौसतुभ, शिवाय सिंह, कक्षा प्रथम से प्रिंस कुमार, सुमन मंडल, आर्यन कुमार, अंकुश दत्ता, कक्षा दूसरी से प्रेरणा महतो, प्रिंश कुमार, अंजू, सक्षम वैध आदि शामिल हैं।

### स्थानीय नीति, नियोजन नीति व गिरती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजयुमो ने दिया धरना

# स्कूलों में शिक्षक नहीं, बिना सिपाही दारोगा के चल रहे थाने : पीएन सिंह

### जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त, सुरक्षित नहीं महिलाएं-बच्चे-युवा : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** स्थानीय नीति, नियोजन नीति, सीटेट पास झारखंडी युवाओं को अवसर प्रदान करने और धनबाद जिले में कानून व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर भाजयुमो की ओर से शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया गया। जिसमें शामिल सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। थाने सिपाही और दरोगा के बगैर ही चल रहे हैं। ईमानदारी से अपना व्यवसाय करने वाले हार्ड कोक भट्ठा के मालिक धनबाद से व्यवसाय समेट कर दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। हेमंत सरकार ने सत्ता में आने



भाजयुमो के धरना प्रदर्शन में शामिल सांसद पीएन सिंह, रागिनी सिंह व अन्य।

से पूर्व राज्य के युवाओं से पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन 500 लोगों को भी नौकरी नहीं मिली। जो दो-तीन नौकरी मिली है उसमें भी मुख्यमंत्री ने अपने ही परिवार का भला किया है। मुख्यमंत्री ने पिता को राज्यसभा भेजा और भाई को विधानसभा में जगह दिलाई। सांसद ने आरोप लगाया कि राज्य की कानून व्यवस्था इस कदर गिर गयी हैं कि एक कार्यकर्ता के श्राद्ध में उसके चाचा भूली से जाते हैं तो उनके घर में चोरी हो जाती है। इस भ्रष्ट सरकार की स्वाभाविक नहीं एक्सीडेंटल मृत्यु होगी। वहीं देशभर में विपक्ष के नए गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन नाम रखने से कुछ नहीं होता। भाजपा भारत बनाने वाली पार्टी है। वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महिलाएं, बच्चे और युवा सुरक्षित नहीं है। झरिया में उनके कार्यकर्ता को बीवी, बच्चों के सामने तड़पा कर मार दिया जाता है, लेकिन कानून कुछ नहीं करता। हत्यारे खुलेआम घूमते है। हत्या का मंजर देख उसकी पत्नी कहती कि ऐसा दृष्य उसने सिर्फ फिल्मों में ही देखा था। मौके पर नितिन भट्ट, मानस प्रसून, संजय झा, अमलेश सिंह, तमाल राय, पुरुषोत्तम रंजन आदि मौजूद थे।

## जदयू के कई जिलास्तरीय-पदाधिकारी आज थामेंगे आजसू का दामन, तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** जनता दल यू (जदयू) के जिला प्रवक्ता सह जिला महासचिव भगवान दास सहित दर्जनों जिला पदाधिकारी रविवार को आजसू में शामिल होने जा रहे हैं। शनिवार को उक्त जानकारी आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। कहा कि मधुबन (डुमरी) में आजसू के कार्यक्रम में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो पर आस्था जताते हुए भगवान दास के अलावे जिला उपाध्यक्ष आशुतोष विश्वकर्मा, मिथिलेश शर्मा, प्रोफेसर विजय कुमार दूबे, मुन्ना मुख्तार खान, पिंकी देवी, विकास यादव, गणेश प्रसाद, अशोक सिंह, डॉ आरके गोस्वामी आदि आजसू का दामन थामेंगें। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के पार्टी में शामिल होने से जिला में आजसू और मजबूत होगी। वहीं, भगवान दास ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह आजसू के जिला अध्यक्ष दलितों-शोषितों और गरीबों के उत्थान व हक अधिकार दिलाने के लिए संघर्षशील है उससे वह काफी प्रभावित हुए हैं। इसलिए आजसू में शामिल होने का निर्णय लिया। इस मौके पर निवास गोप, वरुण कुमार, सिद्धेश्वर प्रजापति, मो जहीर व विजय मिस्त्री आदि थे।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक से खुशी, मजदूरों में बांटा लड्डू



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी पर गुजरा हाईकोर्ट द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दिया। इस खबर से कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मजदूरों के बीच मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। इस दिन बांसजोड़ा कोलियरी चानक में सभा आयोजित कर कांग्रेस जिला कमेटी के महामंत्री सह राकोमयू संयुक्त महामंत्री रवि चौबे ने कहा।कि राहुल गांधी आवाम के नेता है। आम आदमी की आवाज है। उन्हें षड्यंत्र के तहत फंसाया गया था। लेकिन अंततः सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिल ही गया। कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने जितनी तत्परता से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की थी अब देखना है उतनी ही तत्परता से सदस्यता बहाल भी करते हैं या नहीं। इस मौके पर चांद खान, हकीम खान, केके पांडे, अजय यादव, रमेश नोनियां, रफीक आलम, संजय चौहान, राम महेश अधिकारी, प्रदीप कुमार, गुड्डू मिश्रा, तिलक सिंह, राम बहादुर हरिजन, बबलू पासी, रवि कुमार दास आदि मौजूद थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## बरसात के मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें : डॉ उषा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो(बेरमो)।** डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ उषा सिंह के द्वारा बेरमो प्रखंड के अरमो पंचायत भवन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अरमो मुखिया कैटरीना हसदा द्वारा फीता काटकर तथा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ उषा सिंह के द्वारा 500 से अधिक महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों का जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें सबसे अधिक आई फ्लू संबंधित मरीजों को दवा देकर एवं इस फ्लू से बचने के लिए सलाह एवं जानकारी दी। डॉ उषा सिंह ने कही कि इस शिविर का आयोजन में विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच की गई। जांच उपरांत बीमारियों के आधार पर निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। बताया कि बरसात का मौसम चल रहा है, जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। इस मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें। ताजे भोजन के अलावा पानी उबाल कर सेवन करें। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखें। मुखिया कैटरीना हसदा के कहा कि डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ उषा सिंह के द्वारा आयोजित किया गया यह स्वास्थ्य जांच शिविर ग्रामीणों के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ है। इस शिविर में आई फ्लू के ज्यादा मरीज आए थे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बीमारी से बचने के लिए समयनुसार संतुलित और हेल्दी भोजन करे। अपने आस पास सफाई का ध्यान रखे। जिससे बीमारी फैलाने वाले कीटाणु पनप ना पाए। मौके पर रंजन सिंह, विनोद सिंह, ममता कुमारी, सीमा देवी, निर्मला देवी, रंजीत गुप्ता, भवानी अग्रवाल, विश्वनाथ यादव, अशोक साहू, जवाहर साव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीडीओ ने खुद घर-घर जाकर किया मतदाताओं का भौतिक सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार शनिवार को खुद घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किये। बतातें चलें कि जिले के सभी प्रखंडो में बीएलओ द्वारा घर-घर जा कर मतदाता सूची का सत्यापन करने का कार्य किया जा रहा है। एग्यारकुंड में बीएलओ घर-घर जा रही हैं या नहीं इसका भौतिक सत्यापन करने बीडीओ खुद प्रखंड के विभिन्न घरों में पहुंचे थे। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया की बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का



घर-घर जा कर भौतिक सत्यापन का जो कार्य किया गया है उसी का भौतिक सत्यापन करने के लिए चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत बूथ संख्या 341 के पंद्रह घरों में वे खुद पहुंचे और उन घरों में रहने वाले लोगों का मतदाता सूची से मिलान किया। देखा गया की मतदाता सूची में अंकित व्यक्ति उक्त स्थल पर उपस्थित है की नहीं। सूची में सही मतदाता का नाम दर्ज है या नहीं। बीएलओ ने सही सत्यापन किया है या नहीं। इस दौरान पन्ना सत्यापन, मतदाताओं के नाम, उम्र, पता में सुधार करने, नये मतदाताओं के नाम जोड़ने और एपिक कार्ड वितरण संबंधी आवश्यक निर्देश बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को दिया। उन्होंने बताया कि मतदाता भौतिक सत्यापन कार्यक्रम 21 जुलाई से शुरू हुआ है जो अवकाश के दिनों को छोड़ कर 21 अगस्त तक अनवरत चलता रहेगा।

## सफल उम्मीदवारों को दिया गया प्रमाण पत्र

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीजीएच के डीएमएस सम्मेलन कक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर सफल उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र सौंपा गया। इसमें गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) पर आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले शामिल थे। सीएमओ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीबी करुणामय ने सफल उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंपे। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 10-11 जुलाई को बीजीएच में आयोजित किया गया था। अब बीजीएच के आंतरिक लेखा परीक्षकों का कार्य, लेखा परीक्षकों के इस नए पूल द्वारा किया जाएगा। मौके पर डॉ वर्षा घनेकर, डॉ श्रवण कुमार, डॉ इंद्रनील चौधरी आदि थे।

## सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी 31 दिसंबर तक आवेदन करें : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** वैसे सेवानिवृत्त कोल कर्मचारी जो कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम (सीपीआरएमएस) का लाभ नहीं ले पाये हैं, उनके लिए अच्छी खबर है कि कोल इंडिया प्रबंधन ने उन्हें 31 दिसंबर तक फिर से सदस्य बनने का मौका दे रहा है। शुक्रवार को कोलकाता में हुई कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम (सीपीआरएमएस, एनइ) बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में इस पर सहमति बनी है। उक्त बातें सीसीएल के संयुक्त सालाहकर समिति संचालन सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने दी। वे शनिवार को



पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के कोल उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी और अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे द्वारा लगातार पत्राचार किया गया। कई बार चेयरमैन से वार्ता कर शुक्रवार को बैठक तय की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि जो कोयला कर्मी अब तक इसका सदस्य नहीं बन सके हैं उन सभी कोयला कर्मचारियों के लिए 31 दिसंबर तक इसका सदस्य बनने पर कोल इंडिया प्रबंधन ने स्वीकृति दी है। बैठक में ओपीडी में कोयला कर्मियों को वर्तमान में जो 25 हजार की राशि मिलती है। उपरोक्त राशि को बढ़ाने के आलावे अन्य सुविधाएं बढ़ाने पर की बाते भी आई।

## सुसेन दत्ता के ट्वीट पर कल्याण मंत्री ने लिया संज्ञान दिव्यांग टिंकी की मदद के लिए डीसी को दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत उत्तरी अंगवाली, मंडप बाड़ी चौक हरलाल गोप की 29 वर्षीय बेटी टिंकी कुमारी 48 फीसदी दिव्यांग है। इस कारण वो चल फिर भी नहीं पाती है। उसको व्हीलचेयर की मदद के लिए संघर्षशील दिव्यांग संघ के अध्यक्ष सुसेन दत्ता ने राज्य के कल्याण मंत्री चंपई सोरेन को ट्वीट किया था। टिंकी कुमारी की मां के कहे अनुसार उन्होंने कई बार मुखिया और आंगनवाड़ी सेविका के पास एक व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया पर अब तक उनकी बेटी को



एक व्हीलचेयर नहीं मिल पाया है। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय निवासी मुमताज आलम को जानकारी दी। मुमताज ने सुसेन दत्ता से यब बात साझा की। जिस पर सुसेन दत्ता ने ट्वीट के जरिए कल्याण मंत्री को अवगत कराया। कल्याण मंत्री ने दो मिनट के अंदर ही ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए टिंकी बेटी की सहायता करने के लिए बोकारो डीसी को निर्देश दिया। मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश के बाद टिंकी की मां को आस बंधी है कि अब उनकी बेटी को व्हीलचेयर मिल पायेगा। इसके लिए उन्होंने नम आंखों से कल्याण मंत्री चंपई सोरेन व अन्य का आभार व्यक्त किया है।

### कहा- 30 साल पहले स्वीकृत नियोजन व मुआवजा दे बीसीसीएल, तभी करने देंगे काम

# अग्नि प्रभावित सिदपोकी बस्ती में दरार और गोफ की भराई करने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल ब्लॉक-2 एरिया अंतर्गत अग्नि प्रभावित सिदपोकी बस्ती में भू-धंसान से बने दरारों की भराई करने पहुंचे अधिकारियों की संयुक्त टीम को ग्रामीणों ने काम ही नहीं करने दिया। ग्रामीणों के विरोध के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। जानकारी के मुताबिक झरिया मास्टर प्लान के तहत पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शनिवार को अग्नि प्रभावित भू-धंसान क्षेत्र सिदपोकी बस्ती में दरारों की भराई करने गये ब्लॉक-टू क्षेत्र के अधिकारियों की संयुक्त टीम पहुंची थी। जिन्हें देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। अधिकारियों की टीम ने ग्रामीणों को बताया कि बस्ती के लोगों को सुरक्षित पुनर्वास कराने को लेकर


नाराज ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते अधिकारी।

बीसीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन गंभीर है। पर पुनर्वास की बात सुनते ही ग्रामीण ने भड़क गये और दरार-गोफ की भराई करने से रोक दिया। भड़के ग्रामीणों का विरोध देख टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताते चलें कि दो दिन पहले बस्ती के एक गोफ में गिरने से एक मवेशी की मौत हो गयी थी। घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा प्रबंधन को भू-धंसान क्षेत्र की भराई करने का सख्त निर्देश दिया गया था। हालांकि गोफ व दरार भरने गयी टीम में शामिल पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारीयों ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों नहीं मानें। बस्ती की रीना देवी, लखी देवी, सानु देवी, हरि रवानी, सुरेश कुमार गोप, करमा रवानी आदि ने बताया कि पिछले 30 साल से जमीन के बदले स्वीकृत 23 रैयतों को नियोजन व मुआवजा देने की मांग बीसीसीएल प्रबंधन से करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रबंधन पहले नियोजन दे तभी कोई काम करने देंगे। वहीं पीओ केके सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा की देखते हुए दरारों की भराई करने आये थे। मौके पर मैनेजर केके दत्ता, राजीव रंजन, सुरेश प्रजापति, बी बंधोपाध्याय आदि थे।

### बीसीसीएल अधिकारियों को भराई से ज्यादा पक्ष में खबर प्रकाशित करवाने की थी बैचेनी

दरार व गोफ की भराई करने सिदपोकी बस्ती पहुंची टीम भराई कार्य से ज्यादा मीडिया में अच्छी खबर छपवाने को बैचेन दिखी। ग्रामीणों द्वारा विरोध जताने के बाद वापस लौटने के क्रम में बीसीसीएल के लोगों ने स्थानीय पत्रकारों से बात की। इसी दौरान पूरा मामला बताते हुए टीम के लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के पक्ष में खबर लिखने की अपील कर डाली। कहा कि आपलोग इस खबर को प्रमुखता से अपने-अपने अखबार में प्रकाशित करें की बीसीसीएल प्रबंधन गोफ की भराई तो करना चाहती है, लेकिन ग्रामीण गोफ की भराई का विरोध कर रहे है। हमलोग अपने वरिष्ठ अधिकारीगण को यही रिपोर्टिंग करेंगे। आपलोग भी फोटो के साथ यही खबर प्रकाशित करें।

## झरिया बस स्टैंड के समीप लंबे समय से बंद शौचालय फिर चालू, पहुंची रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया बस स्टैंड के समीप बंद पड़ा शुलभ शौचालय शनिवार को पुनः खुल गया। शौचालय खुलने से स्थानीय लोगों के साथ ही पूरे बाजार ने राहत की सांस ली। शौचालय खुलने की सूचना पाकर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी पहुंच गयी। स्थानीय लोगों द्वारा शौचालय खुलवाने को लेकर उनके प्रयास के लिए उन्हें पुष्पगुच्छ देकर आभार जताया।



### 16 जुलाई को शौचालय का फर्श ज्यादा गर्म होने की शिकायत पर किया गया था बंद

एकाएक बस स्टैंड के समीप सुलभ शौचालय का फर्श गर्म हो गया था। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद बिजली विभाग व बीसीसीएल अधिकारियों की ओर से अलग-अलग जांच किया गया था। इसके बाद एतिहात के तौर पर बाजार के इकलौते शौचालय को बंद कर मुख्यद्वार पर खतरा का बोर्ड लिख कर टांग दिया गया था। फिर धीरे-धीरे तापमान कम हो गया था। माइंस रेस्क्यू की टीम भी लगातार नजर रखे हुई थी।

### झरिया नागरिक मंच ने जताया डीसी का आभार


भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह कोयलांचल नागरिक मंच के राजकुमार अग्रवाल ने भी झरिया बस स्टैंड के समीप 20 दिनों से बंद पड़े सुलभ शौचालय को खुलवाने के लिए डीसी को धन्यवाद दिया है। शनिवार को सुलभ शौचालय को खोल कर साफ-सफाई करवाया गया, जिसके बाद रविवार से पुनः आम नागरिकों के लिए उसे सुचारु रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह खबर सुनते ही झरिया वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वही कोयलांचल नागरिक मंच के राजकुमार अग्रवाल एवं अमित साहू उर्फ दीपू ने डीसी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसको लेकर शुक्रवार को हम लोगों ने उपायुक्त से मिले थे। डीसी ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए, दूसरे दिन ही शौचालय को खुलवाने का पुनीत कार्य किया है। जिसके कारण झरिया वासी व कोयलांचल नागरिक मंच के सभी सदस्य तहे दिल से उपायुक्त महोदय को धन्यवाद एवं बधाई देती है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 06 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### सीएम नवीन पटनायक ने उड़िया पत्रकारिता दिवस की बधाई दी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उड़िया पत्रकारिता दिवस पर ओड़िशा के पत्रकारों को बधाई दी। इसी दिन ओड़िशा का पहला समाचार पत्र 'उत्कल दीपिका' प्रकाशित हुआ था। समाज और लोगों को जागृत करने में सच्चे और निष्पक्ष मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मैं उन सभी लोगों को सम्मान देता हूं, जिन्होंने असहाय लोगों की आवाज उठा कर उड़िया पत्रकारिता को समृद्ध किया है।

### आज गुनुपुर के बजाय नौपड़ा से चलेगी राज्यरानी एक्सप्रेस

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नौपड़ा-गुनुपुर रेल लाइन में सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य रविवार को राज्य रानी एक्सप्रेस नौपड़ा और गुनुपुर के बीच रद्द रहेगी। 18118 गुनुपुर-राउरकेला राज्य रानी एक्सप्रेस रविवार को गुनुपुर के बजाय नौपड़ा से चलेगी।

# भुवनेश्वर में 761 करोड़ रुपये की लागत से कामाख्यानगर दुबुरी खंड के चौड़ीकरण का अमित शाह ने किया लोकार्पण

**34 करोड़ की लागत मोटेर से बनेर तक लाडुगांव से होकर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 761 करोड़ की लागत से कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का लोकार्पण और 34 करोड़ की लागत मोटेर से बनेर तक लाडुगांव से होकर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 5 अगस्त 2019 के दिन ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ने का काम किया था। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर ना केवल मुख्यधारा में शामिल हुआ है, बल्कि वहां शांति के साथ विकास का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। अमित शाह ने कहा कि आज यहां कामाख्यानगर-दुबुरी खंड के चार लेन के चौड़ीकरण का काम राष्ट्र को समर्पित हुआ है। 51 किलोमीटर लंबे खंड पर हुए इस कार्य पर 761 करोड़ की लागत आयी है। यह राजमार्ग ओड़िशा के खनिज समृद्ध अंगुल और ढेंकानाल जिलों को राज्य के बाकी हिस्सों और नेश्नल हाइवे के माध्यम से देश के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण होगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 9 वर्षों में देश में राजमार्गों के विकास के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने कहा कि आज कलाहांडी के मोटेर से बनेर तक लाडुगांव के रास्ते होकर सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की भी शुरुआत हुई है। लगभग 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर ये कार्य 34 करोड़ की लागत से होगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बहुत महत्व दिया गया है और इसके लिए किसी प्रकार के बजट की भी कमी नहीं होने दी गयी। अमित शाह ने कहा कि ओडिशा के लिए भी मोदी सरकार ने कई विकास परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनसे राज्य के अर्थतंत्र को गति मिली है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि जब तक देश के पूर्वी हिस्से का विकास नहीं होता, तब तक देश का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जब हम देश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों को विकास के पैमाने पर एकसमान लाते हैं, तभी देश का विकास हो सकता है। इसके लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने पूर्वी क्षेत्र को हमेशा तवज्जो दी और ओडिशा को भी विशेष तवज्जो देने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि एक जमाने में यह पूरा क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित था, लेकिन पिछले 9 सालों में नरेंद्र मोदी सरकार ने राज्य सरकारों को साथ लेकर, नक्सलवाद पर नकेल कसने का सफल प्रयास किया है और उसके नतीजे भी आये हैं। श्री शाह ने कहा कि नक्सलवाद पर नकेल कसने में ओड़िशा और राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हमेशा केन्द्र सरकार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने के प्रति कटिबद्ध है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ओड़िशा के लिए बहुत सारा काम किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में पिछली सरकार के समय Devolution और Grant-in-aid के तहत 1,14,000 करोड़ दिये गये थे, जबकि मोदी सरकार ने दोनों Heads के तहत 4,57,000 करोड़ रुपये देने का काम किया है। इसके अलावा, कुल आवंटन को 3 लाख करोड़ रूपए से बढ़ाकर 18 लाख करोड़ करने का काम मोदी सरकार ने किया है, 6 गुने से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ओडिशा में रेलवे के लिए 10,000 करोड़ दिए, 800 करोड़ की लागत से इंडियन ऑयल की पाइपलाइन का काम किया, आइआइटी-भुवनेश्वर और एम्स बनाने का काम किया, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान केंद्र भी यहां खोला, एरक अस्पताल, भुवनेश्वर का उन्नयन किया गया और 1500 बिस्तर वाले वाले एम्स, भुवनेश्वर की स्थापना भी की गयी। अमित शाह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ओडिशा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य के 40 लाख किसानों को फायदा मिला, जल जीवन मिशन के तहत 54 लाख घरों में शुद्ध पीने का पानी पहुंचा, 90 लाख शौचालय बनाये गये, 3 करोड़ 25 लाख लोगों को प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल मुफ्त दिया जा रहा है। 6 लाख उज्ज्वला कनेक्शन दिये गये और 17 लाख ग्रामीणों के लिए घर बनाने का काम भी नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा प्राकृतिक आपदा संभावित राज्य है, लेकिन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मोदी सरकार के आपदा प्रबंधन के हर इनीशिएटिव को जमीन पर उतारा है और खुद कई नये इनिशिएटिव लेकर पूरे देश को ये बताया है कि जब केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर काम करते हैं, तो प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

# अमित शाह ने बूथ संगठन को मजबूत करने का दिया गुरुमंत्र : मनमोहन सामल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने मीडिया को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से राज्य के हर बूथ संगठन को सशक्त बनाने के लिए ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया है। श्री सामल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने राज्य कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर का भोजन किया। उन्होंने आगामी चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों और कोर कमेटी को गुरुमंत्र दिया है। पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ओड़िशा के आम लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले 9 वर्षों के मोदी की शासन में ओड़िशा के विकास के लिए 18 लाख 83 हजार करोड़ रुपये भेजे गये हैं। यह ओड़िशा के विकास के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों के दौरान ओड़िशा को केवल 2 लाख 93 हजार करोड़ रुपये मिले। यह मोदी के ओड़िशा प्रेम का प्रमाण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राज्य में प्रत्येक बूथ के संगठन को मजबूत करने की दिशा में ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश पदाधिकारियों, विधायकों, सांसदों और कोर कमेटी के सदस्यों से विस्तृत चर्चा की।

श्री सामल ने कहा कि श्री शाह ने विस्तार से चर्चा की कि जन आंदोलन को पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर तक कैसे ले जाया जाये।

EAR LOBE REPAIR
(कटे हुए कान को ठीक करवाएँ)
HLCCS
SKIN, HAIR, COSMETICS AESTHETIC AND LASER CENTER
पहले बाद
• बिना टांके (Stitches) के कान ठीक किये जाते है।
• किसी प्रकार का दर्द नहीं होता है।
• किसी प्रकार का कोई परहेज नहीं करना पड़ता है।
• 100% प्रतिशत पक्का Treatment
• किसी प्रकार का कोई भी साईड इफेक्ट नहीं होता है।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरुष बिहार Opp. माही रेस्टोरेंट अरगोड़ा, राँची 834002

# झारसुगुड़ा से बारकोट तक नयी रेलवे लाइन के लिए डीपीआर को दी मंजूरी

## केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओड़िशा में रेल संपर्क को और मजबूत करने के लिए झारसुगुडा से बारकोट तक एक नयी रेलवे लाइन बनाने की पहल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया। श्री प्रधान ने कहा कि रेल मंत्रालय ने 160 किलोमीटर लंबी बारकोट और झारसुगुड़ा रेलवे लाइन के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए अंतिम साइट सर्वेक्षण (एफएलएस) करने की मंजूरी दे दी है। नयी रेलवे लाइन झारसुगुड़ा से देवगढ़ जिले के बारकोट से जोड़ेगी। इस पहल से देवगढ़ जिला पहली बार रेलवे लाइन से जुड़ने जा रहा है, जो खुशी की बात है। प्रधानमंत्री के 'पूर्वोदय' के दृष्टिकोण के अनुरूप, मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में ओड़िशा को प्राथमिकता दे रही है।

SWAMI VIVEKANAND PUBLIC SCHOOL
(Regd under Society Act 1860)
Patratoli Adarsh Nagar, Bundu, Ranchi
Jharkhand
Mob. No. : 9934583258
WANTS

| Class | Subject | Post | Total | Gender |
|---|---|---|---|---|
| Nursery-UKG | English | Asst.Teacher | 01 | F |
| I to X | English | Asst.Teacher | 02 | M/F |
| I to X | S.Study | Asst.Teacher | 02 | M/F |
| I to X | Hindi | Asst.Teacher | 01 | F |
| I to X | Science | Asst.Teacher | 01 | M/F |

उपयुक्त Condidate Self Biodata एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र दिनांक 20.08.2023 तक प्रस्तुत करें। साक्षात्कार की तिथि 27.08.2023
BIO-DATA 9934583258 पर Whatsapp करें
प्रबंधक सचिव
विवेकानंद स्कूल
बुंडू, पतराटोली आदर्श नगर
मो. 7004675262

PLATINUM BAJAJ
मॉनसून धमाका ऑफर
पल्सर में 2000 की छूट एवं 3000 एक्सचेंज बोनस साथ ही 5 फ्री सर्विस
सर्विस कैंपेन
इसके तहत स्पेयर पार्ट्स में 5%, लेबर चार्ज में 20%, वार्षिक मेंटेनेंस सर्विस कार्ड खरीदने पर 40% तक की छूट
Prop.: Kalim Ashraf
Mob No.: 9334240429
ADDRESS:
BESIDE JDM COLLEGE,
KANKE ROAD, RANCHI

# पीएम मोदी आज 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे



**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूर्व तट रेलवे पर 25 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे में रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से भारतीय रेलवे के 1309 स्टेशनों के नवीनीकरण/ आधुनिकीकरण की योजना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ओड़िशा में 57 स्टेशनों को शामिल करने के लिए चयन किया गया है। इसमें अंगुल, बादामपहाड़, बलांगीर, बालेश्वर, बालूगांव, बडबिल, बरगड़ रोड, बारीपदा, बरपाली, बेलपाहाड़, बेतनटी, भद्रक, भबानीपटना, भुवनेश्वर, बिमलागड, ब्रह्मपुर, ब्रजराजनगर, छत्रपुर, कटक, दामनजोडी, ढेंकानाल, गुनुपुर, हरिशंकर रोड, हीराकुंड, जाजपुर क्योंझर रोड, जलेश्वर, जारोली, जयपुर, झारसुगुड़ा, झारसुगुड़ा रोड, कंटाबांजी, क्योंझरगड, केसिंगा, खरियार रोड, खुर्दा रोड, कोरापुट, लिंगराज मंदिर रोड, मंचेश्वर, मेरामंडली, मुनिगुड़ा, भुवनेश्वर न्यू, पानपोस, पारादीप, पारलाखेमुंडी, पुरी, रघुनाथपुर, रेढ़ाखोल, रायरंगपुर, राजगांगपुर, रायगड़ा, राउरकेला, साक्षीगोपाल, संबलपुर, संबलपुर सिटी, तालचेर, तालचेर रोड और टिटिलागढ़ शामिल हैं।

पहले चरण में कुछ प्रमुख स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है। वर्तमान में, पूर्व तट रेलवे/ओड़िशा के 25 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है। ये स्टेशन हैं : शाक्षीगोपाल - 34.8 करोड़, मंचेश्वर - 26.9 करोड़, ढेंकानाल - 26.1 करोड़, छत्रपुर - 25.6 करोड़, अंगुल - 25.4 करोड़, मेरामंडली - 22.0 करोड़, बालूगांव - 21.4 करोड़, लिंगराज स्टेशन रोड - 19.5 करोड़, तालचेर रोड - 18.9 करोड़, खुर्दा रोड - 18.0 करोड़, कंटाबांजी - 26.3 करोड़, बरगड रोड - 21.9 करोड़, हीराकुड - 20.8 करोड़, रेढाखोल - 20.8 करोड़, बरपाली - 19.9 करोड़, मुनिगुड़ा - 19.0 करोड़, बलांगीर - 18.4 करोड़, हरिशंकर रोड - 16.6 करोड़, भवानीपटना - 15.9 करोड़ , खरियार रोड-13.7 करोड़, दमनयोडी-13.9 करोड़ (पूर्व रेलवे के भीतर) और बडबिल-16.0 करोड़, राजगांगपुर-30.0 करोड़, बारीपदा-17.0 करोड़ और जलेश्वर-23.0 करोड़ (दक्षिण पूर्व रेलवे के भीतर) ओडिशा में कुल 531.8 करोड़ और पलासा -23.9 करोड़ करोड़, विजयनगरम - 35.8 करोड़, दूवाडा - 26.3 करोड़ (कुल) आंध्र प्रदेश में पूर्व तट रेलवे के तहत 86.0 करोड़ और छत्तीसगढ़ में महासमुंद - 15.9 करोड़ (पूर्व तट रेलवे के अधीन में) (पूर्व तट रेलवे के तहत कुल 547.7 करोड़)।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत योजना के तहत 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, जिसमें पूर्व तट रेलवे परिधि के भीतर 25 स्टेशन शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं।

भुवनेश्वर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने कहा कि पूर्व तट रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और कुछ काम हाल ही में पूरे हुए हैं। कुल मिला कर पूर्व तट रेलवे के तहत 25 स्टेशनों के पुनर्विकास पर 547.7 करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का संचालन किया, जबकि इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors :
bathsense ESSESS Flowkem Glocera M-seal ASTRAL Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
9931066883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
50 जार फ्री
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163
9431701163
Perfect service
H.B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

JOHNSON
Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**